शनिवार, 9 अगस्त 2025

मौसम



| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 33 |
| आर्द्रता | 76% |
| सूर्योदय: 5:11 | सूर्यास्त: 18:14 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा



रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, श्रावण शुक्लपक्ष पूर्णिमा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जो आदत नहीं बदल सकता वो जिन्दगी कभी नहीं बदल सकता।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## एसआईआर के लिए बंगाल तैयार नहीं, ममता सरकार ने चुनाव आयोग से मांगा 2 साल का समय



**कोलकाता, समाज्ञा :** बिहार में वोटर लिस्ट के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस बीच, लगातार कयास लगाए जा रहे थे कि पश्चिम बंगाल में भी एसआईआर को लेकर जल्द कदम उठाए जाएंगे। हालांकि, बंगाल में एसआईआर संभव दिखाई नहीं दे रहा है। सूत्रों के अनुसार, बंगाल सरकार ने शुक्रवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। उस पत्र में मुख्य सचिव मनोज पंत ने कहा कि राज्य अभी एसआईआर के लिए तैयार नहीं है और इस तरह से मतदाता सूची का एसआईआर नहीं किया जा सकता। इसके लिए कम से कम दो साल लगेंगे। हाल ही में, राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने चुनाव आयोग को एक पत्र लिखकर कहा था कि बंगाल एसआईआर के लिए तैयार है, लेकिन अब बंगाल सरकार ने उस पत्र को अस्वीकार कर दिया है। मुख्य सचिव ने आनन-फानन में आयोग के सीईओ कार्यालय को एक पत्र भेजकर राज्य की स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी समय नहीं आया है। इसके अलावा, सूत्रों का कहना है कि मुख्य सचिव पंत द्वारा भेजे गए पत्र में नाराजगी भी जताई गई है। उस पत्र में यह सवाल भी उठाया गया है कि सीईओ कार्यालय ने राज्य से परामर्श किए बिना आयोग को पत्र क्यों भेजा?

### ममता सरकार ने 'राज्य के एसआईआर के लिए तैयार' होने के दावे पर सीईओ से मांगा स्पष्टीकरण

राज्य सरकार ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) से जानना चाहा कि क्या सीईओ कार्यालय ने भारत निर्वाचन आयोग को सूचित किया है कि राज्य मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए तैयार है, जैसा कि मीडिया के एक वर्ग में खबर आई है। राज्य की गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती ने सीईओ को पत्र लिखकर कहा कि इस संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य सरकार से कोई परामर्श नहीं लिया गया न ही पूर्व सूचना दी गई। चक्रवर्ती ने पत्र में कहा कि कई समाचार पत्रों और टेलीविजन चैनलों ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार को खबर दी है कि सीईओ कार्यालय ने ईसीआई को सूचित किया है कि पश्चिम बंगाल एसआईआर के लिए तैयार है। पत्र में कहा गया है कि इसलिए आपसे अनुरोध है कि कृपया प्रेस रिपोर्ट की सत्यता की पुष्टि करें ताकि किसी भी गलत सूचना को दूर किया जा सके। गृह सचिव ने पश्चिम बंगाल के सीईओ को लिखे पत्र के साथ समाचार पत्रों की कतरनें भी संलग्न कीं।

### शुल्क का मुद्दा हल होने तक भारत के साथ व्यापार वार्ता की संभावना नहीं : ट्रंप

**वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ शुल्क का मुद्दा हल होने तक उसके साथ व्यापार वार्ता की संभावना से इनकार किया है। ट्रंप से बृहस्पतिवार को ओवल कार्यालय में पूछा गया था कि क्या उन्हें भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा करने के बाद व्यापार वार्ता आगे बढ़ने की उम्मीद है, इस पर उन्होंने कहा, '' तब तक नहीं जबतक यह मुद्दा हल नहीं हो जाता।'' पिछले सप्ताह, ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी, जो सात अगस्त से लागू हो गया।

आज नबन्ना अभियान को लेकर पुलिस की सख़्ती

## आयोजकों ने नहीं किया आवेदन, वैकल्पिक स्थान निर्धारित, कानून तोड़ने पर कार्रवाई



**कोलकाता,समाज्ञा :** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर छात्रा तिलोत्तमा की हत्या की एक वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को नबन्ना अभियान की घोषणा की गई है। इस अभियान का आह्वान तिलोत्तमा के माता-पिता ने किया है, जिसे 'गैर-राजनीतिक' बताया गया है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस विरोध मार्च में शामिल होने की अपील की है।

कोलकाता हाई कोर्ट ने कुछ शर्तों के साथ इस मार्च की अनुमति दी है, लेकिन अब तक आयोजकों की ओर से पुलिस को कोई आधिकारिक आवेदन नहीं दिया गया है। शुक्रवार को भवानी भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

प्रेस वार्ता में एडीजी (कानून व्यवस्था) जावेद शमीम, एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतीम सरकार और पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा उपस्थित थे। एडीजी जावेद शमीम ने स्पष्ट किया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर पुलिस को कोई आपत्ति नहीं है। एडीजी सुप्रतीम सरकार ने कहा कि नबन्ना और उसके आसपास के क्षेत्रों में भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 लागू है, जिसके तहत किसी भी प्रकार के जमावड़े की अनुमति नहीं है।

पुलिस ने नबन्ना के आसपास तीन वैकल्पिक स्थानों की पहचान की है- मंदिरतला बस स्टैंड, बंकिम सेतु के नीचे और हावड़ा मैदान। इन तीनों स्थानों पर कुल मिलाकर अधिकतम 1200 लोग इकट्ठा हो सकते हैं। साथ ही, कोर्ट के निर्देश पर सांतारागाछी बस स्टैंड को एक वैकल्पिक स्थान के रूप में चुना गया है, जहां शांतिपूर्ण मार्च की अनुमति दी गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यदि प्रदर्शनकारी शांति बनाए रखते हैं, तो उन्हें प्रशासन का पूरा सहयोग मिलेगा।

हालांकि, यदि किसी भी सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया या कानून का उल्लंघन किया गया, तो पुलिस को कड़ी कानूनी कार्रवाई करनी पड़ेगी- ऐसा बयान दिया पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने।

उल्लेखनीय है कि आर.जी. कर कांड के विरोध में शुक्रवार की रात 'वेस्ट बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट' ने एक बार फिर 'रात दखल' आंदोलन का आयोजन किया है। इसका आयोजन श्यामबाजार पंचमुखी चौराहे पर किया गया, जिसमें तिलोत्तमा के माता-पिता के शामिल होने की भी संभावना है। शनिवार को प्रस्तावित नबन्ना अभियान में तृणमूल को छोड़कर सभी राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ताओं को भाग लेने का आह्वान किया गया है, हालांकि आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि इस प्रदर्शन में किसी भी राजनीतिक दल का झंडा उपयोग नहीं किया जाएगा।

### संतरागाछी में अस्थायी कंट्रोल रूम स्थापित

हावड़ा के संतरागाछी, फोरशोर रोड के बांसतला मोड़, जी.टी. रोड से सटे हावड़ा मैदान जैसे प्रमुख इलाकों में लोहे के बीम से मजबूत बैरिकेड लगाए गए हैं। इन बैरिकेडों को नट-बोल्ट की मदद से इतनी मजबूती से कस दिया गया है कि कोई भी उन्हें तोड़कर पार न कर सके। इसके अतिरिक्त मल्लिक फाटक, काज़ीपाड़ा, बैताई तला समेत कई अन्य स्थानों पर बांस और लोहे से बने अतिरिक्त बैरिकेड भी लगाए गए हैं। प्रशासन का दावा है कि यह सभी इंतज़ाम किसी भी तरह की अव्यवस्था या हिंसा को रोकने के लिए किए जा रहे हैं। साथ ही, सतरागाछी में एक अस्थायी कंट्रोल रूम भी तैयार किया गया है, जो एक लोहे के कंटेनर में स्थित रहेगा। यही कंटेनर अब पुलिस की विशेष निगरानी यूनिट का केंद्र बनेगा।

## आर.जी. कर कांड की बरसी पर न्याय की मांग, सड़क पर उतरे जूनियर डॉक्टर

- श्यामबाजार तक निकली मशाल रैली
- पीड़िता की मां ने आज नबन्ना अभियान को मजबूत करने का किया आग्रह



**कोलकाता,समाज्ञा :** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की छात्रा अभया की बर्बर हत्या के एक वर्ष पूरे होने पर 'वेस्ट बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट (डब्ल्यूबीजेडीएफ)' की ओर से शुक्रवार रात को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। घटना की पहली बरसी पर 'रात दखल' नामक कार्यक्रम के तहत कॉलेज स्क्वायर से मशाल जुलूस निकाला गया, जो श्यामबाजार तक गया। पूरी रात चलने वाले इस कार्यक्रम में न्याय की मांग को लेकर सैकड़ों छात्र, डॉक्टर और नागरिक समाज के लोग सड़कों पर उतरे। प्रदर्शन में अभया की मां भी शामिल हुईं और उन्होंने आंदोलन को और मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक साल बीत जाने के बाद भी उन्हें पूरी तरह न्याय नहीं मिला है। मशाल जुलूस के दौरान बिना न्याय के एक साल जैसे नारे लगे और कैंडल मार्च का भी आयोजन किया गया। श्यामबाजार में देर रात तक डॉक्टरों और आम नागरिकों की भारी भीड़ देखी गई। इस आंदोलन में अभिनेत्री देबलीना दत्त और आरजे अग्नि समेत कई अन्य सामाजिक हस्तियां भी शामिल हुईं। प्रदर्शन में शामिल अनिकेत महातो ने कहा, हमें बताया जा रहा है कि सजा हो गई है और न्याय मिल गया है, लेकिन हमारा आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक हमारी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं। आंदोलन के एक और प्रमुख नेता आसफाकुल्ला नाइया ने कहा, लोगों ने इस अन्याय को नहीं भूला है और यह आंदोलन चलता रहेगा। हालांकि, इस आंदोलन को लेकर सवाल भी उठने लगे हैं। कई लोगों ने इसे राजनीतिक मंशा से प्रेरित बताया है। यह कहा जा रहा है कि जब अपराधी संजय राय को अदालत द्वारा सजा दी जा चुकी है और सीबीआई ने भी पुलिस की जांच पर मुहर लगाई है, तब इस आंदोलन के पीछे कहीं राजनीतिक उद्देश्य तो नहीं?

## दुनिया भारत को अध्यात्म के लिए महत्व देती है, इसे 'विश्वगुरु' मानती है: भागवत



**नागपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि विश्व भारत को उसके अध्यात्म के लिए महत्व देता है और इस क्षेत्र में देश को 'विश्वगुरु' मानता है, बजाय इसके कि वह इस बात से आश्चर्यचकित हो कि उसकी अर्थव्यवस्था कितनी तेजी से बढ़ रही है। भागवत ने यहां एक मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि सभी के साथ अच्छाई बांटने और दूसरों के लिए जीने की भावना ही भारत को सचमुच महान बनाती है। उन्होंने कहा, ''अगर हम 3000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन भी जाएं तो दुनिया को इससे कोई आश्चर्य नहीं होगा, क्योंकि कई देश हैं जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। अमेरिका अमीर है, चीन अमीर हो गया है और कई अमीर देश हैं। कई चीजें ऐसी हैं जो अन्य देशों ने की हैं और हम भी करेंगे। लेकिन, दुनिया में अध्यात्म और धर्म नहीं है जो हमारे पास है।'' राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख ने कहा कि यद्यपि ''अर्थ'' (धन) भी महत्वपूर्ण है और इसलिए सभी क्षेत्रों में प्रगति की आवश्यकता है, लेकिन भारत को सही मायने में ''विश्वगुरु'' तब माना जाएगा जब देश अध्यात्म और धर्म में आगे बढ़ेगा। भागवत ने कहा, ''अध्यात्म और धर्म में यह वृद्धि तब होगी जब हम न केवल त्योहार मनाएंगे और अपनी पूजा पद्धति से काम करेंगे, बल्कि हमारा जीवन भी भगवान शिव की तरह इतना निर्भय हो जाएगा कि हम अपने गले में सांप भी धारण कर सकें।'' भगवान शिव को दूसरों की भलाई के लिए त्याग करने का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा, ''हमारे पास जो गुण, शक्ति और बुद्धि है उसका उपयोग दूसरों के लाभ के लिए किया जाना चाहिए।''

## उज्ज्वला योजना के तहत 12,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत 12,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस फैसले को मंजूरी दी गई। सरकार के इस फैसले से देश के करीब 10.33 करोड़ परिवारों को लाभ होगा। पीएमयूवाई की शुरुआत मई 2016 में देश भर के गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देने के लिए की गई थी। इस साल एक अगस्त तक देश भर में लगभग 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन दिए जा चुके हैं। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को प्रति वर्ष नौ गैस सिलेंडरों पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की लक्षित सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। इस पर 12,000 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। भारत अपनी रसोई गैस जरूरतों का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है।

### उज्ज्वला सब्सिडी जारी रखना लाभार्थी परिवारों के हित में 'बड़ा फैसला': प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उज्ज्वला योजना गरीब महिलाओं के जीवन में बदलाव लेकर आयी है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस पर सब्सिडी जारी रखने के उनकी सरकार के फैसले से 10 करोड़ से अधिक लाभार्थी परिवारों को लाभ होगा।

## वर्ष 2024 में दो लाख से अधिक भारतीयों ने छोड़ी नागरिकता: सरकार ने लोकसभा को दी जानकारी

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि वर्ष 2024 में दो लाख से अधिक भारतीय नागरिकों ने अपनी नागरिकता त्याग दी। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में सदन को यह जानकारी दी। कांग्रेस सांसद के. सी. वेणुगोपाल ने पूछा था कि पिछले पांच वर्षों में कितने लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ी और अन्य देशों की नागरिकता ली। सिंह ने कहा, ''विदेश मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, भारतीय नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या 2020 में 85,256, वर्ष 2021 में 1,63,370, वर्ष 2022 में 2,25,620, वर्ष 2023 में 2,16,219 और वर्ष 2024 में 2,06,378 रही।'' उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे मामले 2011 में 1,22,819, वर्ष 2012 में 1,20,923, वर्ष 2013 में 1,31,405 और 2014 में 1,29,328 दर्ज किए गए थे। सरकार ने कहा कि नागरिकता छोड़ने या विदेशी नागरिकता लेने के कारण व्यक्तिगत होते हैं और केवल संबंधित व्यक्ति को ही ज्ञात होते हैं।

## शाह ने एसआईआर पर आपत्ति जताने के लिए विपक्ष की आलोचना की, कहा- घुसपैठियों को वोट का अधिकार नहीं



**सीतामढ़ी (बिहार) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर आपत्ति जताने को लेकर विपक्षी दलों की शुक्रवार को आलोचना की और कहा कि घुसपैठियों को ''वोट देने का कोई अधिकार नहीं है।'' शाह ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी राज्य में एसआईआर कवायद पर राजनीति कर रहे हैं। सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, ''घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने चाहिए। उन्हें वोट देने का कोई अधिकार नहीं है। लेकिन बिहार में राजद और कांग्रेस एसआईआर का विरोध कर रहे हैं क्योंकि घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं।'' राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को नयी दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि लोकसभा चुनाव में बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में 1,00,250 मतों की चोरी की गई, जबकि यह सीट भाजपा ने 32,707 मतों के अंतर से जीती। उन्होंने कहा, ''महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र की जांच की, जहां 1,00,250 वोट चोरी किए गए, 11,965 'डुप्लीकेट' मतदाता बनाए गए, 40,009 फर्जी पतों का इस्तेमाल हुआ, 10,452 मतदाताओं को एक ही पते पर पंजीकृत किया गया, 4,132 मतदाता फर्जी फोटो के साथ सूची में जोड़े गए तथा 33,692 नए मतदाता फॉर्म-6 का गलत इस्तेमाल कर जोड़े गए।''

## उच्चतम न्यायालय के खारिज किए गए मुद्दे पर पुराने आरोप दोहरा रहे हैं राहुल गांधी : निर्वाचन आयोग

- राहुल या तो घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करें या माफी मांगें

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर चुनाव अनियमितताओं के उन पुराने आरोपों को दोहराने का आरोप लगाया, जिनका निपटारा उच्चतम न्यायालय द्वारा किया जा चुका है। आयोग ने कांग्रेस नेता से कहा कि वह मतदाता सूची में गलत प्रविष्टियों के अपने दावों पर शपथपत्र दें या माफी मांगें। निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने कम से कम तीन राज्यों में 'वोट चोरी' के गांधी के आरोपों को ''थकी हुई पटकथा'' करार दिया और इसकी तुलना ''पुरानी बोतल में नई शराब'' से की। सूत्रों ने बताया कि यह मुद्दा सबसे पहले 2018 में मध्य प्रदेश कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष कमलनाथ ने उठाया था, जिसका निपटारा शीर्ष अदालत ने कर दिया था।

### मैंने ली है संविधान की शपथ, क्या चुनाव आयोग भाजपा का एजेंट बन चुका है: राहुल

**बेंगलुरु :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग द्वारा उनसे शपथपत्र पर हस्ताक्षर करने या माफी मांगने के लिए कहे जाने के बाद शुक्रवार को उस पर पलटवार किया और कहा कि उन्होंने संसद के भीतर संविधान की शपथ ली है तथा इस संवैधानिक संस्था को बताना चाहिए कि क्या वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एजेंट बन गई है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने बेंगलुरु के 'फ्रीडम पार्क' में आयोजित 'वोट अधिकार रैली' को संबोधित करते हुए यह चेतावनी दी कि ''वोट चोरी'' के लिए जिम्मेदार चुनाव आयोग के अधिकारियों को एक न एक दिन पकड़ा जाएगा क्योंकि यह एक ''आपराधिक कृत्य'' है।

## मोदी ने पुतिन से बात की, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की और दोनों नेताओं ने भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पुतिन ने मोदी को यूक्रेन के साथ अपने देश के संघर्ष के बारे में जानकारी दी और प्रधानमंत्री ने इस मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को दोहराया। दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूसी तेल खरीद को लेकर भारत पर दबाव बढ़ा रहे हैं। ट्रंप ने बुधवार को रूस से तेल खरीद जारी रखने पर भारत से आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए थे। इसके साथ ही भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में लगने वाला शुल्क अब बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क 27 अगस्त से लागू होगा। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन के साथ बहुत अच्छी और विस्तृत बातचीत हुई। मैंने यूक्रेन पर नवीनतम घटनाक्रम से अवगत कराने के लिए उनका धन्यवाद किया। हमने अपने द्विपक्षीय एजेंडे में प्रगति की भी समीक्षा की और भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मैं इस वर्ष के उत्तरार्ध में भारत में राष्ट्रपति पुतिन की मेज़बानी करने के लिए उत्सुक हूं।'' प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन को इस वर्ष के उत्तरार्ध में वार्षिक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का निमंत्रण दिया है। यह 23वां भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन होगा। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री को यूक्रेन से संबंधित नवीनतम घटनाक्रम की जानकारी दी।'' इसने कहा, ''राष्ट्रपति पुतिन को उनके विस्तृत आकलन के लिए धन्यवाद देते हुए प्रधानमंत्री ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत की स्थिति को दोहराया।'' दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय एजेंडे में प्रगति की भी समीक्षा की तथा विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।



## ट्रंप-दबाव के समक्ष मोदी संकल्प की परीक्षा

देश को धीरे-धीरे समझ आने लगा है कि भारतीय कृषि व डेरी क्षेत्र में अमेरिकी उत्पाद खपाने के लिये ही डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ आंतक फैला रहे हैं। यही वजह है कि पहले संयम दिखाने के बाद भारत ने निरंकुश ट्रंप सरकार को चेता दिया है कि भारतीय किसानों व दुग्ध उत्पादकों के हितों की बलि नहीं दी जा सकती। हमारे लिये यह देश की एक बड़ी कृषि व डेरी उद्योग से जुड़ी आबादी के जीवन-यापन का भी प्रश्न है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप द्वारा अतार्किक टैरिफ बढ़ाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। साथ ही उन्होंने देश के किसानों को आश्वस्त किया है कि उनके हितों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। भारत में हरित क्रांति के सूत्रधार,प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी के मौके पर उनका यह बयान और महत्वपूर्ण व प्रासंगिक हो जाता है। कृतज्ञ राष्ट्र स्वीकार करता है कि स्वामीनाथन के हरित क्रांति में योगदान से भारत खाद्यान्न की कमी से उबरकर आज खाद्यान्न अधिशेष वाला राष्ट्र बन गया है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि भारत वाशिंगटन के उन मंसूबों पर पानी फेरने के लिये खड़ा हो गया है, जिनके तहत अमेरिका मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम और इथेनॉल जैसे उत्पादों से कम टैरिफ के साथ भारत के बाजार को पाटना चाहता है। निस्संदेह, भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले तीन प्रमुख क्षेत्रों कृषि, डेरी फार्मिंग और मत्स्य पालन से जुड़े करोड़ों लोगों की अजीविका की रक्षा करने के लिये प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता सराहनीय है। हालांकि, इस दृढ़ संकल्प की परीक्षा ट्रंप शासन द्वारा ली जाएगी। जो भारत द्वारा रूस से सस्ती दरों पर कच्चा तेल खरीदने के मुद्दे को लेकर लगातार दबाव बना रहा है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि भारतीय राजनीति में किसान उत्पादक व उपभोक्ता से इतर बड़ा राजनीतिक घटक भी है। ऐसे में जाहिर है कि प्रधानमंत्री मोदी कृषक समुदाय को किसी भी कीमत पर नाराज नहीं करना चाहेंगे।

इसमें दो राय नहीं कि विगत में भी किसान असंतोष को राजनीतिक हथियार बनाने में विपक्ष ने कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी थी। खासकर केंद्र सरकार ने तीन केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ वर्ष 2020-21 में दिल्ली की सीमाओं पर साल भर चले किसान आंदोलन से कड़वा सबक सीखा है। किसान लंबे समय तक अपनी मांगों को लेकर डटे रहे थे। जिसके बाद अंततः इन विवादास्पद कानूनों को निरस्त कर दिया गया था। इस बीच आंदोलन में किसानों ने अपने अनेक साथियों को खोया था। दरअसल, आंदोलनकारी किसानों की एक मुख्य मांग- विभिन्न कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने की थी। कृषि संगठनों के साथ लंबी चली कई दौर की बातचीत के बावजूद एमएसपी मुद्दे पर गतिरोध कायम है। आज अमेरिकी दबाव का सामना करने के लिये विभिन्न हितधारकों को एकजुट होने की आवश्यकता है। बहरहाल, अमेरिका के खतरनाक मंसूबे अब उजागर होने लगे हैं। वह भारत के बाजार को अपने डेरी उत्पादों के लिये डंपिंग ग्राउंड बनाने पर आमादा है। निस्संदेह, डोनाल्ड ट्रंप के हमले का सामना करने के लिये भारतीय कृषि बाजार को अधिक लचीला और लाभदायक बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। वहीं दूसरी ओर भारतीय किसानों पर बढ़ता भारी कर्ज भी एक चिंताजनक स्थिति है। खासकर देश की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले राज्य पंजाब और हरियाणा में। साथ ही केंद्र सरकार को किसानों की आय बढ़ाने वाले उपायों पर ध्यान देने की सख्त जरूरत है। सही मायनों में भारतीय कृषि में उन आमूल-चूल परिवर्तनों की आवश्यकता है जो न केवल किसान की आय बढ़ाएं बल्कि कृषि उत्पादों को विश्व बाजार की चुनौतियों से मुकाबला करने में भी सक्षम बनायें। एक सौ चालीस करोड़ आबादी वाला देश भारत दुनिया में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश है। इस आबादी की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना भी देश की प्राथमिकता होनी चाहिए। ऐसे में हरित क्रांति के जनक एम.एस. स्वामीनाथन को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम हर हालात में मेहनतकश अन्नदाता को पूरे दिल से समर्थन दें।

# भाई बहन का प्यार लाया राखी का त्यौहार!



डॉ घनश्याम बादल

भारत शायद ऐसा अकेला देश है जिसमें सावन महीने की पूर्णिमा को अपने भाई की कलाई पर राखी या एक धागे मात्र से अपनी रक्षा का एक ऐसा बंधन तैयार कर लेती है जो ता-उम्र भाई बहन के बीच पवित्रता का अटूट रिश्ता बना देता है।

**रक्षाबंधन के मिथक :**

राखी, रखड़ी, रक्षाबंधन या फिर सलून-ोके नाम से जाने जाने वाला यह त्यौहार अपने साथ भाई बहन के प्यार और रक्षावचन का संगम पर्व है। यूं तो इस त्योहार से अनेक मिथक और कहानी जुड़ी हुईं हैं लेकिन श्री कृष्ण एवं द्रौपदी यह एवं यमुना जी सिकंदर और पौरुष के साथ रानी कर्णावती और हुमायूं की कहानी जग जाहिर है और यह सब कहानियां भाई बहन के बीच निस्वार्थ संबंधों को तो बयां करती ही हैं भाई द्वारा बहन की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने की भी संवाहक हैं।

**बदल रहा है ज़माना :**

भले ही भाई बहन का संबंध निस्वार्थ एवं निर्मल हृदय का संबंध हो लेकिन आज के संदर्भ में इसमें बदलाव आए हैं कभी केवल मुख से बहन कहकर बाद में शोषण करना ब्लैकमेलिंग करना तो कभी लव जिहाद की आड़ में विधर्मी बहनों को पत्र भ्रष्ट करना आज आम बात हो गई है इन सबसे हटकर भी अब भौतिकता के युग में बहन और भाई के बीच धर्म के बजाय अर्थ यानि धन अधिक आ गया है।

आधुनिक बहनें अब भाई की कलाई पर एक धागा मात्र बांध कर अपनी रक्षा का वचन नहीं लेती नहीं वरन् उसे महंगी डिजाइनर राखी बांधकर अपनी रक्षा के साथ साथ कीमती तोहफे की मांग भी करती हैं। इस तरह रक्षाबंधन पर अब फैशन और भौतिकतावाद हावी हो रहा है। आज रक्षाबंधन के पर्व भी बाजार और व्यापार असर डाल रहे हैं। बाजार आज डिज़ानर राखियों की मदद से भाई बहन के संबंधों को भी भुना रहा है वहां एक से बढ़कर एक महंगी और डिजानर राखियां मौजूद हैं। अब तो राखी भी 'स्टेट्स' सिंबल बन गयी है। एक ओर अमीर लोग महंगी राखियां खरीदते हैं तो दूसरी ओर सस्ते के चक्कर में चीनी राखियां खरीदी जाती हैं जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक भी हो सकती हैं और परिवार की खुशियों में खलल डाल सकती हैं।

महंगाई की मार से परेशान लोग अब सस्ते चीनी माल को तरजीह दे रहे हैं। अच्छी व सुंदर चीनी राखी महज दस-पंद्रह रुपए में मिल जाती है, तो फिर देसी राखी कोई भला क्यों खरीदेगा। पहले तो

### तीज त्यौहार:

हाथ से बनने वाली राखियों की खूब बिक्री होती थी, लेकिन ग्राहक के बदलते नजरिए की वजह से हाथ से बनी राखियां आज बहुत कम रह गई हैं।

**संस्कृति कम व्यापार ज़्यादा :**

कम लागत में ज्यादा कमाई और कारोबारी प्रतिस्पर्धा के दौर में राखी का कारोबार भी व्यावसायिक हो गया है। विशेषज्ञों की मानें तो चीनी राखियों को तैयार करने में उपयोग किए जाने वाले उत्पादों में प्रयोग होने वाले रसायन त्वचा के साथ दूसरे कई रोगों को आमंत्रण देते हैं। इससे चर्म रोग, दिमागी परेशानी, आंखों की बीमारी और पेट से संबंधित समस्याएं हो सकती हैं। परंतु सब जानते हुए भी बाजार में चीन का जलवा कायम है। चीन से आने वाले उत्पादों में टैडी बीयर, लाइट वाले प्लास्टिक के छोटे खिलौने, रंग-बिरंगे प्लास्टिक और कच्चे धागे, प्लास्टिक के मोती-मूंगा, शीशा और ऐसे ही कई दूसरे उत्पाद शामिल हैं। इन्हें तैयार करने में कई तरह के हानिकारक रसायनों का उपयोग किया जाता है। प्रतिस्पर्धा के कारण रसायनों की गुणवत्ता निम्न स्तर की होती है। कई रंग भी इसके जहर को और ज्यादा बढ़ा देते हैं। इन्हीं का उपयोग राखियों में किया जा रहा है।

**रखें सेहत का ख्याल :**

बच्चों में राखियां बांधने और बंधवाने का ज्यादा शौक होता है। इन रसायनों का बच्चों पर जल्दी प्रभाव पड़ता है और त्वचा के साथ ही खाने-पीने की चीजों के साथ ये बच्चों के पेट तक पहुंच जाते हैं। ये रसायन छोटे बच्चों के लिए जहरीले साबित हो सकते हैं। पहले राखियों में सूत के धागों, कागज, मोटी पॉलिथीन और फोम का उपयोग किया जाता था। इसके बाद विभिन्न तरह की लकड़ी, तुलसी, चंदन और ऐसी ही कई चीजों का चलन बढ़ा, पर आजकल प्लास्टिक का चलन ज्यादा है। इनसे बच्चों में जी मितलाना, उल्टी, दस्त, बुखार या ऐसी ही कोई समस्या दिखाई दे तो तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। लोगों को चाहिए कि राखी की खरीदारी करने से पहले वे यह संतुष्टि कर लें कि वह बच्चों के स्वास्थ्य के लिए घातक साबित न हो।

**कला दिखाएं, राखी बनाएं :**

राखी से सजे बाजारों में हर किसी का मन राखी खरीदने को ललचाता है। लेकिन जरूरी नहीं कि आप राखी बाजार से ही खरीदें। आपकी थोड़ी-सी मेहनत और थोड़ी-सी सृजनात्मकता से आप घर पर ही कई प्रकार की सुंदर राखियाँ बना सकती हैं। ये राखियाँ खूबसूरत तो होंगी ही साथ ही अपने लोगों से आपको खूब प्रशंसा भी मिलेगी।बेहतर हो कि भारतीय परंपरा के अनुसार सादगी की प्रतीक मौली बांध कर राखी मनाएं अथवा अपने हाथों से बनाकर जरी की राखी या मोती चावल की राखी अथवा रेशम की राखी से भी त्यौहार मनाया जा सकता है। यदि बजट अनुमति देता है तो फिर चांदी सोने के ब्रेसलेट ऐसी राखी सिद्ध हो सकते हैं जो लंबे समय तक आपके भाई को न केवल याद रहेंगे अपितु आने वाले समय में और भी कीमती होती चली जाएगी। ऐसी भारतीय परंपरा की राखियों से न केवल हमारी संस्कृति बची रहेगी बल्कि प्यार से व्यापार का भाव भी खत्म हो जाएगा।

इसी तरह भाई भी अपनी बहनों को उपहार के रूप में नकद राशि या ऐसी चीज दे सकते हैं जो उनके काम या इच्छा की हो मगर यह जरूर ध्यान रखें कि न भाई और न ही बहन ऐसी मांग करें कि दूसरे को शर्मिंदगी हो या फिर उनके बजट बिगड़ जाएं अथवा घर में कलह हो जाए।

# अमरकांत की कथा क्रांति : यथार्थवाद और सामाजिक चेतना का साहित्यिक आलोक



डॉ.राम आह्लाद चौधरी
प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

हिन्दी साहित्य में अमरकांत एक ऐसे कथाकार के रूप में उभरते हैं, जिन्होंने प्रेमचंद की यथार्थवादी परंपरा को न केवल एक सतह दी, बल्कि उसे अपनी अनूठी रचनात्मकता और सामाजिक संवेदना के साथ समृद्ध किया। उनकी कहानियाँ और उपन्यास अमर साहित्यिक कृतियाँ हैं। सच यह है कि अमरकांत का रचना संसार सामाजिक परिवर्तन का सबूत है और खासकर उनकी कथाएं मानवीय संवेदनाओं के दस्तावेज हैं। 'अमरकांत की कथा क्रांति' एक ऐसी साहित्यिक घटना है, जिसने हिन्दी कहानी को नई दिशा और गहराई प्रदान की। अमरकांत की सौवीं सालगिरह पर उनके साहित्यिक योगदान, उनकी यथार्थवादी दृष्टि, सामाजिक चेतना, और कथा-शिल्प की क्रांतिकारी विशेषताओं का विश्लेषण करना अत्यंत आवश्यक है, साथ ही उनके साहित्य के समकालीन प्रासंगिकता पर भी विचार करना जरूरी है।

अमरकांत का जन्म 1 जुलाई, 1925 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के भगमलपुर गाँव में हुआ था। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी की, विशेष रूप से 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उनकी उपस्थिति महत्त्वपूर्ण रही। यह सामाजिक और राजनीतिक सक्रियता उनकी रचनाओं में गहरी संवेदना और यथार्थवाद के रूप में प्रकट हुई। प्रेमचंद के बाद हिन्दी साहित्य में यथार्थवाद की धारा को उन्होंने नई ऊर्जा दी। यह भी कहा जाता है कि प्रेमचंद की विरासत को विस्तार देने वाले लेखकों में अमरकांत का स्थान अग्रणी है। यशपाल उन्हें हिन्दी का गोर्की कहते थे, जो उनकी रचनाओं की सामाजिक गहराई और मानवीय संवेदना को रेखांकित करता है।

अमरकांत की कहानियाँ और उपन्यास, जैसे इन्हीं हथियारों से, सुख-दुख, दोपहर का भोजन, और हत्यारे, सामाजिक यथार्थ को न केवल चित्रित करते हैं, बल्कि समाज की विसंगतियों, शोषण, और मानवीयता के क्षरण को भी उजागर करते हैं। उनकी कथाएँ सामान्य जन के दैनिक जीवन, उनकी पीड़ाओं, और उनके सपनों को केंद्र में रखती हैं। यह यथार्थवाद न तो काल्पनिक है और न ही अतिशयोक्तिपूर्ण, बल्कि यह जीवन की सादगी और जटिलता को सहजता से प्रस्तुत करता है।

1950-60 के दशक में हिन्दी साहित्य में नई कहानी आंदोलन ने एक नया मोड़ लाया। इस आंदोलन ने परंपरागत कथ्य और शिल्प को चुनौती दी और आधुनिक जीवन की जटिलताओं को साहित्य में स्थान दिया। अमरकांत, शेखर जोशी, और मार्कण्डेय इस आंदोलन की त्रयी माने जाते हैं। उनकी कहानियाँ न केवल व्यक्तिगत संवेदनाओं को उकेरती हैं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विषमताओं को भी सामने लाती हैं।

अमरकांत की कहानियों में यथार्थवाद एक वैज्ञानिक दृष्टि के साथ प्रकट होता है। उनकी कहानी हत्यारे इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। यह कहानी पूँजीवाद और सामाजिक पाखंड के दुष्परिणामों को उजागर करती है। इसमें दो पात्रों-गोरा और साँवला-के माध्यम से समाज में व्याप्त हिंसा और शोषण को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाया गया है। यह कहानी न केवल सामाजिक यथार्थ को प्रस्तुत करती है, बल्कि पाठक को यह सोचने के लिए विवश करती है कि स्वतंत्रता के बाद का समाज अपने मूल्यों से कितना दूर चला गया है।

अमरकांत की कथाएँ नारेबाजी से मुक्त हैं। वे सामाजिक क्रांति की बात नहीं करतीं, बल्कि सामाजिक चेतना को जगाने का कार्य करती हैं। उनकी कहानियों में पात्र न तो अतिमानवीय हैं और न ही असाधारण, बल्कि वे आम आदमी के प्रतिनिधि हैं, जो अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में संघर्ष करते हैं। उनकी कहानी दोपहर का भोजन में एक गरीब परिवार के खाने की मेज पर होने वाली छोटी-छोटी बातों के माध्यम से सामाजिक और आर्थिक विषमता को दर्शाया गया है।

**सामाजिक चेतना और आम आदमी का यथार्थ :**

अमरकांत का साहित्य आम आदमी के जीवन का दस्तावेज है। उनकी कहानियों में मध्यवर्ग और निम्नवर्ग के लोग केंद्र में हैं, जिनके जीवन में भूख, गरीबी, और सामाजिक अन्याय प्रमुख मुद्दे हैं। उनकी रचनाएँ यह दर्शाती हैं कि गरीब और शोषित वर्ग केवल रोटी, कपड़ा, और मकान की तलाश में ही नहीं हैं, बल्कि उनकी चेतना में देश और समाज के प्रति एक गहरी समझ भी है।

उदाहरण के लिए, उनकी कहानी जिंदगी और जोंक में अकर्मण्य सहानुभूति जैसे शब्दों का प्रयोग भीड़ की निष्क्रियता और सामाजिक उदासीनता को दर्शाता है। यह शब्द-युग्म न केवल कहानी के पात्रों की मनोदशा को उजागर करता है, बल्कि समाज की संवेदनहीनता को भी प्रतीकात्मक रूप से प्रस्तुत करता है। अमरकांत की यह क्षमता-सामान्य शब्दों में गहरे सामाजिक सत्य को उकेरना-उनकी कथा क्रांति का मूल आधार है।

अमरकांत की रचनाएँ सामाजिक क्रांति की बात नहीं करतीं, बल्कि समाज में व्याप्त दोहरापन, पाखंड, और अमानवीयता को उजागर करती हैं। उनकी कहानियाँ पाठक को यह सोचने के लिए प्रेरित करती हैं कि समाज में बदलाव की आवश्यकता है, लेकिन यह बदलाव बाहरी क्रांति से अधिक आंतरिक चेतना के जागरण से संभव है।

**कथा-शिल्प और भाषा की सहजता**

अमरकांत की कहानियों का शिल्प उनकी सबसे बड़ी ताकत है। वे जटिल संरचनाओं या कृत्रिम बौद्धिकता से परहेज करते हैं। उनकी भाषा सहज, सरल, और आंचलिक मुहावरों से भरी हुई है, जो उनकी कहानियों में जीवंतता लाती है। उनकी कहानियाँ जीवन को उसी रूप में प्रस्तुत करती हैं, जैसा वह है। बिना किसी अतिशयोक्ति या सौंदर्यीकरण के संलाप प्रस्तुत करने के सिलसिले में अमरकांत का विकल्प खोजना मुश्किल है।

उनके उपन्यासों में स्वतंत्रता संग्राम के बाद के सामाजिक परिवर्तनों और ग्रामीण जीवन की वास्तविकताओं को चित्रित किया गया है। इन उपन्यासों ने उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार (2007) और व्यास सम्मान (2009) दिलाया। उनकी कहानियों में शिल्प की सहजता और भाषा की जीवंतता पाठक को तुरंत कहानी के परिवेश से जोड़ देती है।

अमरकांत की रचनाएँ न केवल साहित्यिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं, बल्कि वे सामाजिक दस्तावेज के रूप में भी प्रासंगिक हैं। उनकी कहानियों में शहरी और ग्रामीण जीवन का यथार्थ चित्रण, मध्यवर्ग की विसंगतियाँ, और सामाजिक शोषण की बारीकियाँ स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होती हैं।

अमरकांत को उनके साहित्यिक योगदान के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। 2009 में उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार से नवाजा गया, जो हिन्दी साहित्य का सर्वोच्च सम्मान है। इसके अलावा, साहित्य अकादमी पुरस्कार, व्यास सम्मान, मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार, और सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार जैसे सम्मान उनके साहित्य की गहराई और प्रभाव को दर्शाते हैं।

ज्ञानपीठ पुरस्कार के अवसर पर आल-ोचक नामवर सिंह ने कहा था कि यह पुरस्कार अमरकांत तक नहीं पहुँचा, बल्कि ज्ञानपीठ स्वयं अमरकांत के पास इलाहाबाद पहुँचा। यह कथन उनकी साहित्यिक साधना और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

वर्तमान में, जब सामाजिक और आर्थिक असमानताएँ और गहरी हो रही हैं, अमरकांत का साहित्य और भी प्रासंगिक हो जाता है। उनकी कहानियाँ हमें यह याद दिलाती हैं कि साहित्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज को आईना दिखाने और चेतना जगाने का माध्यम है। पूँजीवाद, उपभोक्तावाद, और सामाजिक पाखंड के इस दौर में उनकी कहानियाँ हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करती हैं कि हमारा समाज कहाँ जा रहा है।

उनकी कहानी हत्यारे आज के संदर्भ में विशेष रूप से प्रासंगिक है, जहाँ सामाजिक हिंसा और नैतिक पतन दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। यह कहानी हमें यह समझने के लिए प्रेरित करती है कि सामाजिक क्रांति केवल बाहरी बदलावों से नहीं, बल्कि नैतिक और मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना से संभव है।

अमरकांत की कथा क्रांति केवल साहित्यिक शिल्प तक सीमित नहीं है। यह एक ऐसी क्रांति है, जिसने हिन्दी साहित्य को सामाजिक चेतना और यथार्थवाद का एक नया आयाम दिया। उनकी रचनाएँ न केवल साहित्यिक कृतियाँ हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के लिए एक प्रेरणा भी हैं। उनकी कहानियाँ हमें यह सिखाती हैं कि साहित्य का उद्देश्य केवल कहानी कहना नहीं, बल्कि समाज को समझना और बदलना भी है।

अमरकांत का साहित्य हमें यह भी सिखाता है कि साहित्यकार की सबसे बड़ी ताकत उसकी संवेदनशीलता और समाज के प्रति उसकी प्रतिबद्धता में निहित है। उनकी कहानियाँ हमें यह विश्वास दिलाती हैं कि साहित्य के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

अमरकांत की कथा क्रांति हिन्दी साहित्य में एक ऐतिहासिक घटना है। उनकी रचनाएँ यथार्थवाद, सामाजिक चेतना, और मानवीय संवेदना का अनूठा संगम हैं। उन्होंने न केवल प्रेमचंद की परंपरा को आगे बढ़ाया, बल्कि उसे अपनी मौलिक दृष्टि और शिल्प से समृद्ध भी किया। उनकी कहानियाँ आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी अपने समय में थीं। अमरकांत का साहित्य हमें यह सिखाता है कि साहित्य केवल शब्दों का खेल नहीं, बल्कि समाज को बदलने की शक्ति है। उनकी कथा क्रांति हमें यह प्रेरणा देती है कि हमें अपने समाज की विसंगतियों को पहचानना होगा और उनके खिलाफ आवाज उठानी होगी।

## विदेश की खबरें

### चीन ने एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की संभावित यात्रा का स्वागत किया

**बीजिंग :** चीन ने इस महीने के अंत में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के तियानजिन शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संभावित यात्रा का शुक्रवार को स्वागत किया। उसने उम्मीद जताई कि यह आयोजन ''एकजुटता, मैत्री और सार्थक परिणामों का समागम'' होगा। दिल्ली में मामले के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने इस सप्ताह बताया कि सात साल के अंतराल के बाद प्रधानमंत्री मोदी इस महीने के अंत में एससीओ के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा कर सकते हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा, चीन एससीओ के तियानजिन शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करता है। उनसे शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मोदी की चीन यात्रा की खबरों के बारे में पूछा गया था। चीन 31 अगस्त से एक सितंबर तक तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। उन्होंने कहा, ''हमारा मानना है कि सभी पक्षों के सम्मिलित प्रयास से तियानजिन शिखर सम्मेलन एकजुटता, मैत्री और सार्थक परिणामों का एक संगम होगा, तथा एससीओ अधिक एकजुटता, समन्वय, गतिशीलता और उत्पादकता के साथ उच्च गुणवत्ता वाले विकास के एक नए चरण में प्रवेश करेगा।'' गुओ ने कहा कि एससीओ के सभी सदस्य देशों और 10 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों सहित 20 से अधिक देशों के नेता संबंधित कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

### रूस, अमेरिका की शिखर वार्ता से पहले शी और पुतिन ने यूक्रेन युद्ध पर चर्चा की

**बीजिंग :** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने शुक्रवार को रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की। यह बातचीत ऐसे समय हुई है जब कुछ समय बाद ही पुतिन की यूक्रेन युद्ध के भविष्य पर चर्चा के लिये अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ शिखर वार्ता होनी है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि पुतिन के अनुरोध पर आयोजित फोन वार्ता के दौरान रूसी नेता ने यूक्रेनी संकट की वर्तमान स्थिति और रूस तथा अमेरिका के बीच हाल के संपर्कों व संचार पर मास्को के विचारों से अवगत कराया।

### ट्रंप के 'टैरिफ वार' ने वर्षों की अमेरिका-भारत साझेदारी को जोखिम में डाल दिया : अमेरिकी सांसद

**न्यूयॉर्क :** अमेरिकी संसद के एक सदस्य ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'टैरिफ वार' ने अमेरिका-भारत साझेदारी को मजबूत बनाने के लिए वर्षों से सावधानीपूर्वक किए गए काम को जोखिम में डाल दिया है। प्रतिनिधि सभा के सदस्य ग्रेगरी मीक्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका के भारत के साथ ''गहरे रणनीतिक और आर्थिक'' तथा दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 9 अगस्त, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण शुक्लपक्ष पूर्णिमा, 13:21 तक, नक्षत्र : श्रावण, 14:12 तक, योग : सौभाग्य, 26:12 तक, सूर्योदयः 5:11, सूर्यास्तः 18:14, चन्द्रोदय : 18:25, चन्द्रास्तः 04:52, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 08:28 से 10:05

## राशिफल

**मेष :** आप कार्यक्षेत्र में दूसरों की मदद करने में ज्यादा समय व्यतीत कर सकते हैं। साथ ही, कुछ ऐसे परिवर्तन भी देखने को मिल सकते हैं, जो आपके पक्ष में होंगे।

**वृष :** आपको कारोबार से जुड़ा कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है, जिससे मन खुश रहेगा। कार्यक्षेत्र में कामकाज अच्छा चलेगा और व्यापार में लाभ कमाने के अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं।

**मिथुन :** कार्यस्थल पर आपको उच्च अधिकारियों के सहयोग से कोई बहुमूल्य वस्तु या संपत्ति प्राप्त हो सकती है। जिससे मन खुश रहेगा और पिता का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा।

**कर्क :** आपके राशि का स्वामी उत्तम स्थिति में है। व्यवसाय के मामले में दिन बहुत शुभ रहने वाला है और आपकी योजनाएं तेजी से आगे बढ़ेंगी। कोई भी फैसला लेने से बचना होगा।

**सिंह :** कारोबार के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है और राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को भी सफलता प्राप्त होगी। शाम को परिवार और प्रियजनों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

**कन्या :** आपको कार्यक्षेत्र में समझदारी से सही फैसले लेने से बड़ा लाभ मिल सकता है। रचनात्मक कार्यों की ओर ज्यादा रुचि बढ़ेगी, जिससे मन को सुकून मिलेगा।

**तुला :** शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में आपको कोई बड़ी उपलब्धि प्राप्त हो सकती है, जिससे मन खुश रहेगा। ज्यादा भागदौड़ के चलते आपकी सेहत पर भी इसका असर पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** आपको कार्यक्षेत्र में लाभ प्राप्त हो सकता है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और धन में वृद्धि होगी। साथ ही, समाज और कार्यस्थल पर आपके मान-सम्मान व कीर्ति में वृद्धि होगी।

**धनु :** घर के जरूरत के सामानों पर कुछ धन खर्च हो सकता है। साथ ही, सांसारिक सुख के साधनों में भी वृद्धि होगी। कार्यस्थल पर किसी अधीनस्थ कर्मचारी के चलते तनाव बढ़ने की संभावना है।

**मकर :** आपको व्यावसायिक क्षेत्र में अपेक्षा के अनुसार लाभ प्राप्त होगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। धन के आगमन से आर्थिक स्थिति भी पहले से मजबूत हो जाएगा।

**कुम्भ :** आपका दिन भागदौड़ भरा रह सकता है और खर्चों में भी वृद्धि होने की संभावना है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय आपको सभी चीजों को अच्छी तरह चेक करना होगा।

**मीन :** व्यापार के मामले में आपको किसी पास या दूर की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। यह लाभदायक हो सकती है। बिजनेस में उन्नति मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

## वर्ग पहेली नं. 3178



**ऊपर से नीचे:-** 1) कुली, 2) चुनौती देना, 3) मृत्युपर्यन्त, 4) हाथी, 5) दिवस, 9) घोंपना, 12) रोगग्रस्त, 14) दिमाग़, 15) भोज, 16) सघन होना, 18) लगातार, 20) अवैध, 22) रुपया-पैसा; क्रय-विक्रय का सामान, 24) दुर्व्यसनी, 26) सुंदरी, 28) नई मूँछ.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

**बायें से दायें:-** 1) निर्बल, 3) भय उत्पन्न करने का सिद्धांत; उग्रवाद, 6) नियंत्रण; बागडोर, 7) वैमनस्य; प्रतिद्वंद्विता; ईर्ष्या, 8) पेशाब, 10) प्रथा, 11) वसंत ऋतु की फ़सल, 13) पति, 16) मूल कारण, 17) हाथी, 18) विष्णु का वराह, 19) राज़ी करना, 21) ज़िम्मेदारी; बेल, 23) कपटरचना; नैट, 25) अल्प मात्रा, 26) सप्ताह, 27) अनाथ, 29) संपन्नता, 30) केवल, 31) स्वीकृत, 32) अल्पाहार.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ली | शा | न | | ब | दौ | ल | त | |
| न | | न | र | ब | लि | | | था | ना |
| न् | | शौ | क | | दा | ख़ि | ल | | दा |
| फा | ट | क | | त | न | | प | त्थ | र |
| न | | त | त्प | र | | डं | क | | |
| न | स | | | ह | र्ज | | ना | लं | दा |
| | ब | रा | म | दा | | बे | | बू | रा |
| बौ | | धे | | र | खा | वा | ली | | सिं |
| ना | ला | य | क | | ड़ा | | क | ल | ह |

*Mob. No.* 08329510310

## सुडोकू-पहेली-3135

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 | 2 | |
| | 3 | 9 | | | 8 | | | |
| 2 | | 8 | | | | | | |
| | | 1 | 3 | | | | | |
| | 8 | | | | | | 5 | 4 |
| | 7 | | | | | | | |
| | | | | | 4 | 9 | | 6 |
| | | | | 9 | 1 | | | |
| | 4 | | 7 | | 2 | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3134 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 2 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 3 |
| 4 | 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 7 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 2 | 5 | 7 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 4 | 3 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 1 | 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 6 |



# राज्य में मतदाता सूची से एक भी नाम हटा तो निर्वाचन आयोग का करेंगे घेराव : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि अगर राज्य में एक भी नाम अंतिम मतदाता सूची से गलत तरीके से हटाया गया तो पार्टी राज्य के एक लाख लोगों के साथ निर्वाचन आयोग का घेराव करेगी। नयी दिल्ली से लौटने के बाद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए डायमंड हार्बर के सांसद ने कहा कि मतदाता सूचियों का प्रस्तावित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) बंगाल में नहीं होने दिया जाएगा। अभिषेक ने कहा कि मेरी पार्टी का रुख साफ है – जिस तरह से भाजपा



बंगाल में एसआईआर लागू करना चाहती है, यानी एक-दो साल की प्रक्रिया को सिर्फ एक-दो महीने में समेटना चाहती है, उसका नतीजा यह होगा कि सबसे पहले गरीब लोग सूची से बाहर हो जाएंगे। बिहार में 65 लाख नाम हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण नहीं होगा। अगर एक भी नाम हटाया गया तो हम एक लाख बंगालियों के साथ निर्वाचन आयोग का घेराव करेंगे। इससे पहले अभिषेक बनर्जी ने कहा कि न तो उनकी पार्टी और न ही 'इंडिया' गठबंधन के किसी घटक दल का संसद में कामकाज बाधित करने का कोई इरादा है, लेकिन मतदाता सूची के एसआईआर पर तुरंत चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कर्नाटक के एक विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में हेराफेरी के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों का समर्थन किया। अभिषेक ने कहा कि राहुल गांधी के दावों की जांच होनी चाहिए। अभिषेक ने कहा कि हम चाहते हैं कि सदन चले, लेकिन एसआईआर पर चर्चा किए बिना नहीं। उच्चतम न्यायालय मतदाता सूची में विसंगतियों की बात करता है, तो फिर 2024 के आम चुनाव पुरानी सूचियों का उपयोग करके कैसे कराए गए? क्या प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री और अन्य कैबिनेट मंत्री त्रुटिपूर्ण जनादेश का उपयोग कर चुनाव जीते? उन्होंने सवाल किया कि दो साल की प्रक्रिया दो महीने में कैसे पूरी हो सकती है? बनर्जी ने चिंता व्यक्त की कि एसआईआर की कवायद का भाजपा के फायदे के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, खासकर उन निर्वाचन क्षेत्रों में जहां पिछले चुनावों में जीत का अंतर बहुत कम था। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनावों में, भाजपा बालुरघाट और बिष्णुपुर जैसी जगहों पर बहुत कम अंतर से जीत गई थी। हम बंगाल में एसआईआर की अनुमति नहीं देंगे। तृणमूल कांग्रेस सांसद ने निर्वाचन आयोग (ईसी) पर भाजपा के साथ मिलीभगत का भी आरोप लगाया और कहा कि पश्चिम बंगाल में जानबूझकर वास्तविक मतदाताओं के नाम हटाने की साजिश रची गई थी। यह पूछे जाने पर कि क्या उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में आम सहमति वाले किसी उम्मीदवार के नाम पर कोई चर्चा हुई है, उन्होंने कहा कि अभी तक ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है। हम उचित समय पर इस मामले पर फैसला करेंगे।

## बंगला भाषा के साथ हो रहा अन्याय, इसे संरक्षित करने की जरूरत : बिमान बनर्जी



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा स्पीकर बिमान बनर्जी ने बंगला भाषा के साथ हो रहे अन्याय पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यदि रवींद्रनाथ टैगोर आज जीवित होते तो बंगला भाषा की उपेक्षा देखकर उन्हें गहरा दुख होता। बिमान बनर्जी ने उल्लेख किया कि रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी 16 बंगला कविताओं के संग्रह गीतांजलि के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था, जिसने विश्व स्तर पर बंगला साहित्य को गौरव प्रदान किया। उन्होंने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद, रामकृष्ण परमहंस जैसे महान व्यक्तित्वों ने पश्चिम बंगाल को वैश्विक पहचान दी। स्वतंत्रता संग्राम में भी पश्चिम बंगाल अन्य राज्यों की तुलना में सबसे आगे रहा। स्पीकर बिमान बनर्जी ने स्वतंत्रता संग्राम में बंगाल के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस, खुदीराम बोस जैसे क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व बलिदान किया। बंगाल की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने की जरूरत है। बिमान बनर्जी ने एसआईआर के मुद्दे पर कहा कि यह बहुत गलत हो रहा है। जो लोग दशकों से पश्चिम बंगाल में रह रहे हैं, उन्हें बार-बार अपनी नागरिकता साबित करने के लिए मजबूर करना अनुचित है। यह एक गलत कदम है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इस मुद्दे पर संसद में अपना विरोध दर्ज कराया है। इस तरह के कदम सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंचा सकते हैं। नवान्न अभियान के मुद्दे पर बोलते हुए स्पीकर बिमान बनर्जी ने इसे विचाराधीन मामला बताया। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा न्यायालय में है और इसका फैसला वहां से आएगा। हमें न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करना चाहिए। अपराजिता बिल के संबंध में उन्होंने स्पष्ट किया कि यह बिल अभी तक उनके पास नहीं पहुंचा है। जब यह मेरे पास आएगा, तब मैं इस पर विचार करूंगा और उचित कदम उठाऊंगा।

## मैं चाहती हूं कि देश 'भाषा के आतंक' के बिना फले-फूले : ममता

### मुख्यमंत्री ने रविंद्रनाथ ठाकुर को दी श्रद्धांजलि

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी प्रवासियों के कथित उत्पीड़न को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर का उल्लेख करते हुए कामना की कि देश भाषा के आतंक के बिना फले-फूले। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि लोग ऐसे भारत को लेकर जागरुक होंगे, जहां रवींद्रनाथ की भाषा, बांग्ला, को सभी नागरिकों का सम्मान, गरिमा और प्यार मिलेगा। ममता बनर्जी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मैं विश्व कवि रवींद्रनाथ टैगोर के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित करती हूं। वे हर पल हमारे हृदय में निवास करते हैं। वे हमारी आत्मा के कवि हैं और मैं आज उन्हें अपने हृदय की गहराइयों



से स्मरण करती हूं। वे हमारे संरक्षक और हमारे पथ प्रदर्शक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह राष्ट्र जागृत हो जहां रवींद्रनाथ की भाषा, बांग्ला, को सभी नागरिकों का सम्मान, गरिमा और प्रेम मिले। वह राष्ट्र फले-फूले, जहां भाषा का कोई आतंक न हो। बनर्जी ने बताया कि राज्य सरकार ने बृहस्पतिवार को टैगोर की स्मृति में झारग्राम जिले में एक कार्यक्रम आयोजित किया था। उन्होंने कहा कि कल झारग्राम में हमारा एक सरकारी कार्यक्रम था। वहां हमें अनेक विद्वानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर मिला। उस अवसर पर हमने विश्व कवि को नमन किया। उस कार्यक्रम से पहले, हमने सोशल मीडिया पर भी सार्वजनिक रूप से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की थी।

❑ **ममता ने पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य को पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को अपने पूर्ववर्ती बुद्धदेव भट्टाचार्य को उनकी पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। ममता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य को उनकी पुण्यतिथि पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि।

## 'सीबीआई निदेशक ने मामला छोड़ देने को कहा', आरजी कर पीड़िता के पिता का गंभीर आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में पिछले वर्ष 9 अगस्त को महिला चिकित्सक से सामूहिक दुष्कर्म और हत्या मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की भूमिका को लेकर पीड़िता के माता-पिता ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका दावा है कि सीबीआई निदेशक ने स्वयं मामले से हाथ खींचने की बात कही है। दिल्ली में केंद्रीय एजेंसी के निदेशक से मिलने के बाद कोलकाता लौटे पीड़िता के पिता ने बताया कि वे दिल्ली गए थे, जहां सीबीआई निदेशक से मुलाकात हुई। उन्होंने कहा कि सीबीआई निदेशक खुद कह रहे हैं कि इस मामले को छोड़ देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने अदालत को यह जानकारी देने की बात कही है, क्योंकि जांच का आदेश अदालत ने ही दिया था। पीड़िता के माता-पिता ने बताया कि दिल्ली यात्रा के दौरान उनकी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात नहीं हो पाई। शाह ने मिलने के लिए जो तारीख दी थी, उतने दिन दिल्ली में रुकना उनके लिए संभव नहीं था।

## बंगाल सरकार चार अधिकारियों के निलंबन आदेश पर सोमवार तक अमल करे : निर्वाचन आयोग

**कोलकाता, समाज्ञा**

भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत को शुक्रवार को दिये एक ताजा नोटिस में कहा कि राज्य सरकार के चार अधिकारियों को निलंबित करने के उसके फैसले को क्रियान्वित कर कार्रवाई की अनुपालन रिपोर्ट 11 अगस्त को दोपहर तीन बजे तक प्रस्तुत की जाए। निर्वाचन आयोग के सचिव सुजीत कुमार मिश्रा द्वारा हस्ताक्षरित यह पत्र मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा सार्वजनिक रूप से यह घोषणा करने के एक दिन बाद जारी किया गया कि वह निलंबन आदेश पर अमल नहीं करेंगी और अधिकारियों को अपना 'पहरेदार' बताते हुए नौकरशाह वर्ग को भरोसा दिलाया। उल्लेखनीय है कि आयोग ने मंगलवार को चार अधिकारियों – दो निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और दो सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) – और पश्चिम बंगाल में एक अस्थायी 'डाटा एंट्री ऑपरेटर' को निलंबित करने के फैसले की घोषणा की थी। इन अधिकारियों पर दक्षिण 24 परगना और पूर्व मेदिनीपुर जिलों के बरुईपुर पूर्व और मोयना विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची तैयार करते समय कथित रूप से अनियमितताएं बरतने का आरोप है। न्यायालय ने मुख्य सचिव को सभी पांच आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया तथा शीर्ष नौकरशाह से जल्द से जल्द कार्रवाई रिपोर्ट मांगी। दंडित किये गये पांच राज्य सरकार के कर्मचारियों में से दो – ईआरओ के रूप में कार्यरत देबोत्तम दत्ता चौधरी और बिप्लब सरकार – डब्ल्यूबीसीएस (कार्यकारी) रैंक के अधिकारी हैं। शुक्रवार को जारी ईसीआई नोटिस में कहा गया है कि आयोग को अब तक प्रत्येक अधिकारी के खिलाफ की गई विशिष्ट कार्रवाई का संकेत देने वाली कोई अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। नोटिस में कहा गया कि आयोग ने निर्देश दिया है कि उपरोक्त अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई तुरंत की जाए और 11 अगस्त, 2025 को दोपहर 3 बजे तक आयोग को अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

## दो योजनाओं में राज्य को बकाया 3000 करोड़ रुपये से अधिक!

❑ **आरटीआई के जवाब में केंद्र सरकार ने दी जानकारी**

**कोलकाता :** राज्य सरकार को केंद्र की दो प्रमुख योजनाओं के तहत बकाया राशि 3,000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा है। यह चौंकाने वाला खुलासा एक आरटीआई (सूचना का अधिकार) के तहत किया गया है। केंद्र सरकार ने स्वीकार किया है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़कों योजना (पीएमजीएसवाई) और मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत पश्चिम बंगाल को अब तक उसकी देय राशि नहीं दी गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र सरकार ने 9 मार्च 2022 के बाद से इन योजनाओं के अंतर्गत राज्य को एक भी पैसा जारी नहीं किया है। इन दो योजनाओं में राज्य को अब तक 3,618.41 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना बाकी है।

नदिया जिले के रानाघाट के घोष कॉलोनी निवासी सिंथल घोष ने आरटीआई दाखिल कर यह सवाल पूछा था कि पीएमजीएसवाई और मनरेगा योजनाओं के तहत केंद्र सरकार द्वारा अब तक पश्चिम बंगाल सरकार को कितना पैसा दिया गया है और कितना बकाया है।

इस सवाल के जवाब में, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के मनरेगा विभाग के सीपीआईओ और सहायक निदेशक मनोज कुमार मीणा ने जानकारी दी कि राज्य सरकार द्वारा केंद्र के दिशा-निर्देशों का पालन न करने के कारण यह राशि रोकी गई है।

**विस्तृत आंकड़े इस प्रकार हैं:**

❑ एडमिनिस्ट्रेशन हेड में बकाया: 1761.66 लाख

❑ मटेरियल कंपोनेंट में बकाया: 21,4357.11 लाख

❑ वेतन कंपोनेंट में बकाया: 14,5722.37 लाख

इन सभी को मिलाकर कुल बकाया राशि 3,618.41 करोड़ रुपये से अधिक हो जाती है।

राज्य सरकार ने पहले भी कई बार केंद्र पर यह आरोप लगाया है कि राजनीतिक कारणों से फंड रोका गया है, जबकि केंद्र सरकार का कहना है कि नियमों के उल्लंघन के चलते राशि जारी नहीं की जा रही। अब इस आरटीआई जवाब से स्थिति एक बार फिर चर्चा में आ गई है।

## एसएससी भर्ती परीक्षा को लेकर सख्ती! परीक्षार्थियों के लिए नवान्न से कड़े निर्देश

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में आगामी स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) की शिक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। नवमी-दशमी और एकादश-द्वादश स्तर की लिखित परीक्षाएं पूरी तरह से पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित हो- यह सुनिश्चित करने के लिए नवान्न ने सभी जिलाधिकारियों को विशेष निर्देशिका भेजी है। इन परीक्षाएं 7 और 14 सितंबर को राज्य भर में आयोजित की जाएंगी। कुल मिलाकर लगभग 5 लाख 80 हजार परीक्षार्थी इन दो महत्वपूर्ण परीक्षाओं में भाग लेंगे। इतनी बड़ी संख्या को देखते हुए प्रशासन ने कई अहम फैसले लिए हैं। प्रत्येक जिले में एक अतिरिक्त जिलाधिकारी स्तर के अधिकारी परीक्षा की निगरानी की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके अलावा हर परीक्षा केंद्र में डिप्टी मजिस्ट्रेट रैंक के सरकारी अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जिनके जिम्मे निगरानी की पूरी व्यवस्था रहेगी। सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य किया गया है, जिससे पूरी परीक्षा की रिकॉर्डिंग रखी जा सके। हर केंद्र पर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में शारीरिक तलाशी (फ्रिस्किंग) की जाएगी। किस केंद्र पर किस प्रकार से तलाशी होगी, इसका निर्णय संबंधित जिला पुलिस प्रशासन करेगा। परीक्षार्थियों के लिए मोबाइल फोन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यदि किसी के पास परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन पाया गया तो उसकी परीक्षा तत्काल रद्द कर दी जाएगी। इसके अलावा, घड़ी पहनकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति भी नहीं होगी। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए हर परीक्षा कक्ष में दीवार घड़ी (वॉल क्लॉक) उपलब्ध रहेगी, जिससे वे समय का ध्यान रख सकें। इस सख्त दिशा-निर्देश को राज्य के मुख्य सचिव ने खुद सभी जिलाधिकारियों को भेजा है। उन्होंने साफ कहा है कि इस बार परीक्षा की निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करना ही राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## न्यूटाउन में अब दुकानों और शॉपिंग मॉल्स पर अनिवार्य होगा बंगला में साइनबोर्ड! एनकेडीए ने जताई सख्ती

**कोलकाता :** न्यूटाउन में अब सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों – जैसे दुकान, रेस्टोरेंट, होटल, आईटी ऑफिस, शॉपिंग मॉल आदि – को बांग्ला भाषा में साइनबोर्ड लगाना अनिवार्य होगा। न्यूटाउन कोलकाता डेवलपमेंट अथॉरिटी (एनकेडीए) इस दिशा में सख्त रुख अपनाने जा रहा है।

हालांकि, दूसरी भाषाओं जैसे हिंदी और अंग्रेजी में साइनबोर्ड पर कोई आपत्ति नहीं होगी। लेकिन हर स्थिति में बांग्ला में भी बोर्ड होना अनिवार्य रहेगा।

एनकेडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अब न्यूटाउन में व्यवसाय के लिए नया लाइसेंस लेने या पुराने लाइसेंस के नवीकरण के समय यह नियम लागू रहेगा।

न्यूटाउन में लगातार आवासीय इलाकों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों की संख्या बढ़ रही है – होटल, रेस्तरां, मॉल, शिक्षण संस्थान, कार्यालय, अस्पताल और मनोरंजन केंद्रों की संख्या तेजी से बढ़ी है। अब तक इन संस्थानों द्वारा अपनी सुविधानुसार किसी भी भाषा में साइनबोर्ड लगाए जाते थे। लेकिन अब इसमें बदलाव लाया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, कोलकाता नगर निगम क्षेत्र में यह नियम पहले ही लागू किया जा चुका है, और अब न्यूटाउन प्रशासन भी उसी रास्ते पर चल रहा है। इस संबंध में एनकेडीए जल्द ही एक महत्वपूर्ण बैठक करने वाला है, जिसमें इस निर्णय के क्रियान्वयन की रणनीति तय होगी।

इस फैसले का उद्देश्य न्यूटाउन जैसे आधुनिक शहरी क्षेत्र में बंगला भाषा को प्राथमिकता देना और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करना है।

समाज्ञा
हिन्दी दैनिक
आपकी बात सच के साथ

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं.: एमसी-4-डब्ल्यूजीएनआरपीआर-एसडीएनजीबाईडी-पीकेआर-आर1, दिनांक 07.08.2025; वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ईएनएचएम एवं टी/एस), हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** पाकुड़ सीएंडडब्ल्यू डिपो तथा लोडिंग साइडिंग में अनलोडेबल बैगन की 2 वर्षों के लिए ऑन ट्रेन बॉडी मरम्मत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,49,12,752.64; **जमा की जाने वाली बयाना राशि :** रु. 2,24,600; **संविदा की अवधि :** कार्य शुरू होने की तारीख से 24 महीने। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ऑनलाइन निविदा जमा करने के लिए वेबसाइट का विवरण:** **www.ireps.gov.in**; **बोली बंद होने की तारीख एवं समय:** 29.08.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। (HWH-234/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पश्चिम मध्य रेल**

**मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय–कोटा**

(भंडार आपूर्ति हेतु ई–निविदा सूचना संख्या ई–99255632 खुलने का दिनांक 28.08.2025) वरि मंडल सामग्री प्रबंधक कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय–कोटा भारत के राष्ट्रपति की ओर सं ई खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदा आमंत्रित करते है। कोई भी व्यक्तिगत/डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किये जायेंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिये http://www.ireps.gov.in पर जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं, **निविदा संख्या:** E-99255632, **मद का संक्षिप्त विवरण:** Supply, Installation testing & commission of DG Set, **निविदा मात्रा:** 14 Nos, **खुलने का दिनांक :** 28/08/2025 12:30 Hrs.
(हस्ता)
**वरि मंडल सामग्री प्रबंधक**
**पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा**
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्व रेलवे**

विस्तृत निविदा सं. डब्ल्यूटीसीएओसीआरएसपीआर 012025-26 (खुली निविदा) ई-टेंडरिंग, दिनांक 06.08.2025; मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आरएसपी/पूर्व रेलवे/कोलकाता द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** सीएओ/निर्माण/आरएसपी के अधीन आरओबी, एफओबी, शेडों तथा भवन के निर्माण के लिए यार्ड ईएसपी, जीएडी, विस्तृत डिजाइन एवं आरेख तैयार करना। **अनुमानित मूल्य:** रु. 8,01,19,650.00; **बयाना राशि:** रु. 5,50,600; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0.00; **समापन अवधि:** 36 महीने। **बंद होने की तारीख:** 05.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोलियां उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (CON-32/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/565, दिनांक 06.08.2025; सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं. एसडीएसटीई/टेली/टी/08/25-26/सीएपी; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** सियालदह मंडल में ड्युअल बीएपीसी तथा यूएफएसबीआई के लिए मीडिया रिडंडेंसी, डेटालॉगर के जरिए एसएमएस अलर्ट, असफल मीडिया इंडीकेशनों के साथ सहायक उपकरणों का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 7,89,75,943.73; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 5,44,900; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 12 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 21.08.2025; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख:** 04.09.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 04.09.2025 को अपराह्न 2.30 बजे। विस्तृत विवरण : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **पात्रता के तकनीकी मानदंड:** निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। **पात्रता के वित्तीय मानदंड:** निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। **जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज:** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। **समतुल्य प्रकृति का कार्य:** "संकेत अथवा दूरसंचार का कोई भी कार्य जिसमें गड्ढे की खुदाई, संकेत अथवा दूरसंचार केबलों को बिछाना और जांच का कार्य शामिल हो"। **टिप्पणी:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए। (SDAH-156/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Name Change**

I, Hirawati Devi, wife of Bansh Narayan Rai, residing at 3/2, Rajballav Saha Lane, Howrah-711101, permanent resident is Anharipur, Zamania, Ghazipur, Uttar Pradesh-232336, do hereby solemnly affirm and declare that Hirawati Devi and Hirauta Devi is the same and one identical person via affidavit in the Court of Ld Executive Magistrate 1st Class at Howrah dated 4th August 2025.

**Name Change**

I Maydul Ali S/o Yakub Sk R/o Airmary, Krishnapur Dinurpara, Murshidabad, West Bangal - 742148, have changed my name to Md Alauddin.

**नाम परिवर्तन**

मैं (पुराना नाम) अस्मान अली पिता- अब्दुर रफिक, विल - बबला, पोस्ट- बबला, पीएस- सालार, जिला- मुर्शिदाबाद, पिन- 742402, पश्चिम बंगाल में रहता हूं। क्या आप यह घोषणा करते हैं कि मैंने अपना नाम अस्मान अली से बदलकर अस्मार अली (नया नाम) कर दिया है और इसलिए मुझे सभी उद्देश्यों में (नया नाम) अस्मार अली के रूप में जाना जाएगा। 05 अगस्त 2025 को बेरहमपुर मुर्शिदाबाद में नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ ली गई एक शपथ पत्र देखें, अस्मार अली और अस्मान अली दोनों एक ही व्यक्ति हैं।

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं. : एसएलएसडीईएलफिल्टरक्लीनओटी25, दिनांक 05.08.2025; वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/लोको, पूर्व रेलवे, सियालदह, कमरा सं. 56, पहली मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम :** 2 वर्षों के लिए सियालदह लोको शेड में 3 फेज डब्ल्यूएपी-7 के ड्राइवर कैब एवं मशीन रूम (डब्ल्यूएपी-7) की सफाई एवं टीएमबी, एमआरबी, आरडी एवं एचएल फिल्टरों की सफाई के साथ संबंधित डिस्मेंटलिंग तथा अन्य कार्य। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 72,83,166.50; **बयाना राशि:** रु. 1,45,700; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 26.08.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख :** 12.08.2025. **निविदा अपलोडिंग की तारीख एवं समय:** 05.08.2025 को पूर्वाह्न 11.43 बजे। **निविदा दस्तावेज की कीमत :** रु. शून्य। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **समापन अवधि :** 24 महीने। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। (SDAH-157/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## हावड़ा मंडल के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए पूर्व में नियंत्रित ट्रेनों की पुनर्बहाली

हावड़ा मंडल के तहत बर्द्धमान-खाना शाखा के खाना स्टेशन पर दिनांक 02.09.2025 से 05.09.2025 तक 04 दिनों के लिए प्री नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य और दिनांक 06.09.2025 से 08.09.2025 तक 03 दिनों के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण, ट्रेनों के नियंत्रण से संबंधित पूर्व अधिसूचना के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि उक्त कार्य को अगली सूचना नहीं दिए जाने तक **स्थगित** कर दिया गया है। इसी अनुसार, जिन ट्रेनों को पहले निरस्त/मार्ग परिवर्तित/संक्षिप्त यात्रा समाप्त और संक्षिप्त यात्रा शुरू/पुनर्निर्धारित/नियंत्रित के रूप में सूचित किया गया था, उन्हें **पुनर्बहाल** कर दिया गया है और निर्धारित सूची के अनुसार चलेंगी। **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## कुछ ट्रेनों की विभिन्न स्टेशनों पर संशोधित समयसूची

निम्नलिखित ट्रेनों की समयसूची उनके वर्णित स्टेशनों पर निम्नानुसार संशोधित की जाएगी:

| क्रम सं. | ट्रेन नं. एवं नाम | स्टेशन | आ. | प्र. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 15961 हावड़ा-डिब्रूगढ़ कामरूप एक्सप्रेस (रंगापाड़ा नॉर्थ होकर) (यात्रा शुरू होने की तिथि 06.10.2025 से प्रभावी) और 15959 हावड़ा-डिब्रूगढ़ कामरूप एक्सप्रेस (गुवाहाटी होकर) (यात्रा शुरू होने की तिथि 07.10.2025 से प्रभावी) | जलपाईगुड़ी रोड | 06.03 | 06.05 |
| | | न्यू मैनागुड़ी | 06.18 | 06.20 |
| | | धुपगुड़ी | 06.38 | 06.40 |
| | | फालाकाटा | 07.10 | 07.12 |
| | | न्यू कूचबिहार | 07.55 | 08.00 |
| | | न्यू अलीपुरद्वार | 08.15 | 08.20 |
| | | कामाख्यागुड़ी | 08.38 | 08.40 |
| | | फकीराग्राम जं. | 09.13 | 09.15 |
| | | कोकराझार | 09.28 | 09.30 |
| 2. | 13175 सियालदह-सिलचर कंचनजंघा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की तिथि 06.10.2025 से प्रभावी) और 13173 सियालदह-सबरूम कंचनजंघा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की तिथि 07.10.2025 से प्रभावी) | जलपाईगुड़ी रोड | 18.38 | 18.40 |
| | | न्यू मैनागुड़ी | 18.53 | 18.55 |
| | | धुपगुड़ी | 19.13 | 19.15 |
| | | फालाकाटा | 19.35 | 19.37 |
| | | न्यू कूचबिहार | 20.10 | 20.15 |
| | | न्यू अलीपुरद्वार | 20.35 | 20.40 |
| | | कामाख्यागुड़ी | 20.58 | 21.00 |
| | | गोसाईगाँव हाट | 21.20 | 21.22 |
| | | फकीराग्राम जं. | 21.38 | 21.40 |
| | | कोकराझार | 21.50 | 21.52 |
| 3. | 12377 सियालदह-न्यू अलीपुरद्वार पदातिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की तिथि 06.10.2025 से प्रभावी) | जलपाईगुड़ी रोड | 09.48 | 09.50 |
| | | न्यू चांगराबान्धा | 10.20 | 10.22 |
| | | माथाभंगा | 10.48 | 10.50 |
| | | न्यू कूचबिहार | 11.18 | 11.20 |
| 4. | 15960 डिब्रूगढ़-हावड़ा कामरूप एक्सप्रेस (गुवाहाटी होकर) (यात्रा शुरू होने की तिथि 06.10.2025 से प्रभावी) और 15962 डिब्रूगढ़-हावड़ा कामरूप एक्सप्रेस (रंगापाड़ा नार्थ होकर) (यात्रा शुरू होने की तिथि 06.10.2025 से प्रभावी) | जलपाईगुड़ी रोड | 16.10 | 16.12 |
| | | न्यू मैनागुड़ी | 15.53 | 15.55 |
| | | धुपगुड़ी | 15.33 | 15.38 |
| | | फालाकाटा | 15.08 | 15.10 |
| | | न्यू कूचबिहार | 14.30 | 14.35 |
| | | न्यू अलीपुरद्वार | 14.08 | 14.13 |
| | | कामाख्यागुड़ी | 13.47 | 13.49 |
| | | फकीराग्राम जं. | 13.10 | 13.12 |
| | | कोकराझार | 12.58 | 13.00 |
| 5. | 12516 सिलचर-कोयम्बटूर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की तिथि 07.10.2025 से प्रभावी) | धुपगुड़ी | 12.13 | 12.15 |
| | | न्यू कूचबिहार | 11.15 | 11.20 |
| | | न्यू अलीपुरद्वार | 10.53 | 10.55 |
| | | कोकराझार | 10.10 | 10.12 |
| 6. | 15926 डिब्रूगढ़-देवघर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की तिथि 07.10.2025 से प्रभावी) | जलपाईगुड़ी रोड | 16.28 | 16.30 |
| | | न्यू कूचबिहार | 14.55 | 15.00 |
| | | न्यू अलीपुरद्वार | 14.30 | 14.32 |
| | | कोकराझार | 13.30 | 13.32 |
| 7. | 13148 बामनहाट-सियालदह उत्तरबंग एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की तिथि 06.10.2025 से प्रभावी) | जलपाईगुड़ी रोड | 16.33 | 16.35 |
| | | न्यू मैनागुड़ी | 16.18 | 16.20 |
| | | धुपगुड़ी | 15.58 | 16.00 |
| | | फालाकाटा | 15.28 | 15.30 |
| | | न्यू कूचबिहार | 14.50 | 14.55 |
| | | दिनहाटा | 14.15 | 14.17 |

**टिप्पणी:** अन्य सभी स्टेशनों पर इन ट्रेनों की समयसूची अपरिवर्तित रहेगी।
**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## आसनसोल मंडल के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

आसनसोल मंडल में अण्डाल अप यार्ड पर, **प्री-नॉन इंटरलॉकिंग (दिनांक 18.08.2025 से 19.08.2025 = 2 दिन)** और **नॉन इंटरलॉकिंग (दिनांक 20.08.2025 से 24.08.2025 = 5 दिन) कार्य** के कारण, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा:- ● **रद्द [दिनांक 24.08.2025 (रविवार)]:** (1) 63513 बर्द्धमान - आसनसोल एमईएमयू, (2) 63518 आसनसोल - बर्द्धमान एमईएमयू, (3) 63515 बर्द्धमान - आसनसोल एमईएमयू, (4) 63522 आसनसोल - बर्द्धमान एमईएमयू, (5) 63549 बर्द्धमान - आसनसोल एमईएमयू, (6) 63550 अण्डाल - बर्द्धमान एमईएमयू, (7) 63516 आसनसोल - बर्द्धमान एमईएमयू, (8) 63517 बर्द्धमान - आसनसोल एमईएमयू, (9) 63552 आसनसोल - अण्डाल एमईएमयू और (10) 13179 सियालदह - सिउड़ी एमईएमयू एक्सप्रेस। ● **रद्द [दिनांक 25.08.2025 (सोमवार)]:** 13180 सिउड़ी - सियालदह एमईएमयू एक्सप्रेस। ● **मार्ग परिवर्तन [दिनांक 24.08.2025 (रविवार)]:** (1)13029 हावड़ा - मोकामा एक्सप्रेस खाना - अण्डाल - आसनसोल - किऊल के बदले **खाना - रामपुरहाट - किऊल** होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। (2) 13030 मोकामा-हावड़ा एक्सप्रेस किऊल-आसनसोल-अण्डाल-खाना के बदले **किऊल-रामपुरहाट-खाना** होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। (3) 13045 हावड़ा - देवघर मयूराक्षी एक्सप्रेस खाना - अण्डाल - सांइथिया के बदले **खाना - झापटेर ढाल - सांइथिया** होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। (4) 12551 एसएमवीटी बेंगलुरु - कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस हिजली - आद्रा - अण्डाल - दुर्गापुर के बदले **खड़गपुर - भट्टनगर - बर्द्धमान - सांइथिया** होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। (5) 13021 हावड़ा - रक्सौल मिथिला एक्सप्रेस बर्द्धमान-अण्डाल-आसनसोल के बदले **खाना-रामपुरहाट-किऊल** होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। (6) 13185 सियालदह - जयनगर गंगा सागर एक्सप्रेस बर्द्धमान-अण्डाल-आसनसोल के बदले **खाना-रामपुरहाट-किऊल** होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। (7) 13105 सियालदह-बलिया एक्सप्रेस बर्द्धमान-अण्डाल-आसनसोल के बदले **खाना-रामपुरहाट-किऊल** होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। (8) 13106 बलिया-सियालदह एक्सप्रेस आसनसोल-अण्डाल-बर्द्धमान के बदले **किऊल-रामपुरहाट-खाना** होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। (9) 02024 पटना-हावड़ा स्पेशल एक्सप्रेस जसीडीह-आसनसोल-अण्डाल-खाना के बदले **जसीडीह-दुमका-रामपुरहाट-खाना** होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू [दिनांक 24.08.2025 (रविवार)]:** (1) 22321/22322 **हावड़ा - सिउड़ी - हावड़ा हूल एक्सप्रेस** दुर्गापुर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त/दुर्गापुर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी एवं दोनों दिशाओं में दुर्गापुर और सिउड़ी के बीच सेवा रद्द रहेगी। (2) 63510 **झाझा - बर्द्धमान एमईएमयू** आसनसोल में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी एवं आसनसोल और बर्द्धमान के बीच सेवा रद्द रहेगी। (3) 63519 **बर्द्धमान - बोकारो स्टील सिटी एमईएमयू** आसनसोल से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी एवं बर्द्धमान और आसनसोल के बीच सेवा रद्द रहेगी। (4) 13504 **हटिया - बर्द्धमान एमईएमयू एक्सप्रेस** आसनसोल में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी एवं आसनसोल और बर्द्धमान के बीच सेवा रद्द रहेगी। ● **संक्षिप्त यात्रा शुरू [दिनांक 25.08.2025 (सोमवार)]:**13503 **बर्द्धमान - हटिया एमईएमयू एक्सप्रेस** आसनसोल से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी एवं बर्द्धमान और आसनसोल के बीच सेवा रद्द रहेगी। ● **पुनर्निर्धारण [दिनांक 24.08.2025 (रविवार)]:** (1) 12326 **नंगल डैम - कोलकाता गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस** 4 घंटे 15 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (2) 13152 **जम्मू तवी - कोलकाता एक्सप्रेस** 4 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (3) 12988 **अजमेर - सियालदह सुपरफास्ट एक्सप्रेस** 3 घंटे 45 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (4) 22348 **पटना - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस** 3 घंटे 15 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (5) 12304 **नई दिल्ली - हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस** 2 घंटे 40 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (6) 12354 **लाल कुआँ - हावड़ा साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस** 1 घंटा 10 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (7) 13151 **कोलकाता - जम्मू तवी एक्सप्रेस** 1 घंटा 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (8) 12369 **हावड़ा - देहरादून कुंभ एक्सप्रेस** 45 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (9) 11447 **जबलपुर - हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस** 1 घंटा 10 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी और (10) 22347 **हावड़ा - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस** 3 घंटे 15 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, आसनसोल**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# चावल उत्पादन में पश्चिम बंगाल देश में तीसरे स्थान पर

## पश्चिम बंगाल में चावल उत्पादन में गिरावट, केंद्र ने बताए कारण और उठाए कई कदम



**नई दिल्ली/कोलकाता :** राज्यसभा में सांसद शामिक भट्टाचार्य द्वारा पश्चिम बंगाल में चावल उत्पादन की स्थिति को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में केंद्र सरकार ने बताया है कि राज्य में चावल उत्पादन में वृद्धि होने के बावजूद वह अब देश का सबसे बड़ा चावल उत्पादक राज्य नहीं रहा। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2022-23 में राज्य में चावल उत्पादन 154.84 लाख टन था, जो 2024-25 में बढ़कर 164.91 लाख टन हो गया है। हालांकि, इसी अवधि में उत्तर प्रदेश और तेलंगाना जैसे राज्यों में चावल उत्पादन में कहीं अधिक तेज़ी से वृद्धि दर्ज की गई, जिससे पश्चिम बंगाल अब चावल उत्पादन में देशभर में तीसरे स्थान पर खिसक गया है। मंत्रालय ने जानकारी दी कि चावल की खेती में आ रही चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने प्रयास शुरू किए हैं। चावल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और किसानों को प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक बुवाई मौसम (खरीफ और रबी) से पहले ज़ोनल बीज समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं। पश्चिम बंगाल में गत दो वर्षों और चालू खरीफ 2025 सीजन में आवश्यकता से अधिक प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए गए हैं।

सरकार ने अनुसंधान और आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रसार के लिए भी ठोस कदम उठाए हैं। आईसीएआर के केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक के सहयोग से पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में उन्नत और जलवायु अनुकूल चावल की किस्में वितरित की गई हैं। कूचबिहार में लगभग 700 किसानों को 10 टन बीज, बर्दवान और हुगली में लगभग 150 किसानों को सीआर धान 312 और सीआर धान 801 जैसी किस्मों के बीज और बांकुड़ा व पुरुलिया में एक हजार किसानों को सीआर धान 807 और सीआर धान 804 जैसे बीज प्रदान किए गए हैं। राज्य में स्थानीय बीज श्रृंखला को सशक्त बनाने के लिए ब्रीडर बीज भी वितरित किए गए हैं। मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए रासायनिक उर्वरकों के साथ-साथ जैविक खाद जैसे गोबर खाद, कम्पोस्ट और वर्मी कम्पोस्ट के समन्वित उपयोग को बढ़ावा दिया गया है। किसानों को उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने नीम लेपित यूरिया की अधिकतम खुदरा कीमत 266 प्रति 45 किलोग्राम बैग तय की है।

इसके साथ ही, सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और पोषण मिशन को भी सक्रिय रूप से लागू किया है, जो वर्तमान में 28 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहा है। इन सभी प्रयासों के बावजूद पश्चिम बंगाल का चावल उत्पादन अन्य राज्यों की तुलना में अपेक्षाकृत धीमा रहा है।

# मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण, सुचारू एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए नियमित प्रक्रिया : राज्यपाल



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस ने शुक्रवार को कहा कि निर्वाचन आयोग की पहल एक 'नियमित' प्रक्रिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि देश में लोग सुचारू और निष्पक्ष रूप से मतदान कर सकें। बोस ने राजभवन में संवाददाताओं से कहा कि मैं इसे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग की नियमित गतिविधियों में से एक मानता हूं। उनकी टिप्पणी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के रुख के बिल्कुल विपरीत है, जो एसआईआर प्रक्रिया का कड़ा विरोध कर रही है। बोस ने कहा कि इस मामले पर मतभेद हो सकते हैं। लेकिन मेरा मानना है कि आम सहमति जरूरी है। यह सुनिश्चित करना निर्वाचन आयोग का कर्तव्य है कि लोग सही तरीके से मतदान कर सकें।

### शिक्षक भर्ती घोटाले में राज्यपाल ने मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के खिलाफ अभियोजन की दी मंजूरी

राज्यपाल डॉ. सी वी आनंद बोस ने स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में राज्य के सुधार सेवाएं मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के खिलाफ अभियोजन की शुरुआत को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राजभवन के अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल ने उनके समक्ष रखे गए दस्तावेज के आधार पर प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले से संबंधित ईडी के एक मामले में धन शोधन के अपराध के लिए राज्य मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी दे दी है। बता दें कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने बोलपुर से तृणमूल कांग्रेस विधायक के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। केंद्रीय एजेंसी को सिन्हा के दो बैंक खातों में 1.5 करोड़ रुपये मिले हैं और मंत्री इन खातों के बारे में विस्तृत जानकारी देने में विफल रहे।

### एचआरडी एंटवर्प अब कोलकाता में डायमंड और ज्वैलरी सर्टिफिकेशन सेवाओं के साथ

**कोलकाता :** हीरे और ज्वैलरी की ग्रेडिंग, शिक्षा और उपकरणों के मामले में यूरोप की अग्रणी संस्था, एचआरडी एंटवर्प ने कोलकाता में अपना नया कार्यालय खोलने की घोषणा की है। यह महत्वपूर्ण विस्तार भारत में एचआरडी एंटवर्प की पहुंच को और मजबूत करेगा। इससे पूर्वी भारत के निर्माताओं, खुदरा विक्रेताओं और उपभोक्ताओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वसनीय हीरे और ज्वैलरी सर्टिफिकेशन सेवाएं मिल सकेंगी। उद्घाटन समारोह में कलकत्ता जेम्स एंड ज्वैलरी एसोसिएशन के अध्यक्ष, अशोक बेंगानी; एचआरडी एंटवर्प के ग्लोबल मार्केटिंग, सेल्स एंड एजुकेशन डायरेक्टर, टॉम नीस; और एचआरडी एंटवर्प इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, रमाकांत मितकर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में प्रमुख जौहरी, निर्यातक और क्षेत्रीय व्यापार संघों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# दुर्गापुर में ट्रक के धक्के से युवक की मौत, शव रखकर स्थानीय लोगों ने किया प्रदर्शन

## पुलिस वाहन में तोड़फोड़, आईसी जख्मी, आंसू गैस दागे गए




**दुर्गापुर :** पश्चिम बर्दवान जिले के कांकसा थाना अंतर्गत सिलामपुर में शुक्रवार को बालू लदे ट्रक की चपेट में आने से एक साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कृष्ण बाउरी (24) के रूप में की गई है। पता चला है कि इस दिन, सुबह में वह घर से बाजार के लिए निकला था। इस घटना के बाद इलाके में भारी तनाव फैल गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिलामपुर की सड़क की हालत बेहद खराब है। इसी सड़क से बड़ी संख्या में बालू लदे ट्रक गुजरते हैं। खराब सड़क से ही आज कृष्ण बाउरी साइकिल से बाजार जा रहे थे। उसी समय एक बालू का ट्रक आ रहा था। खराब सड़क के कारण वह साइकिल का संतुलन नहीं बना पाए और ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आ गए। ट्रक के पहिए से कुचलकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस खबर के फैलते ही पूरे इलाके में तनाव फैल गया। जैसे ही पुलिस पहुंची, लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों के एक हिस्से ने पुलिस का पीछा भी किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कृष्ण के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों ने शव को रोककर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनकी मांग थी कि मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। साथ ही, ब्लॉक प्रशासन के अधिकारियों को आकर सड़क की मरम्मत का लिखित आश्वासन देना होगा। इसी बीच, कांकसा थाना के आईसी की गाड़ी में तोड़फोड़ की गई। पुलिस कर्मियों पर ईंटें भी फेंकी गईं, जिसमें कांकसा थाना के आईसी के सिर में चोट आई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर कॉम्बैट फोर्स पहुंची। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। दोपहर 3 बजे के बाद पुलिस स्थिति को काबू में करने में सफल रही। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा।

# कोष जारी करें, 2026 का चुनाव जीतने का सपना देखना बंद करें : सिंचाई मंत्री मानस भुइयां



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के सिंचाई मंत्री मानस रंजन भुइयां ने शुक्रवार को केंद्र सरकार पर बीरभूम जिले में तिलपाड़ा बैराज के जीर्णोद्धार में राज्य सरकार की मदद नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि राज्य सरकार भारी बारिश के बीच जान-माल और बुनियादी ढांचे के संरक्षण के लिए तत्काल मरम्मत का काम कर रही है। भाजपा नेताओं से 2026 में चुनाव जीतने का 'दिवास्वप्न' देखना बंद करने को कहते हुए भुइयां ने राज्य के विपक्षी नेतृत्व से आग्रह किया कि अगर वे वास्तव में राज्य की जरूरतों के प्रति सहानुभूति रखते हैं, तो वे रोके गए केंद्रीय कोष को शीघ्र जारी करने में मदद करके बंगाल के लोगों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करें। भुइयां ने संवाददाताओं से बात करते हुए दावा किया कि केंद्र राज्य को मिलने वाले 1.77 लाख करोड़ रुपये के भुगतान में बाधा डालकर 'ममता बनर्जी की राह में रोड़े अटकाने' और बंगाल की अर्थव्यवस्था को 'अस्थिर' करने की कोशिश कर रहा है। मंत्री ने राज्य के भाजपा सांसदों और विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि जुलूस में जाओ और प्रधानमंत्री और जल शक्ति मंत्री से कहो - बंगाल का पैसा दो, बंगाल का पैसा दो। उन्होंने कहा कि केंद्र के सहयोग के बिना भी हमलोगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। शनिवार से राज्य की सरकारी इंजीनियरिंग कंपनी मैकिन्टॉश बर्न लिमिटेड के जरिए तुरंत मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय जल आयोग के निदेशक शनिवार को पहुंचेंगे, जिनसे परामर्श लिया जाएगा, साथ ही आईआईटी-रुड़की के विशेषज्ञ प्रो. जे अहमद से भी तकनीकी सहयोग जारी रहेगा। सुरक्षा को देखते हुए बैराज पर वाहनों की आवाजाही सिर्फ मोटरसाइकिल और एंबुलेंस तक सीमित कर दी गई है। भुइयां ने स्पष्ट किया कि 21 करोड़ रुपये की लागत वाले इस मरम्मत कार्य का पूरा खर्च राज्य सरकार उठा रही है, क्योंकि केंद्र ने विश्व बैंक समर्थित मॉडल को मंजूरी नहीं दी, जिससे 70 प्रतिशत लागत मिल सकती थी। जून के मध्य से शुरू हुई भारी बारिश के कारण पहले से पूरा हो चुका बड़ा हिस्सा फिर से क्षतिग्रस्त हो गया है। मंत्री ने जनता से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और हर उपलब्ध मशीनरी व इंजीनियरिंग संसाधन का इस्तेमाल किया जा रहा है। भुइयां ने मैथन और पंचेत बांधों का भी जिक्र किया और आरोप लगाया कि वहां से अंधाधुंध पानी छोड़ा जा रहा है, जिसका कारण डीवीसी प्रणाली में लंबे समय से जमा गाद है, जिसने जल भंडारण क्षमता को काफी घटा दिया है। उन्होंने तत्काल ड्रेजिंग (गाद निकासी) की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने घाटाल मास्टर प्लान का भी हवाला देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस परियोजना में लगातार प्रगति की है और फंड भी आवंटित किए हैं, जबकि केंद्र ने इसे सालों पहले छोड़ दिया था, जबकि शुरुआत में मदद का आश्वासन दिया गया था।

### आईआईएम कलकत्ता इनोवेशन पार्क ने गूगल एआई डे फॉर स्टार्टअप्स का किया आयोजन

कोलकाता, समाज्ञा : भारत में बढ़ते एआई-संचालित स्टार्टअप्स की गति को दर्शाते हुए, आईआईएम कलकत्ता इनोवेशन पार्क (आईआईएमसीआईपी) ने गूगल फॉर स्टार्टअप्स के सहयोग से 6 अगस्त 2025 को प्रतिष्ठित आईआईएम कलकत्ता परिसर में गूगल एआई डे फॉर स्टार्टअप्स का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में आईआईएमसीआईपी द्वारा समर्थित क्षेत्र के 75 से ज़्यादा स्टार्टअप्स ने भाग लिया और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के समाधान में जनरेटिव एआई की अपार संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक साथ आए। इस कार्यक्रम में मुख्य व्याख्यान, व्यावहारिक उत्पाद कार्यशालाएँ, निवेशक संपर्क सत्र और जेमिनी 2.5, जेम्मा 3.0, वर्टेक्स एआई और एआई स्टूडियो जैसे अत्याधुनिक उपकरणों पर गहन चर्चा शामिल थी। आईआईएमसीआईपी के सीईओ डॉ. सुभ्रांशु सान्याल ने कहा, आईआईएम कलकत्ता इनोवेशन पार्क में, हमारा मुख्य उद्देश्य ऐसे नवोन्मेषी स्टार्टअप्स को सक्रिय रूप से समर्थन देना है जो सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने और बड़े पैमाने पर आजीविका का सृजन करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाते हैं।

### रहड़ा में हथियारों के साथ आरोपित गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के रहड़ा थाने को शुक्रवार के तड़के बड़ी सफलता हाथ लगी है। डीडी बैरकपुर की विशेष टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर कांड संख्या 219/25, में डायमंड हार्बर पुलिस डिस्ट्रिक्ट के अंतर्गत एक ठिकाने पर छापेमारी की। इस दौरान कांग्षा प्रमाणिक (58) को गिरफ्तार किया गया, जो बिष्णुपुर थाना क्षेत्र के केवड़ाडांगा इलाके का निवासी है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपित के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार व कारतूस बरामद किए। जब्त सामग्रियों में नौ एमएम पिस्तौल, नौ एमएम के चार राउंड कारतूस, एक देशी एक-शॉट छोटा आग्नेयास्त्र और आठ एमएम के चार राउंड कारतूस शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपित के खिलाफ पहले से भी आपराधिक रिकॉर्ड होने की संभावना है, जिसकी जांच की जा रही है। सभी बरामद हथियार व कारतूस को कानूनी औपचारिकताओं का पालन करते हुए जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय में पेश किया जाएगा, जहां पुलिस उसकी रिमांड की मांग करेगी, ताकि इस मामले में अन्य आरोपितों और हथियारों के नेटवर्क का पता लगाया जा सके।




एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी के छात्रों ने एनडीआरएफ के वीरों को बांधी राखी।

# कोलकाता मेट्रो की तीनों लाइनों पर बढ़ेंगी ट्रेन सेवाएं, 11 अगस्त से नया शेड्यूल

**कोलकाता, समाज्ञा**

मेट्रो रेल यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। आगामी 11 अगस्त से कोलकाता मेट्रो की ग्रीन लाइन-1, ग्रीन लाइन-2 और पर्पल लाइन पर ट्रेनों की संख्या और परिचालन समय में इजाफा किया जा रहा है। यात्रियों की बढ़ती मांग और सुविधा को ध्यान में रखते हुए मेट्रो रेलवे प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। ग्रीन लाइन-1 (सियालदह से सॉल्ट लेक सेक्टर पांच) पर अब कुल 108 मेट्रो सेवाएं (54 अप + 54 डाउन) संचालित की जाएंगी, जबकि वर्तमान में यह संख्या 106 है। इस रूट पर सेवा का समय भी बढ़ाकर सुबह 06:35 बजे से रात 10:00 बजे तक कर दिया गया है। अब पहली मेट्रो सियालदह से सुबह 06:35 बजे और सेक्टर पांच से सुबह 06:40 बजे चलेगी। हालांकि, अंतिम मेट्रो के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह सेवा रविवार को बंद रहेगी। ग्रीन लाइन-2 (हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड) पर अब कुल 134 सेवाएं (67 अप + 67 डाउन) उपलब्ध होंगी, जो पहले 130 थीं। सेवा का समय बढ़ाकर सुबह 06:30 बजे से रात 21:53 बजे तक किया गया है। अब पहली मेट्रो दोनों दिशाओं से सुबह 06:30 बजे चलेगी, जबकि अंतिम मेट्रो रात 21:45 बजे रवाना होगी। इस लाइन पर रविवार को सेवाएं सामान्य रूप से जारी रहेंगी।

पर्पल लाइन (जोका से माझेरहाट) पर अब कुल 80 मेट्रो सेवाएं (40 अप + 40 डाउन) चलेंगी, जो पहले 72 थीं। साथ ही सेवा समय भी बढ़ाकर सुबह 06:50 बजे से रात 21:14 बजे तक कर दिया गया है। पहली मेट्रो जोका से सुबह 06:50 बजे और माझेरहाट से सुबह 07:14 बजे रवाना होगी, जबकि अंतिम मेट्रो क्रमशः रात 20:36 बजे और 20:57 बजे चलेगी। इस रूट पर शनिवार और रविवार को कोई सेवा नहीं दी जाएगी। मेट्रो रेलवे प्रशासन का कहना है कि यह बदलाव यात्रियों को बेहतर सेवा अनुभव देने और ट्रैफिक लोड को संभालने के उद्देश्य से किए गए हैं।

### आइस मेक रेफ्रिजरेशन ने पहली तिमाही में दर्ज की 30% आय वृद्धि

**कोलकाता, समाज्ञा :** आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 111.50 करोड़ का राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही 85.23 करोड़ की तुलना में 30% अधिक है। कोल्ड रूम, औद्योगिक और ट्रांसपोर्ट रेफ्रिजरेशन से मजबूत मांग इस वृद्धि का मुख्य कारण रही। हालांकि कंपनी को 1.47 करोड़ का घाटा हुआ, जिसे प्रबंधन ने अस्थायी बताया है। पिछली तिमाही में कंपनी ने 3.64 करोड़ का लाभ अर्जित किया था। लागत वृद्धि, इन्वेंटरी समायोजन और मौसमी प्रभाव को घाटे का कारण माना गया है। निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष25 के लिए 2.25 प्रति शेयर लाभांश स्वीकृत किया है और अधिकृत पूंजी बढ़ाने को मंजूरी दी है। चेयरमैन चंद्रकांत पी. पटेल ने कहा कि कंपनी आगामी तिमाहियों में लाभकारी वृद्धि के लिए रणनीतिक निवेश और विस्तार योजनाओं पर काम कर रही है, विशेषकर कृषि, हेल्थकेयर और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में।

# हावड़ा मंडल का सफाई अभियान तेज, स्टेशनों पर दिखा स्वच्छता का असर




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने चल रहे स्वच्छता अभियान के तहत सफाई और जागरूकता कार्यक्रमों की गति को और तेज कर दिया है। शुक्रवार को हावड़ा, कटवा, रामपुरहाट, वर्दवान, बंडेल, तारकेश्वर, मोगरा, गुमानी और अजीमगंज सहित प्रमुख स्टेशनों पर यह गतिविधियां संचालित की गईं। इस दौरान रेलवे कर्मचारियों, यात्रियों और स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अभियान का उद्देश्य साफ-सुथरा परिवेश बनाए रखना और जिम्मेदारीपूर्वक कचरा निपटान की आदत को बढ़ावा देना रहा। हावड़ा मंडल ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएं और स्वच्छता की आदतों को अपनाकर एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ भारत के निर्माण में सहयोग करें।

# राजारहाट में एक ही परिवार की दो महिलाओं की मौत, एक की हालत नाजुक

## भारी कर्ज और आर्थिक तंगी से परेशान शख्स ने पत्नी और सास के साथ खा ली नींद की गोलियां



**कोलकाता, समाज्ञा :** राजारहाट के नारायणपुर इलाके में गुरुवार की रात एक ही परिवार के दो महिला सदस्यों की मौत और एक के गंभीर रूप से घायल होने की घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया। प्राथमिक जांच में पुलिस को आशंका है कि भारी कर्ज और आर्थिक तंगी से परेशान होकर परिवार ने सामूहिक आत्महत्या की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान महुआ दे (42) और शिप्रा रक्षित (70) के रूप में हुई है। महुआ के पति संजय दे (55) अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के अनुसार, नारायणपुर के देवी पार्क इलाके के निवासी संजय दे अपनी पत्नी और सास के साथ रहते थे। कभी अच्छी आमदनी होने के बावजूद हाल के दिनों में वह गंभीर आर्थिक संकट में घिर गए थे। बताया जा रहा है कि बाजार में उन पर भारी कर्ज था। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि उन्होंने अपनी गाड़ी और घर बेच दिया और परिवार के साथ किराए के मकान में रहने लगे। गुरुवार की सुबह से तीनों को किसी ने नहीं देखा था। रात को पड़ोसियों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर पुलिस को खबर दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा तो देखा कि संजय दे अचेत अवस्था में पड़े हैं, जबकि उनकी पत्नी और सास मृत पड़ी थीं। संजय दे को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। मृत दोनों महिलाओं के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस की शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि तीनों ने संभवत: नींद की गोलियां खाकर आत्महत्या की योजना बनाई थी। हालांकि, दो की मौत हो गई और संजय दे किसी तरह बच गए। अब जांच अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उन पर इतना कर्ज कैसे चढ़ा और किन-किन लोगों से उन्होंने पैसा उधार लिया था। इसके लिए पड़ोसियों और अन्य रिश्तेदारों से पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना हाल ही में हुई टेंगरा कांड की याद दिलाती है।

### हिंदुजा समूह ने आनंद अग्रवाल को समूह अध्यक्ष - वित्त के तौर पर किया नियुक्त

**कोलकाता :** हिंदुजा समूह ने आनंद अग्रवाल को समूह अध्यक्ष - वित्त नियुक्त किया है। लगभग तीन दशक के अनुभव के साथ, अग्रवाल ने कृषि इनपुट, बुनियादी ढाँचा (बिजली), एफएमसीजी, वित्तीय सेवा, सीमेंट, धातु और बैंकिंग भुगतान सेवा सहित कई क्षेत्रों में काम किया है। वह कॉर्पोरेट वित्त, ट्रेजरी, विलय एवं अधिग्रहण, पूंजी रणनीति और निवेशक संबंध के विशेषज्ञ हैं। हिंदुजा समूह के समूह अध्यक्ष- मानव संसाधन, अमित चिंचोलिकर ने इस नियुक्ति पर अपनी टिप्पणी में कहा, समूह के व्यवसायों के रणनीतिक विस्तार के चरण में प्रवेश करने के साथ, मज़बूत वित्तीय नेतृत्व बेहद महत्वपूर्ण है। हमें आशा है कि विकास के अगले चरण में उनका महत्वपूर्ण योगदान होगा। हिंदुजा समूह के समूह अध्यक्ष (वित्त) आनंद अग्रवाल ने कहा: मैं वित्तीय ढांचे को मज़बूत कर और समूह की रणनीतिक पहलों का समर्थन कर हिंदुजा समूह की निरंतर वृद्धि में योगदान देने के लिए तत्पर हूं। मैं वित्तीय दक्षता बढ़ाने, पूंजी निवेश को अनुकूलतम बनाने और समूह की विस्तार योजनाओं का समर्थन पर ध्यान दूंगा।

### भारत के 100 शहरों में 'स्टीलएज महोत्सव' की शुरुआत

**कोलकाता :** गुनेबो ब्रांड पिछले 90 वर्षों से भी अधिक समय से भारत में स्टीलएज और चबसेफ्स जैसे अपने प्रमुख ब्रांड्स के माध्यम से मैन्युफैक्चरिंग कर रहा है। कंपनी 1 अगस्त से 14 अगस्त तक अपना प्रमुख मार्केटिंग कैंपेन 'स्टीलएज महोत्सव' संचालित कर रही है। इस अभियान का उद्देश्य देशभर के ज्वेलर्स को बीआईएस और बीआईएस सर्टिफाइड सेफ्स, सर्टिफाइड स्ट्रॉन्ग रूम डोर्स और सर्टिफाइड वॉल्ट्स के बारे में जागरूक करना है। यह कैंपेन 100 से अधिक शहरों में चलाया जा रहा है, जो फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस इंडस्ट्री में अब तक के सबसे बड़े ऑन-ग्राउंड मार्केटिंग कैंपेन में से एक है। इस अभियान पर अपने विचार साझा करते हुए अनिर्बान मुखुति, हेड मार्केटिंग एंड प्रोडक्ट मैनेजमेंट, एशिया, गुनेबो सेफ स्टोरेज, ने कहा, स्टीलएज महोत्सव एक पैन इंडिया कैंपेन है, जिसका उद्देश्य भारत के ज्वेलर्स समुदाय से जुड़कर उन्हें बीआईएस सर्टिफाइड फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के प्रति जागरूक करना है।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत हावड़ा मंडल में चित्रकला, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और देशभक्ति फिल्म महोत्सव का आयोजन



**कोलकाता :** 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत 'हर घर तिरंगा' अभियान के पहले चरण में पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा एक विशेष कार्यक्रम श्रृंखला का आयोजन किया गया। चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा देशभक्ति फिल्म महोत्सव नामक इस आयोजन को मंडल के सभी रेलवे संस्थानों में मनाया गया, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं, परिवारों और स्थानीय समुदाय ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और भारतीय एकता के प्रति गहरी भावनात्मक जुड़ाव को बढ़ावा देना था। हावड़ा के गुलमोहर, बंडेल, बर्द्धमान, रामपुरहाट और आजिमगंज रेलवे संस्थानों में आयोजित इन आयोजनों में सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने भाग लिया। बच्चों और युवाओं ने अपनी देशभक्ति को रचनात्मक चित्रों, जोश से भरे प्रश्नोत्तरी मुकाबलों और देशभक्ति फिल्मों के माध्यम से व्यक्त किया।

इन गतिविधियों ने विशेष रूप से युवाओं में भावनात्मक जुड़ाव और नागरिक चेतना को प्रोत्साहित किया। देशभक्तों के बलिदानों से प्रेरणा लेते हुए बच्चों और परिवारों ने राष्ट्रीय मूल्यों, एकता और देश सेवा के प्रति सम्मान की भावना को आत्मसात किया।

हावड़ा मंडल देशभक्ति मूल्यों को बढ़ावा देने और 'आजादी का अमृत महोत्सव' जैसे राष्ट्रीय अभियानों में समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल नागरिकों में जागरूकता, जिम्मेदारी और गर्व की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

# राणाघाट में एसी ईएमयू ट्रेन की खासियत दिखाने सियालदह मंडल ने कराया मीडिया टूर






❑ **सोमवार से चलेगी सियालदह-राणाघाट एसी लोकल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल ने शुक्रवार को राणाघाट स्टेशन पर एक विशेष मीडिया टूर का आयोजन किया। जिसमें पत्रकारों को ब्रांड न्यू एसी ईएमयू ट्रेन की आधुनिक और विश्वस्तरीय सुविधाओं का अवलोकन कराया गया। इस मौके पर प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों को नई एसी ईएमयू रेक की उन सुविधाओं की जानकारी दी गई, जो यात्रियों के सफर को सुरक्षित, आरामदायक और तकनीकी रूप से उन्नत बनाएंगी। यह अत्याधुनिक एसी ईएमयू रेक 12 स्टेनलेस स्टील कोचों से युक्त है, जो पूरी तरह वातानुकूलित हैं और यात्रियों को सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान करेंगे। ट्रेन में 1126 यात्रियों के बैठने की क्षमता है और कोचों के बीच एंड-टू-एंड वेस्टिब्यूल की सुविधा उपलब्ध है। पूरी ट्रेन सीसीटीवी निगरानी से लैस है और आपात स्थिति में यात्री चालक या गार्ड से संपर्क के लिए टॉक-बैक स्विच का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा, जीपीएस सक्षम एलईडी डिस्प्ले सिस्टम से यात्रियों को रीयल टाइम सूचना और घोषणाएं प्राप्त होंगी। डबल-सील्ड ग्लास विंडो से बैठकर बाहर का विहंगम दृश्य भी आराम से देखा जा सकता है।

इस सेवा का किराया बेहद किफायती रखा गया है, पूरी दूरी के लिए अधिकतम 120 और न्यूनतम 35 मात्र। ट्रेन अधिकतम 110 किमी/घंटा की रफ्तार से चलेगी और सियालदह से राणाघाट के बीच की दूरी सिर्फ 1 घंटा 40 मिनट में तय करेगी। यह सेवा सीमित स्टॉपेज के साथ गैलोपिंग रूप में चलेगी, जिससे यह एक प्रीमियम उपनगरीय सेवा बन जाएगी। इस आधुनिक एसी ईएमयू लोकल को उपनगरीय सेवाओं में एक गेम चेंजर माना जा रहा है, जो विश्वस्तरीय सुविधाएं सुलभ दरों पर उपलब्ध कराएगा। इस बहुप्रतीक्षित सेवा की उद्घाटन यात्रा 10 अगस्त को सियालदह से चलेगी, जबकि 11 अगस्त से इसका नियमित व्यावसायिक संचालन राणाघाट से प्रारंभ होगा।

# हमें लक्ष्मी भंडार नहीं चाहिए, पहले घर से पानी निकाले सरकार : ग्रामीणों का प्रदर्शन

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा जिले के डोमजूर के बिपन्नपाड़ा इलाके में लगातार बारिश के कारण उत्पन्न जलजमाव के विरोध में स्थानीय निवासियों ने शुक्रवार को सड़क जाम कर उग्र प्रदर्शन किया। हमें लक्ष्मी भंडार नहीं चाहिए, पहले घर से पानी निकाले सरकार–इस नारे के साथ ग्रामीणों ने जमा बारिश के पानी की तत्काल निकासी की मांग की। विरोध प्रदर्शन की अगुवाई गांव की महिलाओं ने की। उन्होंने लकड़ी



के गट्ठर और अन्य सामग्री सड़क पर डालकर रास्ता पूरी तरह से बंद कर दिया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले 15 दिनों से बिपन्नपाड़ा के करीब 200 घर कमर तक पानी में डूबे हुए हैं। जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है। खाल की मरम्मत के लिए राज्य सरकार द्वारा 1.43 करोड़ रुपये की परियोजना स्वीकृत की गई थी, लेकिन कार्य प्रारंभ होने के कुछ समय बाद ही अज्ञात कारणों से रोक दिया गया। इससे स्थिति और गंभीर हो गई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि राज्य सरकार ने हमारा पाड़ा, हमारा समाधान जैसी योजनाएं शुरू की हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई समाधान नहीं दिख रहा है। इस प्रदर्शन के दौरान स्थानीय बेगरी ग्राम पंचायत के प्रधान के घेराव की भी कोशिश की गई।

सूचना मिलते ही डोमजूर थाने से भारी पुलिस बल मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों से बातचीत शुरू की। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक जल निकासी की ठोस व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

# बारिश बनी मुसीबत: मुंशीडांगा सेखपाड़ा स्कूल जलभराव में डूबा, पढ़ाई ठप

**हावड़ा :** बांकरा मुंशीडांगा सेखपाड़ा प्राथमिक विद्यालय में भारी बारिश के चलते स्कूल परिसर और कक्षाओं में घुटनों से लेकर कमर तक पानी जमा हो गया है, जिससे छात्रों की पढ़ाई पूरी तरह से बाधित हो गई है। पिछले 15 दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण स्कूल की हालत बदतर हो चुकी है। अब कक्षाएं स्कूल के पास बने एक अधूरे निर्माणाधीन मकान में संचालित की जा रही हैं, जहां न ब्लैकबोर्ड है, न मेज–कुर्सियां और न ही बैठने की उचित व्यवस्था। छोटे बच्चे तिरपाल बिछाकर जमीन पर बैठते हैं जबकि शिक्षक खड़े होकर पढ़ाते हैं। इसी जगह पर एक तरफ मध्याह्न भोजन भी पकाया जा रहा है, और शौचालयों की व्यवस्था पूरी तरह ठप है।

गौरतलब है कि कभी यह स्कूल 420 छात्रों से गुलजार रहता था, लेकिन अब बच्चों की संख्या घटकर सिर्फ 81 रह गई है। पिछले 10 वर्षों से मॉनसून के दौरान जलभराव की समस्या गंभीर बनी हुई है, परंतु अब हालात और भी खराब हो चुके हैं। अभिभावकों का कहना है कि गंदे पानी से होकर स्कूल आने की वजह से बच्चे बीमार पड़ रहे हैं।

प्रधानाध्यापक पलटू दास ने बताया कि उन्होंने स्थानीय पंचायत, बीडीओ और जिला प्राथमिक शिक्षा विभाग को जलभराव की समस्या के बारे में कई बार लिखित में सूचित किया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वे लगभग दो महीने से इस गंभीर स्थिति का सामना कर रहे हैं। इस बीच, जिला प्राथमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष कृष्णा घोष ने कहा कि निचले इलाकों के कई स्कूलों में जलभराव की समस्या है, लेकिन मुंशीडांगा सेखपाड़ा विद्यालय प्रशासन ने उन्हें इस बारे में औपचारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी थी। उन्हें मीडिया के माध्यम से इस स्थिति की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि वे संबंधित एसआई और स्कूल प्रधानाचार्य से इस बाबत जानकारी लेकर जल्द ही पंपिंग की व्यवस्था करवाएंगे, ताकि पानी निकाला जा सके और स्कूल की सामान्य पढ़ाई फिर से शुरू की जा सके।

## रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों लोगों से ठगी, तृणमूल नेता सहित तीन गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे अंतर्गत कांचरापाड़ा वर्कशॉप में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी के आरोप में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक नेता सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तृणमूल नेता का नाम नेता अशोक दास है। तीनों को उत्तर 24 परगना जिले के कांचरापाड़ा इलाके से गिरफ्तार किया गया, जहां रेलवे का बड़ा वर्कशॉप है। आरोप है कि रेलवे के कई बड़े अधिकारियों से संपर्क होने का दावा कर और उनके नाम का इस्तेमाल कर ये लोग कथित तौर पर रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी कर रहे थे। रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के पास से कई फर्जी रेलवे पहचान पत्र और कुछ जाली दस्तावेज भी बरामद किए हैं। आरपीएफ ने आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए तीनों आरोपितों को स्थानीय बीजपुर थाने को सौंप दिया। पुलिस ने धोखाधड़ी और सरकारी दस्तावेजों की जालसाजी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। इधर, तृणमूल नेता की गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक आरोप–प्रत्यारोप भी तेज हो गया है।

## कोलकाता एयरपोर्ट पर फर्जी पासपोर्ट के साथ बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



❑ **फर्जी भारतीय पासपोर्ट से जर्मनी जाने की थी योजना**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पुलिस ने एक बांग्लादेशी नागरिक को नकली भारतीय पासपोर्ट के साथ गिरफ्तार किया। आरोपित खुद को भारतीय नागरिक बताकर जर्मनी जाने के लिए फ्लाइट पकड़ने की कोशिश कर रहा था। इमिग्रेशन जांच के दौरान उसकी असलियत सामने आई और उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया है। सूत्रों के अनुसार, आरोपित के पास भारत और बांग्लादेश, दोनों देशों के पासपोर्ट मिले, जिन पर अलग–अलग नाम दर्ज थे। बांग्लादेशी पासपोर्ट पर उसका नाम श्रमिक बड़ुआ था, जबकि भारतीय पासपोर्ट पर पराश राय लिखा हुआ था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह नकली भारतीय पासपोर्ट बनवाकर जर्मनी भागने की योजना बना रहा था। सही जवाब न देने पर एयरपोर्ट थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को आज बैरकपुर अदालत में पेश किया जाएगा।



पोस्ता गणेश मंदिर कोठीही में श्री श्री सार्वजनिन दुर्गा पूजा का 35वां वर्ष, शिवकुमार सोनकर के संयोजन में आयोजित भव्य पूजा में पूर्व विधायक संजय बक्शी, स्मीता बक्शी, विनोद जैन, गुंजन सोनकर, सोनू सोनकर उपस्थित रहे।

### लगातार बारिश से आमता विधानसभा के कई इलाके जलमग्न

## क्षेत्र में पहुंचकर ग्रामीणों से मिले विधायक सुकांत पाल

**हावड़ा :** पिछले कुछ दिनों की लगातार बारिश के चलते हावड़ा जिले के आमता विधानसभा क्षेत्र के कई हिस्सों में जलजमाव की स्थिति बन गई है। इस हालात का जायज़ा लेने शुक्रवार को आमता के विधायक सुकांत पाल जलमग्न इलाकों में पहुंचे और पानी में खड़े होकर स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत की।

विधायक ने बताया कि नदी का जलस्तर अत्यधिक बढ़ जाने के कारण जल निकासी संभव नहीं हो पा रही है। उन्होंने एक दिन पहले ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक के बाद शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया ताकि बिजली चालित पंपों की मदद



से जल निकासी की व्यवस्था की जा सके।

सुकांत पाल ने कहा कि सामान्य लोगों का जीवन प्रभावित न हो, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वह लोगों के साथ हैं और जल्द से जल्द समस्या के समाधान के लिए पूरी कोशिश की जा रही है।

ग्रामीणों को राहत पहुंचाने के लिए अब तेजी से जल निकासी की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी है।

## आरजी कर दुष्कर्म मामले के दोषी संजय रॉय जेल में भी मचा रहा उत्पात

**कोलकाता, समाज्ञा :** पिछले वर्ष अगस्त में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हुई सामूहिक दुष्कर्म और हत्या मामले के दोषी सिविक वॉलिंटियर संजय रॉय की जेल में मुश्किलें बढ़ सकती हैं। वह जेल में भी लगातार उत्पात मचा रहा है और कोई भी नियम नहीं मान रहा। यहां तक कि सहकैदियों और जेल पदाधिकारी के साथ भी दुर्व्यवहार कर रहा है। जेल अधिकारियों के आदेशों की लगातार अवहेलना और दुर्व्यवहार की शिकायतों के बाद उसके खिलाफ जेल मैनुअल के तहत दंडात्मक कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। बता दें कि संजय रॉय को पिछले वर्ष एक निचली अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। वह दक्षिण कोलकाता स्थित प्रेसिडेंसी सेंट्रल करेक्शनल होम में सात महीने से सजा काट रहा है। जेल सूत्रों के अनुसार, इस अवधि में उसने कोई पछतावा नहीं दिखाया है, बल्कि समय के साथ उसके साथी कैदियों और जेल कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार और नियम उल्लंघन की घटनाएं बढ़ी हैं। शुरुआत में, उसे जेल परिसर के बागवानी कार्य की जिम्मेदारी दी गई थी और वह नियमों का पालन कर रहा था लेकिन कुछ समय बाद उसने काम में लापरवाही शुरू कर दी और उसके व्यवहार में आक्रामकता बढ़ गई। जेल अधिकारियों का कहना है कि लगातार दुर्व्यवहार और आदेश न मानने की सूरत में उसकी जेल के भीतर कमाई गई दैनिक मजदूरी को खर्च करने की अनुमति रोकी जा सकती है। यह रकम जमा तो होती रहेगी, लेकिन वह उसे निकाल या खर्च नहीं कर पाएगा। संजय रॉय के वकील कौशिक गुप्ता ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है और वह केवल उनके हाई कोर्ट में दायर बरी याचिका में पक्ष रख रहे हैं।

## हाईकोर्ट ने पूर्व न्यायाधीश द्वारा गठित समिति की कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी

### सीबीआई को जांच का निर्देश

**कोलकाता :** रोजना वैली घोटाले से जुड़ी धनराशि के स्थानांतरण को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए सीबीआई को प्राथमिक जांच का आदेश दिया है। कोर्ट ने पूछा है कि अमानतकर्ताओं के खातों से पैसा अन्य खातों में कैसे ट्रांसफर हुआ और तुहिन दे तथा निर्माल्य चौधुरी नामक दो व्यक्ति रोज़ वैली के होटल व्यवसाय से कैसे जुड़े–इन सभी बिंदुओं पर अब सीबीआई जांच करेगी। जांच की प्रारंभिक रिपोर्ट 21 अगस्त तक अदालत में पेश करनी होगी। यह आदेश हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज और न्यायमूर्ति उदय कुमार की डिविजन बेंच ने दिया। इसके साथ ही, अदालत ने पूर्व न्यायाधीश दिलीप सेठ के नेतृत्व में बनी एड–हॉक कमेटी को भी फटकार लगाई है और नया हलफनामा दाखिल कर अपने ऊपर लगे आरोपों का जवाब देने को कहा है। अदालत के समक्ष अमानतकर्ताओं की ओर से पेश दस्तावेज़ों में दावा किया गया कि 30 जून को अमानतकर्ताओं के खातों से 1.88 करोड़ की राशि एड–हॉक कमेटी के खाते में जमा की गई थी। लेकिन उसी दिन कमेटी के खाते से 2.54 करोड़ की राशि सीधे चेयरमैन दिलीप शेट्ठ के खाते में ट्रांसफर कर दी गई। अदालत ने कहा कि सीबीआई की रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। अदालत के इस सख्त रुख से यह स्पष्ट है कि न्यायपालिका अब इस वित्तीय अनियमितता के मामले में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करना चाहती है।



जनता कल्याण संघ का खूंटी पूजा धूमधाम से सम्पन्न हुआ। पूजन का कार्यक्रम प्रसिद्ध समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद साव एवं बसन्ती देवी द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर समाजसेवी हरीश चन्द्र जायसवाल, सुरेश जायसवाल, रामलखन साव, रमेश जायसवाल, केशव प्रसाद गुप्ता, देवी प्रसाद जायसवाल, अजय गुप्ता, कृष्णा जायसवाल, राजेश जायसवाल, दिनेश साव, धर्मेन्द्र साव, शिवशंकर साव, राम तारक जायसवाल, मानस दास, रामजी जायसवाल, भोला जायसवाल, चन्द्र प्रकाश साव, मनोज गुप्ता, विनोद जायसवाल, महेन्द्र जायसवाल, भोला साव, शम्भू जायसवाल, रीतेश जायसवाल, गौतम जायसवाल, लीला जायसवाल, माया जायसवाल, रूपा जायसवाल, बबीता जायसवाल सहित कार्यक्रम में समाज के बहुत सारे गणमान्य उपस्थित हुए।

# सेवा का नया आयाम: आरडीबी नाहर जीतो डे केयर सेंटर का भव्य शुभारंभ

## थैलेसीमिया और डायलिसिस मरीजों के लिए समर्पित सेवा केंद्र की शुरुआत




**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता में समाज सेवा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए आरडीबी नाहर जीतो डे केयर सेंटर का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। यह केंद्र विशेष रूप से थैलेसीमिया और डायलिसिस से पीड़ित जरूरतमंद मरीजों के लिए समर्पित है। इस सेंटर का निर्माण 28 ट्रस्टियों के सहयोग से संभव हुआ है, जिसमें आरडीबी और नाहर ग्रुप की प्रमुख भूमिका रही। यह अत्याधुनिक डे केयर सेंटर तीन मंजिलों में विभाजित है, जिनमें प्रत्येक मंजिल विशिष्ट स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित है। यह सभी सुविधाएं उन्नत चिकित्सा उपकरणों से युक्त हैं।

इस उद्घाटन समारोह में 72 नंबर वार्ड के पार्षद बाबू बक्शी, सांसद सुब्रत बक्शी, सेंटर के अध्यक्ष विनोद दुगड़, सचिव भावेन कामदार, कोषाध्यक्ष रोहित सुराणा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अन्य प्रमुख व्यक्तियों में सुंदरलाल दुगड़, विनोद बैद, भीखम चंद्र पुगलिया, रमेश हरन, इंदर जैन, शांतिलाल कंवर, पृथ्वीराज कोठारी, सहाना बक्शी, अश्विनी कुमार, सुखराज नाहर, गणपत चौधरी, धर्मेंद्र जैन, प्रदीप पटवा, मनीष जैन, महावीर चपलोत, श्रीपाल बछावत, दिलीप चंदन, मनोज मेहता, शीतल दुगड़, कुसुम देवी दुगड़, कल्पना बैद, हितेंद्र मेहता, महावीर जैन,दिनेश जैन, हेम छज्जड़ और नीरज मेहता उपस्थित रहे।

❑ **प्रेरणादायक वक्तव्य और समाज सेवा का संकल्प**

सेंटर के चेयरमैन **विनोद दुगड़** ने कहा, हमारी अगली पीढ़ी को यह सिखाना जरूरी है कि मानव सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं। यह सेंटर उसी उद्देश्य को साकार करने की दिशा में एक प्रयास है।

सचिव **भावेन कामदार** ने कहा, यह केंद्र सिर्फ इलाज का स्थान नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के लिए आशा की किरण और समाज के लिए एक मिसाल है।

सम्मानित अतिथि आरडीबी ग्रुप के संस्थापक **सुंदरलाल दुगड़** ने कहा इस सेंटर का निर्माण समाज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह न केवल मरीजों को उपचार प्रदान करेगा, बल्कि समाज में सेवा और करुणा के मूल्यों को भी मजबूत करेगा।

सम्मानित अतिथि नाहर ग्रुप के संस्थापक **सुखराज नाहर** ने कहा, यह एक सामूहिक प्रयास है जो समाज को सशक्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में बड़ा कदम है।

मुख्य अतिथि **सांसद सुब्रत बक्शी** ने केंद्र को मील का पत्थर बताते हुए सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



मुख्य अतिथि सांसद सुब्रत बक्शी,जीतो डे केयर सेंटर का उद्घाटन करते हुए साथ में हैं चेयरमैन विनोद दुगड़, भीखम चंद्र पुगलिया व अन्य

मुख्य अतिथि यूको बैंक के एमडी **अश्विनी कुमार** ने कहा, यह सेंटर मानवता और सहानुभूति का प्रतीक बनेगा और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा।

72 नं. वार्ड के पार्षद बाबू बक्शी ने कहा, यह सेवा केंद्र 72 नंबर वार्ड के लिए एक वरदान है जहां पहले इस तरह की कोई सुविधा नहीं थी। मैं हरसंभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध हूं।

जिटो ईस्ट जोन की चेयरपर्सन **कल्पना बैद** ने सभी ट्रस्टियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी और समर्पण का प्रमाण है। हम इसे एक सफल सेवा केंद्र बनाएंगे।

जीतो एपेक्स चेयरमैन **पृथ्वीराज कोठारी** ने कहा, थैलेसीमिया के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने की जरूरत है। जैन समाज संख्या में भले ही छोटा हो, पर सेवा में सबसे आगे है, और यह केंद्र उसका साक्ष्य है। इस सेवा केंद्र का उद्देश्य न केवल थैलेसीमिया और डायलिसिस मरीजों को सुविधा देना है, बल्कि समाज में सेवा, करुणा और सहयोग की भावना को सशक्त करना भी है। यहां आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को निःशुल्क सेवाएं मिलेंगी और स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के अंतर्गत (जैसे राज्य सरकार की 'स्वास्थ्य साथी योजना') इलाज की सुविधा भी दी जाएगी।

## गोस्वामी बागान वैष्णव पाड़ा में जलजमाव, गंदगी और जर्जर सड़क से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर नगरपालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गोस्वामी बागान वैष्णव पाड़ा के लोग इन दिनों जलजमाव, गंदगी, जर्जर सड़कों और खुले मेनहोल जैसी गंभीर समस्याओं से परेशान हैं। क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि थोड़ी सी बारिश होते ही सड़कें जलमग्न हो जाती हैं और लोगों को आने–जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। बीच सड़क पर खुले मेनहोल और गड्ढों से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। जगह–जगह कूड़े के ढेर लगे हैं और बारिश का जमा पानी बदबू देने लगा है। लोगों का कहना है कि इससे संक्रामक बीमारियों और डेंगू के फैलने का खतरा बढ़ गया है। लोगों का आरोप है कि बार–बार इस समस्या से अवगत कराने के बावजूद भी नगरपालिका और स्थानीय पार्षद का ध्यान इस ओर नहीं जाता। स्कूली बच्चों और आसपास के घरों में रहने वाले छोटे–छोटे बच्चों के लिए यह स्थिति गंभीर खतरा बनी हुई है। परिजनों को डर रहता है कि खेलते समय बच्चे कहीं फिसलकर घायल न हो जाएं। भीषण जलजमाव के समय साइकिल और बाइक सवार अक्सर



दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। सड़क पानी से लबालब होने के कारण राहगीरों को गड्ढों और खुले मेनहोल का अंदाज़ा नहीं लगता, जिससे वे दुर्घटना का शिकार बन जाते हैं। शाम और रात के समय अंधेरा होने पर यह समस्या और भी जटिल हो जाती है। निवासियों का कहना है कि पालिका के विकास और सफाई के दावे सिर्फ कागजों तक सीमित हैं, जबकि जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। हालांकि इस मामले में स्थानीय पार्षद और नगर पालिका चेयरमैन से खबर लिखे जाने तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

## संतरागाछी ब्रिज पर ट्रैफिक कंट्रोल, 10 अगस्त से भारी मालवाहक वाहनों का रूट बदला

**कोलकाता, समाज्ञा :** संतरागाछी ब्रिज पर यातायात की भीड़ कम करने के लिए 10 अगस्त से बड़े माल–वाहक वाहनों का मार्ग बदला जा रहा है। साथ ही, मध्यम और हल्के मालवाहक वाहनों की आवाजाही भी रोकी जा रही है। कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की। दक्षिण–पूर्व रेलवे लाइन पर बना संतरागाछी ब्रिज, कोना एक्सप्रेसवे से काफ़ी छोटा है। नतीजतन, यातायात की भीड़ बनी रहती है। यातायात की भीड़ कम करने के लिए, कोना एक्सप्रेसवे पर छह लेन का एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने का काम चल रहा है। इस वजह से कोना एक्सप्रेसवे पर कई जगहों पर बैरिकेड्स लगाए गए हैं। नतीजतन, यातायात की भीड़ और बढ़ गई है। कोलकाता पुलिस आयुक्त ने कहा कि सामान्य यात्री वाहन यथावत चलते रहेंगे। संवाददाता सम्मेलन में कोलकाता पुलिस आयुक्त के अलावा, हावड़ा शहर के पुलिस आयुक्त प्रवीण त्रिपाठी भी मौजूद थे। प्रवीण त्रिपाठी ने कहा कि दिल्ली रोड और दुर्गापुर एक्सप्रेसवे होते हुए कोलकाता जाने वाले सभी मालवाहक वाहनों को कोना एक्सप्रेसवे पर बने दूसरे हुगली ब्रिज से होते हुए माइतिपाड़ा और निवेदिता ब्रिज होते हुए कोलकाता




ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक सभी वाहनों का रूट इसी तरह डायवर्ट किया जाएगा। साथ ही, प्रवीण ने यह भी बताया कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक संतरागाछी ब्रिज पर हल्के और मध्यम मालवाहक वाहनों की आवाजाही रोक दी जा रही है। खासकर, बंदरगाह से आने–जाने वाले मालवाहक वाहनों की। हावड़ा शहर के पुलिस आयुक्त ने यह स्पष्ट नहीं किया कि मालवाहक वाहन कब तक इस तरह से चलेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से चर्चा के बाद अगला निर्णय लिया जाएगा।

# बिहार के सीतामढ़ी में गृह मंत्री अमित शाह ने जानकी मंदिर के पुनर्विकास की आधारशिला रखी

**सीतामढ़ी (बिहार) :** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बिहार के सीतामढ़ी ज़िले के पुनौराधाम में जानकी मंदिर के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। पुनौराधाम को माता सीता का जन्मस्थान माना जाता है। इस परियोजना के शिलान्यास समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, कई केंद्रीय मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए। इस परियोजना की कुल लागत 882.87 करोड़ रुपये से अधिक है। एक अधिकारी ने बताया कि शाह ने मंदिर के पुनर्विकास के लिए भूमि पूजन किया। राज्य मंत्रिमंडल ने एक जुलाई को मंदिर परिसर के एकीकृत विकास के लिए 882.87 करोड़ रुपये की मंजूरी दी थी। अधिकारी ने बताया कि कुल राशि में से 137 करोड़ रुपये पुराने मंदिर और उसके परिसर के विकास पर खर्च किए जायेंगे, जबकि 728 करोड़ रुपये पर्यटन संबंधी गतिविधियों पर खर्च किए जायेंगे। इसके अलावा, 10 वर्षों तक व्यापक रखरखाव पर 16 करोड़ रुपये खर्च किए जायेंगे। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम (बीएसटीडीसी) इस परियोजना का क्रियान्वयन करेगा। राज्य सरकार ने हाल ही में मंदिर के निर्माण और पुनर्विकास के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय ट्रस्ट का गठन किया है। भाजपा की बिहार इकाई के प्रवक्ता नीरज कुमार ने पहले 'पीटीआई-भाषा' को बताया था, 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या की तर्ज पर इसका व्यापक विकास किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि बड़ी संख्या में तीर्थयात्री पुनौराधाम आते हैं। राज्य मंत्रिमंडल ने परियोजना के लिए डिजाइन सलाहकार के रूप में नोएडा स्थित एक कंपनी की नियुक्ति को भी मंजूरी दी है। यह कंपनी राम जन्मभूमि न्यास के लिए मास्टर प्लानिंग और वास्तुकला सेवाओं में लगी हुई थी।



### अमित शाह और नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस का किया शुभारंभ

**सीतामढ़ी:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सीतामढ़ी से नई दिल्ली के लिए नई अमृत भारत एक्सप्रेस का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उद्घाटन यात्रा 05599 सीतामढ़ी-दिल्ली उद्घाटन स्पेशल के रूप में चलाई गई। नियमित सेवा के तहत गाड़ी संख्या 14048 दिल्ली-सीतामढ़ी अमृत भारत एक्सप्रेस 9 अगस्त से हर शनिवार दिल्ली से और गाड़ी संख्या 14047 सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस 10 अगस्त से हर रविवार सीतामढ़ी से चलेगी। यह ट्रेन गाजियाबाद, टुंडला, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज, बगहा, नरकटियागंज, रक्सौल समेत कई स्टेशनों पर रुकेगी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिहार में आग लगाए जाने के बाद नाबालिग लड़के की मौत, पिता गंभीर रूप से झुलसा

**कटिहार :** बिहार के एक गांव में 12 वर्षीय एक लड़के की जलकर मौत हो गई, जबकि उसके पिता गंभीर रूप से झुलस गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार देर रात कटिहार जिले में हुई, जब आरोपी ने सो रहे पिता-पुत्र पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में कथित संलिप्तता के लिए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जिला पुलिस ने एक बयान में कहा कि मृतक की पहचान सुनील, जबकि घायल की पहचान राम मंडल (45) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मंडल का भागलपुर के एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि वारदात का कारण अभी पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच जारी है।

### झारखंड : आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के दो जवान घायल

**रांची :** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में विस्फोट से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कम से कम दो जवान घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना सारंडा के घने जंगल में जराइकेला के पास मानके इलाके में दोपहर के समय तब हुई जब सीआरपीएफ के जवान तलाश अभियान चला रहे थे। उन्होंने बताया कि घायल दोनों जवान सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के हैं और उन्हें बेहतर इलाज के लिए हवाई मार्ग से रांची ले जाया गया। रांची के महानिरीक्षक (आईजी) मनोज कौशिक ने घायल जवानों से मिलने के बाद ने कहा, ''उन्हें छर्रे लगने से चोटें आई हैं। उनके परिवार वालों को घटना की सूचना दे दी गई है। चिकित्सकों का कहना है कि दोनों की हालत स्थिर है और वे जल्द ही ठीक हो जाएंगे।'

### मैनपुरी में दो साल की बच्ची से दुष्कर्म के दोषी युवक को उम्रकैद की सजा

**मैनपुरी (उप्र) :** मैनपुरी जिले की एक विशेष अदालत ने दो वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 50,500 रुपये का जुर्माना भी लगाया। एक शासकीय अधिवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शासकीय अधिवक्ता विश्वजीत सिंह राठौर ने आज 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) जितेंद्र मिश्रा की अदालत ने बृहस्पतिवार को बेवर थाना क्षेत्र के नगला जिलहदी निवासी जगमोहन को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 50,500 रुपये का जुर्माना लगाया। न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा कि जुर्माने की राशि पीड़ित बच्ची को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जगमोहन (20) ने सात नवंबर, 2022 को एक गांव में दो साल की बच्ची से बलात्कार किया। राठौर ने कहा कि जगमोहन पीड़ित बच्ची का रिश्ते का भाई था। वह घटना के समय किशनी थाना क्षेत्र में अपने रिश्तेदार के घर गया था, जहां उसने इस घटना को अंजाम दिया। बच्ची के चिल्लाने पर परिवार के लोग कमरे की ओर दौड़े, लेकिन जगमोहन घर से भागने में कामयाब रहा। लड़की के शरीर पर चोटें थीं, खून बह रहा था और वह अर्ध-बेहोशी की हालत में थी।

### बस पर पेड़ गिरने से पांच लोगों की मौत

**बाराबंकी (उप्र) :** जिले के थाना जैदपुर क्षेत्र में हैदरगढ़-बाराबंकी मार्ग पर हरख गांव के पास राजाबाजार में तेज बारिश के दौरान रोडवेज की अनुबंधित बस पर अचानक एक गूलर का पेड़ गिर गया जिससे चार महिलाओं सहित पांच लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरख के समीप अनुबंधित रोडवेज बस पर गूलर का पेड़ गिरने से यह हादसा हुआ और जिला प्रशासन द्वारा तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किये गए। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग 10:30 बजे उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम (रोडवेज) की अनुबंधित बस सवारियों को लेकर बाराबंकी बस अड्डे से हैदरगढ़ के लिए रवाना हुई थी। यात्रा के दौरान बाराबंकी-हैदरगढ़ मार्ग पर हरख गांव के समीप राजाबाजार में सड़क किनारे स्थित एक गूलर का पेड़ भारी बारिश के कारण अचानक बस पर गिर पड़ा, जिससे बस को काफी नुकसान पहुंचा और यात्री घायल हो गए।

## निशिकांत दुबे, मनोज तिवारी पर बैद्यनाथ मंदिर के गर्भगृह में जबरन प्रवेश को लेकर मामला दर्ज



**रांची :** झारखंड पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उसने भाजपा सांसदों - निशिकांत दुबे, मनोज तिवारी और अन्य के खिलाफ दो अगस्त को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर के गर्भगृह में जबरन प्रवेश करने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। मंदिर के पुजारी कार्तिक नाथ ठाकुर की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी के अनुसार, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के मद्देनजर पवित्र महीने श्रावण के दौरान वीआईपी या वीवीआईपी प्रवेश पर प्रतिबंध के बावजूद दोनों भाजपा सांसदों ने दो अगस्त को रात 8:45 बजे से नौ बजे के बीच मंदिर के गर्भगृह में कथित तौर पर जबरन प्रवेश किया। एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''निशिकांत दुबे, मनोज तिवारी, कांशीकांत दुबे, शेषाद्रि दुबे और अन्य के खिलाफ बाबा बैद्यनाथ मंदिर पुलिस थाने में मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश करने, धार्मिक परंपरा और भावनाओं को ठेस पहुंचाने तथा सुरक्षा कारणों से तैनात पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई कर सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है।'' शिकायत के अनुसार, सांसदों के ''जबरन प्रवेश'' और पुलिसकर्मियों के साथ ''झड़प'' के कारण वहां मौजूद हजारों श्रद्धालुओं में भय व्याप्त हो गया और भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। ठाकुर ने कहा कि उन्होंने सात अगस्त को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। लगभग 55 लाख कांवड़ियों ने एक महीने से जारी 'श्रावण मेले' के दौरान अब तक बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जल चढ़ाया है।

## विदेशी सामान खरीदने की कीमत देश आतंकवाद के रूप में चुकाता है: आदित्यनाथ

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी सामान को खरीदने की कीमत देश को आतंकवाद के रूप में चुकानी पड़ती है। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जब स्वदेशी वस्तुएं खरीदी जाती हैं तो पैसा भारत के कारीगरों और उद्यमियों के पास जाता है जिससे देश की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि जब विदेशी वस्तुएं खरीदी जाती हैं, तो पैसा विदेश जाता है और बाद में देश को आतंकवाद के रूप में इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। 'काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव' के समापन समारोह में एक सभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, ''जब देश आजादी की लड़ाई में आगे बढ़ रहा था तब महात्मा गांधी ने प्रत्येक व्यक्ति को स्वदेशी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया था। स्वदेशी हमारे जीवन का उद्देश्य बनना चाहिए, स्वदेशी हमारे जीवन का मंत्र बनना चाहिए। हमें स्वदेशी के लिए जीना चाहिए और देश के लिए मरना चाहिए। यदि भारत राष्ट्रवाद की इस पराकाष्ठा के साथ आगे बढ़ता है, तो दुनिया की कोई भी ताकत भारत का कुछ नहीं बिगाड़ पाएगी।' कार्यक्रम के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'काकोरी ट्रेन एक्शन' में शहीद हुए देश के सपूतों को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पीपल का पौधा भी लगाया। छोटी बालिकाओं के हाथों राखी भी बंधवाई और बेटियों को मिठाई और चॉकलेट उपहार के रूप में दिए।

इसके बाद उन्होंने संग्रहालय में सेल्फी और तस्वीरें खिंचवाईं। मुख्यमंत्री ने शहीद सैनिकों के परिजनों को भी मंच पर सम्मानित किया, जबकि 'काकोरी ट्रेन एक्शन' की घटना पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया। इस दौरान संस्कृति विभाग के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया जिसमें काकोरी ट्रेन कार्रवाई की उस घटना को प्रस्तुत किया गया।



## तेजस्वी यादव 16 अगस्त तक अपना 'फर्जी' मतदाता पहचान पत्र जमा करें : निर्वाचन आयोग

**पटना :** निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को राजद नेता तेजस्वी यादव से कहा कि फर्जी सरकारी दस्तावेज बनाना और उसका उपयोग करना अपराध है तथा उन्हें 16 अगस्त तक अपना 'फर्जी' मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) जमा करने का निर्देश दिया। पटना (सदर) के अनुमंडल अधिकारी और दीघा विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदाता पंजीयन अधिकारी (ईआरओ) द्वारा इस संबंध में बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता यादव को एक नया पत्र जारी किया गया। अधिकारी ने पिछले सप्ताह पूर्व उपमुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उनसे आग्रह किया था कि वह उस मतदाता पहचान पत्र को जांच के लिए सौंप दें, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया था कि वह उनके पास है, जबकि यह आधिकारिक तौर पर जारी नहीं किया गया है। नवीनतम पत्र में, ईआरओ ने कहा कि पिछले कई वर्षों की मतदाता सूची के अवलोकन से यह निष्कर्ष निकला है कि निर्वाचन आयोग ने यादव द्वारा उद्धृत मतदाता पहचान पत्र संख्या (ईपीआईसी) वाला वोटर कार्ड कभी जारी ही नहीं किया।

## प्रयागराज और वाराणसी में गंगा का जलस्तर घटा, नगर निगम सफाई में जुटा



**प्रयागराज/वाराणसी (उप्र) :** प्रयागराज जिले में गंगा और यमुना का जलस्तर खतरे के निशान 84.73 मीटर से नीचे आने और लगातार घटने के साथ प्रयागराज नगर निगम युद्ध स्तर पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में साफ सफाई में जुट गया है। वहीं, वाराणसी में भी गंगा का जलस्तर घटकर खतरे के निशान से नीचे आ गया है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार बुधवार की शाम को गंगा का जलस्तर 71.58 मीटर था जो शुक्रवार की सुबह 70.60 मीटर पर आ गया। वाराणसी में खतरे का निशान 71.262 मीटर है। प्रयागराज की अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीता सिंह ने बताया कि आज दोपहर 12 बजे जिले में यमुना नदी का जलस्तर नैनी में 82.77 मीटर, जबकि गंगा का जलस्तर फाफामऊ में 82.16 मीटर, छतनाग में 81.84 मीटर और बक्शी बांध पर यह 82.50 मीटर दर्ज किया गया। जलस्तर में निरंतर गिरावट जारी है। प्रयागराज नगर निगम के अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से बाढ़ का पानी हटने के साथ नगर निगम के कर्मचारी साफ सफाई में जुट गए हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 3,000 सफाई कर्मियों को लगाया गया है, वहीं आंशिक प्रभावित क्षेत्रों से 600 कर्मचारी, पूर्ण प्रभावित क्षेत्रों में लगाए गए हैं। यादव ने बताया कि जिन क्षेत्रों से बाढ़ का पानी निकल गया है, वहां 'वाटर प्रेशर' मशीनें लगाकर गाद हटाया जा रहा है। जितना पानी घट रहा है, प्रतिदिन उतना क्षेत्र साफ कर दिया जा रहा है। इसके अलावा, प्रभावित क्षेत्रों में कीटनाशकों का छिड़काव किया जा रहा है और जहां कर्मचारी नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहां कृषि विभाग से लिए गए दो ड्रोन के माध्यम से छिड़काव किया जा रहा है।

## न्यूज अपडेट

### सहारनपुर: अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 11 आरोपी गिरफ्तार



**सहारनपुर (उप्र) :** सहारनपुर जिला मुख्यालय की नगर कोतवाली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करके चार महिलाओं समेत 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि यह गिरोह अमेरिका के नागरिकों से ठगी करने में सक्रिय था। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सुनील नागर के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने घंटाघर के पास एक होटल पर छापा मारा और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए लोगों में दिल्ली, मणिपुर, नगालैंड और दार्जिलिंग के निवासी शामिल हैं। पुलिस ने परिसर से 14 लैपटॉप, 11 मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप चार्जर, पांच हेडफोन और 4,900 रुपये नकद जब्त किए।

### हरियाणा के गांव में 3,000 साल से भी पुराने मानव निवास के प्रमाण मिले: पुरातत्वविद

**चंडीगढ़ :** पुरातत्वविदों ने शुक्रवार को कहा कि हरियाणा में यमुनानगर जिले के एक गांव में हाल ही में किए गए अन्वेषण में प्राचीन अवशेष और सांस्कृतिक कलाकृतियां मिली हैं, जो लगभग 3,500 साल पुरानी मानव बस्तियों की मौजूदगी का संकेत देती हैं। हरियाणा के पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'टोपरा कलां गांव में अन्वेषण के दौरान हमें चित्रित धूसर मृदभांड (पीजीडब्ल्यू) और अन्य प्राचीन सांस्कृतिक सामग्रियों के अनेक टुकड़े मिले।' इन निष्कर्षों से पता चलता है कि इस क्षेत्र में मानव निवास लगभग 3,500 वर्ष पुराना हो सकता है, हालांकि यह एक अस्थायी तिथि सीमा है। हरियाणा के पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की उपनिदेशक डॉ. बनानी भट्टाचार्य ने कहा, ''जब तक हम खुदाई नहीं करते और स्तरीकृत विश्लेषण के माध्यम से तिथि निर्धारित करने योग्य वस्तुएं प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक हम सटीक तिथि नहीं बता सकते।' स्तरीकरण के दौरान, पुरातत्वविद किसी पुरातात्विक स्थल के इतिहास और उसे आकार देने वाली घटनाओं के अनुक्रम को समझने के लिए उसकी परतों (स्तरों) का सावधानीपूर्वक विश्लेषण करते हैं। क्षेत्र में घनी आबादी के कारण, इस स्थल पर खुदाई करना काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। विभाग ने पहले मौके पर अन्वेषण किया, उसके बाद 'ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार' (जीपीआर) सर्वेक्षण किया, जिसमें खोखली संरचनाओं, गोल संरचनाओं और दीवारों सहित कई अवशेष मिले।

### शिक्षकों की फर्जी नियुक्ति के मामले में बलिया में 86 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज

**बलिया (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में समाज कल्याण विभाग से अनुदान प्राप्त विद्यालयों में 42 शिक्षकों की फर्जी नियुक्ति के मामले में कुल 86 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मऊ के तीन तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारियों, तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, चार खंड शिक्षा अधिकारियों, समाज कल्याण विभाग के तीन सुपरवाइजर/ पटल सहायकों, सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों के 42 शिक्षकों और 19 प्रबंधकों के साथ ही 14 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि 42 आरोपी शिक्षकों का वेतन भुगतान रोक दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मऊ जिले की मऊ कोतवाली में जिला समाज कल्याण अधिकारी रश्मि मिश्रा की तहरीर पर तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारियों बलदेव त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह एवं विमला राय सहित 72 लोगों के विरुद्ध नामजद और 14 अन्य अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मंगलवार को नामजद मुकदमा दर्ज किया गया।

## समीक्षा स्पोर्ट्स

## फीफा विश्व कप और ओलंपिक खेलने का सपना: फुटबॉल खिलाड़ी मनीषा कल्याण

**गुवाहाटी :** ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला फुटबॉल खिलाड़ी मनीषा कल्याण ने शुक्रवार को कहा कि उनका सपना फीफा विश्व कप और ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करना है। यूएफा चैंपियंस लीग (यूरोप की शीर्ष पेशेवर फुटबॉल लीग) में खेलने वाली इकलौती भारतीय फुटबॉलर मनीषा शुक्रवार को यहां नेहरू स्टेडियम में लड़कियों के लिए आयोजित अस्मिता अंडर-13 लीग में आकर्षण का केन्द्र थी। उन्होंने कहा कि अस्मिता 'युवा लड़कियों को अपने फुटबॉल के सपनों को साकार करने के लिए मुश्किल से मिलने वाला मंच है।'



तेईस साल की मनीषा ने अस्मिता के गुवाहाटी चरण में भाग लेने वाली आठ टीमों की हौसला अफजाई करने के बाद कहा'' मेरा सपना अब फीफा विश्व कप और ओलंपिक में खेलने का है। अगले साल ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने के बाद हमारे इरादे मजबूत हुए है।' अस्मिता लीग का उद्देश्य पूरे भारत में जमीनी स्तर पर प्रतिभा की खोज करना है। मनीषा ने कहा, 'आपके पास अब 'अस्मिता' जैसा एक मंच है और आप जितने अधिक मैच खेलेंगी, आप उतनी ही बेहतर होती जाएंगी' मनीषा के साथ इस मौके पर असम की दो उभरती हुई खिलाड़ी रेखा कटकी और दोसोमी रौतिया भी मौजूद थी। रेखा और दोसोमी दोनों ही अस्मिता लीग की हिस्सा रही है। दोसोमी ने राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाई है, वहीं रेखा ने इंडियन वीमेन लीग डिवीजन 2 में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड फुटबॉल क्लब की कप्तानी की है।

### दस भारतीय अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे

**बैंकॉक :** सात महिलाएं समेत दस भारतीय मुक्केबाज शुक्रवार को यहां अपने-अपने वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज कर अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। महिला मुक्केबाजों में निशा (54 किग्रा), मुस्कान (57 किग्रा), विनी (60 किग्रा), निशा (65 किग्रा), आरती कुमारी (75 किग्रा), पारची टोकस (80+ किग्रा) के साथ-साथ पुरुषों की स्पर्धा में मौसम सुहाग (65 किग्रा), राहुल कुंडू (75 किग्रा) और हेमंत सांगवान (90 किग्रा) ने फाइनल का टिकट पक्का किया। कृतिका (80 किग्रा) को बिना किसी मुकाबले के फाइनल में जगह मिली है। भारत ने इस प्रतियोगिता में 40 मुक्केबाजों (प्रत्येक आयु वर्ग में 20) का एक मजबूत दल उतारा है। इसमें अनुभवी चैंपियनों और घरेलू सर्किट में प्रभावित करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का बेहतरीन मिश्रण है। भारत ने अंडर-22 श्रेणी में भी 13 पदक पक्के कर लिए हैं, जिसमें पांच मुक्केबाज स्वर्ण के लिए चुनौती पेश करेंगे।

## इंग्लैंड में बलात्कार की जांच के बीच पाकिस्तानी क्रिकेटर हैदर अली निलंबित

**मैनचेस्टर:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि उसके बल्लेबाज हैदर अली के खिलाफ इंग्लैंड में आपराधिक जांच चल रही है और उसे तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस बीच ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने कहा है कि बलात्कार के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पीसीबी ने कहा कि क्रिकेटर हैदर अली से जुड़ी जांच पाकिस्तान शाहीन टीम (पाकिस्तान ए टीम) के हालिया इंग्लैंड दौरे के दौरान हुई एक घटना को लेकर की जा रही है। पीसीबी ने 24 वर्षीय अली के खिलाफ जांच की प्रकृति के बारे में कुछ नहीं बताया।ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि सोमवार को उन्हें बलात्कार के आरोप की एक शिकायत मिली है। पुलिस ने बयान ने कहा ''हमने इस संबंध में एक 24 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि यह घटना बुधवार, 23 जुलाई 2025 को मैनचेस्टर के एक परिसर में हुई थी। आगे की पूछताछ तक उस व्यक्ति को ज़मानत पर रिहा कर दिया गया है।' ब्रिटेन में पुलिस आमतौर पर जांच के इस चरण में संदिग्धों का नाम नहीं बताती है।पाकिस्तान की टीम का 15 दिवसीय दौरा 22 जुलाई को शुरू हुआ था।पीसीबी ने बयान में कहा, 'अली को जांच के परिणाम आने तक तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पीसीबी यूनाइटेड किंगडम की कानूनी प्रक्रिया का पूरी तरह से सम्मान करता है और जांच को अपनी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चलने देने के महत्व को स्वीकार करता है।'अली ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से पाकिस्तान के लिए दो एक दिवसीय और 35 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।



### भारत को बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर टीम चैम्पियनशिप में आसान ड्रॉ मिला

**नयी दिल्ली :** भारत को आगामी विश्व जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप में आसान ड्रॉ मिला है और दूसरी वरीयता प्राप्त मेजबान टीम ग्रुप एच में हांगकांग, नेपाल और घाना से भिड़ेगी। बैडमिंटन विश्व महासंघ ने गुवाहाटी में छह से 11 अक्टूबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिये शुक्रवार को ड्रॉ की घोषणा की। यह प्रतिष्ठित वैश्विक जूनियर टूर्नामेंट 2008 के बाद पहली बार भारत में हो रहा है जिसमें दुनिया की 37 टीमें भाग ले रही हैं। इसमे हर ग्रुप की विजेता टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। शीर्ष वरीयता प्राप्त थाईलैंड को ग्रुप ए में डेनमार्क, स्लोवेनिया और कुक आईलैंड्स के साथ रखा गया है। गत चैम्पियन इंडोनेशिया ग्रुप सी में तुर्किये, रोमानिया और नीदरलैंड के साथ है। चौदह बार की चैम्पियन चीन की टीम ग्रुप ई में जापान, सिंगापुर, ब्राजील और भूटान के साथ है। इस साल से टूर्नामेंट में नया रिले प्रारूप आजमाया जायेगा। इसमें बेस्ट आफ थ्री सेट्स होंगे और 45 अंक तक पहुंचने वाली टीम सेट जीतेगी। पुरूष एकल, महिला एकल, पुरूष युगल, महिला युगल और मिश्रित युगल में एक सेट होगा और एक टीम के नौ अंक पर पहुंचने के बाद पहला मैच खत्म हो जायेगा और दूसरा शुरू होगा। इससे पहले रिले प्रारूप में एक सेट होता था और दस मैचों में 110 अंक तक पहुंचना होता था। बैडमिंटन एशिया जूनियर चैम्पियनशिप 2025 में पदक विजेताओं को भारतीय टीम में सीधे प्रवेश मिलेगा। बाकी के स्थानों का फैसला नौ से 13 अगस्त तक होने वाले चयन ट्रायल में होगा।

### अंगद चीमा ने इंडिया ओपन खिताब जीता

अहमदाबाद : चंडीगढ के अंगद चीमा ने एक करोड़ रूपये ईनामी राशि का इंडिया ओपन गोल्फ टूर्नामेंट जीत लिया जो उनका लगातार दूसरा खिताब है। अंगद ने चौथे दौर में दो अंडर 70 का स्कोर किया और उनका कुल स्कोर 13 अंडर 275 रहा। चीमा की पीजीटीआई पर यह चौथी और इस सत्र की दूसरी जीत है। उन्होंने 15 लाख रूपये नकद पुरस्कार और पीजीटीआई आर्डर आफ मेरिट में दसवें से दूसरा स्थान हासिल किया। नोएडा के अमरदीप मलिक दूसरे स्थान पर रहे जबकि दिल्ली के शौर्य भट्टाचार्य और पुणे के उदयन माने संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे।

### भाटिया ने पीजीए टूर के सेंट जूड चैंपियनशिप में करियर का सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला

**मेम्फिस (अमेरिका) :** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने पीजीए टूर पर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सेंट जूड चैंपियनशिप में बढ़त कायम कर ली। पीजीए टूर पर दो बार के विजेता 23 साल के भाटिया ने आखिरी कुछ होल में शानदार खेल दिखाया। शुरुआती नौ होल में चार अंडर का स्कोर करने वाले भाटिया 11वें होल में बर्डी करने के बाद 12वें होल में बोगी कर बैठे। उन्होंने हालांकि इसके बाद कमाल की वापसी की। उन्होंने पांच शॉट वाले 16वें होल में ईगल लगाई और फिर आखिरी दो होल में लगातार दो बर्डी के साथ शीर्ष स्तर पर करियर का सबसे शानदार कार्ड खेला। भारतीय मूल के ब्रिटिश खिलाड़ी आरोन राय ने दो बर्डी और दो बोगी की मदद से पार 70 का कार्ड खेला और वह संयुक्त रूप से 39वें स्थान पर है।

### भारत ने एएफसी अंडर20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर में तुर्कमेनिस्तान को 7-0 से हराया

**यांगून (म्यांमार) :** कप्तान शुभांगी सिंह और सुलांजना राउल के दो-दो गोल की मदद से भारत ने शुक्रवार को एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के दूसरे ग्रुप डी मैच में तुर्कमेनिस्तान को 7-0 से हराया। थुवुन्ना स्टेडियम में शुभांगी ने सातवें और 42वें मिनट में जबकि सुलांजना ने 38वें और 90+4वें मिनट में गोल किये। इनके अलावा सिबानी देवी नोंगमेइकपम (14वें), थोइबिसना चानू तोइजाम (35वें) और पूजा (65वें) ने एक-एक गोल किया। इस जीत से भारतीय टीम चार अंकों और सात के गोल अंतर के साथ ग्रुप डी में शीर्ष पर पहुंच गई है। मेजबान म्यांमार ने दिन की शुरुआत में इंडोनेशिया के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था। वह चार अंकों और पांच के गोल अंतर के साथ दूसरे स्थान पर है। पहले मैच में इंडोनेशिया के खिलाफ निराशाजनक ड्रॉ के बाद भारत तुर्कमेनिस्तान के खिलाफ खुद को साबित करने के लिए उत्सुक था।

## दिल्ली: भारतीय परिधान में युगल को रेस्तरां में प्रवेश से रोकने के मामले में जांच के आदेश

### युगल को प्रवेश नहीं देने के मामले में रेस्तरां के मालिक ने मांगी माफी

**नयी दिल्ली :** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के एक रेस्तरां में भारतीय परिधान के कारण एक युगल को प्रवेश से रोकने वाला वीडियो सामने आने के बाद अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दिल्ली के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पीतमपुरा के एक रेस्तरां में भारतीय परिधानों पर प्रतिबंध का एक वीडियो सामने आया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसे गंभीरता से लिया है। अधिकारियों को मामले में जांच करने और तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।'' सोशल मीडिया के एक उपयोगकर्ता द्वारा 'एक्स' पर साझा किये गये इस घटना के एक वीडियो का हवाला देते हुए मिश्रा ने कहा, ''दिल्ली में यह'अस्वीकार्य' है।'' कथित घटना तीन अगस्त को पीतमपुरा मेट्रो परिसर स्थित एक रेस्तरां में हुई। वीडियो में टी-शर्ट पहने एक व्यक्ति और कुर्ता-सलवार पहने एक महिला कथित तौर पर भारतीय परिधान पहनने के कारण प्रवेश न दिए जाने की शिकायत करते हुए देखे जा सकते हैं।

## कमल हासन ने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात

**नयी दिल्ली :** प्रसिद्ध अभिनेता कमल हासन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और तमिल भाषा एवं सभ्यता जैसे मुद्दों पर चर्चा की। राज्यसभा सदस्य हासन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट किया और प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात की कई तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने प्रधानमंत्री को कीलाडी गांव की 'थीम' पर आधारित एक स्मृति चिह्न भी भेंट किया। यह स्थान मदुरै से 12 किलोमीटर दूर वैगई नदी के तट पर स्थित है। अभिनेता ने इस पोस्ट के साथ एक लंबा नोट भी संलग्न किया। हासन ने पोस्ट में लिखा, ''आज मुझे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। तमिलनाडु के लोगों के प्रतिनिधि और एक कलाकार के रूप में मैंने उनके समक्ष कुछ अनुरोध रखे, जिनमें सबसे प्रमुख हैं कीलाडी की प्राचीनता को मान्यता प्रदान करने में तेजी लाना।''

## ओडिशा: नाबालिग लड़के से कुकर्म के आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा

**ब्रह्मपुर(ओडिशा) :** ब्रह्मपुर की एक पोक्सो अदालत ने दो साल पहले 16 वर्षीय एक लड़के के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के जुर्म में 59 वर्षीय एक व्यक्ति को शुक्रवार को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। लोक अभियोजक ने यह जानकारी दी। दोषी पीड़ित लड़के का दूर का रिश्तेदार है। विशेष लोक अभियोजक नारायण पांडा ने बताया कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अदालत की अतिरिक्त जिला न्यायाधीश-सह-न्यायाधीश प्रणति पटनायक ने दोषी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। उन्होंने बताया कि अगर आरोपी जुर्माना अदा नहीं करता है तो उसे एक वर्ष अतिरिक्त जेल में रहना होगा। पांडा ने बताया कि अदालत ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) को पीड़ित को 50 हजार रुपये का मुआवजा देने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जुर्माने की पूरी राशि किशोर को दी जाएगी।

## ईडी ने सट्टेबाजी ऐप के खिलाफ दर्ज मामले में आरोपपत्र दायर किया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक चीनी नागरिक द्वारा लॉन्च किए गए ऑनलाइन सट्टेबाजी और फुटबॉल ऐप के संचालकों के खिलाफ अहमदाबाद की एक विशेष पीएमएलए अदालत में आरोपपत्र दायर किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस ऐप पर कथित तौर पर कई लोगों के साथ धोखाधड़ी की गई थी। ईडी ने एक बयान में कहा कि 'दानी डेटा ऐप' के खिलाफ मामले में यह आरोपपत्र दायर किया गया। बयान में कहा गया है कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दायर आरोपपत्र में ऐप के संचालकों के अलावा नौ अन्य को भी आरोपी बनाया गया है।

# सरकार ऊर्जा सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक मानती है: जयशंकर

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वह ऊर्जा सुरक्षा को अपनी 'सर्वोच्च प्राथमिकताओं' में से एक मानती है और लोगों को किफायती ऊर्जा उपलब्ध हो, इसके लिए उसने सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सरकार एक 'बहुआयामी रणनीति' अपना रही है जिसमें आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाना, तेल और गैस का घरेलू उत्पादन बढ़ाना, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को अपनाने का विस्तार करना



और ऊर्जा परिवर्तन को आगे बढ़ाना शामिल है। उनसे वैश्विक तनाव के बीच देश के सामरिक और ऊर्जा हितों की रक्षा के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का विवरण पूछा गया था, और यह प्रश्न भी किया गया कि क्या सरकार ने रूस और ईरान से भारत के पेट्रोलियम आयात पर 'प्रतिबंधों के प्रभाव' के बारे में अमेरिका जैसे देशों के साथ चिंता व्यक्त की है। पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क लगाने की घोषणा की थी, जो 7 अगस्त से लागू हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर भी हस्ताक्षर किए, जिसमें नई दिल्ली द्वारा रूस से तेल की खरीद पर भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की गई, जिससे कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया, जो दुनिया में किसी भी देश पर अमेरिका द्वारा लगाए गए सबसे ज्यादा शुल्कों में से एक है। यह अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क 21 दिन बाद 27 अगस्त से लागू होगा। जयशंकर ने अपने लिखित जवाब में यह भी कहा, ''सरकार ऊर्जा सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक मानती है और भारत के लोगों के लिए सस्ती ऊर्जा तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए उसने सभी आवश्यक कदम उठाए हैं।''

# ऑनलाइन बुकिंग से समय और पैसे की बचत होती है: रेलवे मंत्री

**नयी दिल्ली :** सरकार ने कहा कि आईआरसीटीसी द्वारा आरक्षित टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा यात्रियों को आरक्षण काउंटरों पर प्रतीक्षा की झंझट से बचाती है, जिससे समय और यात्रा खर्च दोनों की बचत होती है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने उनसे जानना चाहा था कि क्या आईआरसीटीसी, यूपीआई या अन्य डिजिटल माध्यमों से टिकट बुक करने पर नॉन-एसी टिकटों पर 10 रुपये और एसी टिकटों पर 20 रुपये की अतिरिक्त राशि वसूलता है, और यदि हां, तो कैशलेस अर्थव्यवस्था और यूपीआई को बढ़ावा देने की सरकारी नीति के बावजूद यह शुल्क क्यों लिया जाता है। इसके जवाब में मंत्री वैष्णव ने कहा, ''आईआरसीटीसी ऑनलाइन टिकटिंग सुविधा उपलब्ध कराने में पर्याप्त खर्च करना पड़ता है, और टिकटिंग ढांचे के रखरखाव, उन्नयन और विस्तार की लागत की भरपाई के लिए एक अत्यंत मामूली सा सुविधा शुल्क वसूला जाता है।'' उन्होंने यह भी कहा कि ऑनलाइन टिकट बुकिंग भारतीय रेलवे की सबसे अधिक यात्री अनुकूल पहलों में से एक है, और वर्तमान में लगभग 87 प्रतिशत आरक्षित टिकट ऑनलाइन ही बुक किए जा रहे हैं।

## रेल किराये पर 2023-24 में 60,466 करोड़ की सब्सिडी दी गई, एक जुलाई से मामूली किराया बढ़ा : सरकार

सरकार ने बताया कि भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2023-24 में यात्री किराये पर 60,466 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी है, जो यात्री परिवहन लागत का लगभग 45 प्रतिशत है। रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक प्रश्न के लिखित लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी देते हुए बताया कि सब्सिडी के तहत अगर किसी यात्रा की वास्तविक लागत 100 रुपये है, तो यात्री को सिर्फ 55 रुपये चुकाने पड़ते हैं। वैष्णव ने बताया कि यह सब्सिडी सभी यात्रियों को दी जाती है, और इसके अतिरिक्त दिव्यांगजन, 11 श्रेणियों के रोगी और आठ श्रेणियों के छात्र वर्गों को रियायतें भी जारी हैं। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों के अंतराल के बाद, एक जुलाई 2025 से रेल किरायों में मामूली संशोधन किया गया है। इसमें प्रीमियम श्रेणियों के लिए किराये में वृद्धि आधा पैसा प्रति किलोमीटर से लेकर दो पैसे प्रति किलोमीटर तक सीमित है।

## जब भाजपा की जीत होती है तो राहुल गांधी चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगा देते हैं: हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को दावा किया कि जब भी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत होती है तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष पहले कांग्रेस की चुनावी हार के लिए 'इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन' (ईवीएम) को दोषी ठहरा रहे थे, लेकिन अब वह वोट चोरी की ओर इशारा कर रहे हैं। शर्मा ने बृहस्पतिवार को गांधी के उस दावे का जवाब दिया, जिसमें उन्होंने भाजपा और निर्वाचन आयोग के बीच मिलीभगत के जरिये चुनावों में 'बड़े पैमाने पर आपराधिक धोखाधड़ी' होने का आरोप लगाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि



देश भर के कई निर्वाचन क्षेत्रों में 'वोट चोरी मॉडल' का इस्तेमाल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने उदलगुड़ी में एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बातचीत में कहा, ''जब राहुल गांधी चुनाव जीतते हैं, तो सब कुछ ठीक होता है। जब भाजपा जीतती है, तो वह कहते हैं कि कुछ गड़बड़ है।''

## दुर्भाग्यपूर्ण त्रासदी का शिकार हुई एअर इंडिया को ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है? : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एअर इंडिया की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य पहलुओं की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की नियुक्ति का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। न्यायालय ने याचिकाकर्ता से पूछा कि सिर्फ उस एयरलाइन को ही निशाना क्यों बनाया जा रहा है, जो एक दुर्भाग्यपूर्ण त्रासदी का शिकार हुई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने याचिकाकर्ता नरेन्द्र कुमार गोस्वामी से कहा कि वह अपनी जनहित याचिका वापस ले लें और अगर कोई शिकायत है, तो उचित मंच पर जाएं। गोस्वामी एक वकील हैं। पीठ ने कहा, ऐसी धारणा न बने कि आप आप दूसरी एयरलाइन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। सिर्फ एअर इंडिया को ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है, जो हाल ही में एक दुर्भाग्यपूर्ण त्रासदी का शिकार हुई है? अगर आप कोई नियामक व्यवस्था चाहते हैं, तो आपने अपनी याचिका में दूसरी एयरलाइन को पक्ष क्यों नहीं बनाया? सिर्फ एअर इंडिया को ही क्यों? याचिकाकर्ता ने दावा किया कि वह एयरलाइन के साथ हुई किसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना का पीड़ित है। इसके बाद न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने उनसे कहा, हम भी हर हफ्ते यात्रा करते हैं और जानते हैं कि स्थिति क्या है। एक त्रासदी हुई, जो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण। यह किसी एयरलाइन की आलोचना करने का समय नहीं है।

## मैं चुनावी धोखाधड़ी के कारण 2019 का लोकसभा चुनाव हारा: खरगे

**बेंगलुरु :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को दावा किया कि गुलबर्गा संसदीय क्षेत्र से 2019 के लोकसभा चुनाव में उनकी हार 'चुनावी धोखाधड़ी' कारण हुई थी। खरगे को अपने राजनीतिक जीवन में 2019 को छोड़कर कभी हार का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने यहां कांग्रेस की 'वोट अधिकार रैली' में दावा किया कि वह चुनावी धांधली का शिकार हुए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''मैंने अपने जीवन में 12 से ज्यादा चुनाव जीते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में मैं अपने जीवन में पहली बार चुनावी धोखाधड़ी के कारण हार गया था।''



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सफाई कर्मचारियों के साथ रक्षाबंधन मनाया

## एमएसपी समिति की अब तक 45 बैठकें हो चुकी हैं : कृषि मंत्री चौहान



**नयी दिल्ली :** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यसभा को बताया कि पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल की अध्यक्षता वाली न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) संबंधी समिति की अब तक 45 बैठकें हो चुकी हैं। यह समिति जुलाई 2022 में गठित की गई थी। चौहान ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को बताया कि छह मुख्य बैठकें और उप-समितियों की 39 बैठकें हो चुकी हैं। उन्होंने ज़ोर दिया कि सरकार देश के किसानों तक एमएसपी का पूरा लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने बताया कि समिति का गठन एमएसपी प्रणाली को और अधिक प्रभावी तथा पारदर्शी बनाने के सुझाव देने के लिए किया गया था। इसके अतिरिक्त, समिति को कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) को अधिक स्वायत्तता देने की व्यवहार्यता तथा इसे और अधिक वैज्ञानिक बनाने के तरीकों की जांच करने के लिए कहा गया था।

# कन्हैया लाल के बेटों ने 'उदयपुर फाइल्स' फिल्म देखी, न्याय की गुहार लगाई

**जयपुर :** उदयपुर में साल 2022 में नृशंस तरीके से मारे गए कन्हैया लाल के बेटों ने बृहस्पतिवार को इस हत्याकांड पर आधारित फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' देखी। यह फिल्म शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। कन्हैयालाल के दोनों बेटों यश और तरुण ने उदयपुर के एक सिनेमा हॉल में फिल्म देखी, जहां कन्हैया लाल को श्रद्धांजलि देने के लिए एक सीट आरक्षित रखी गई थी। सिनेमा हाल में यश व तरुण के बीच वाली सीट पर कन्हैयालाल की तस्वीर रखी थी। इस फिल्म में कन्हैयालाल का सिर कलम किए जाने के हृदयविदारक दृश्य को देखकर इन दोनों की आंखें नम हो गईं और वे



सुबकते दिखे। एक बेटे ने कहा, ''लंबे संघर्ष के बाद आखिरकार फिल्म रिलीज हो गई है। तीन साल से हम न्याय के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन हमें अभी तक न्याय नहीं मिला है। हमें उम्मीद है कि देश के लोग आरोपियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने में हमारा साथ देंगे।'' फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दो लोगों ने एक धारदार हथियार से कन्हैया लाल की निर्ममता से हत्या कर दी। फिल्म देखने आए लोगों ने भी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। भारत एस. श्रीनेत द्वारा निर्देशित इस फिल्म में विजय राज और प्रीति झंगियानी जैसे कलाकार भी हैं। उल्लेखनीय है कि जून 2022 में उदयपुर के व्यस्त हाथीपोल इलाके में दर्जी कन्हैया लाल की उनकी दुकान में धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी गई थी।

## अमेरिका से सैन्य साजो समान खरीद रोकने की खबरें 'झूठी और मनगढ़ंत' : रक्षा मंत्रालय के सूत्र

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने भारत द्वारा अमेरिका के साथ नयी रक्षा खरीद से संबंधित वार्ता रोकने की मीडिया में आ रही खबरों को शुक्रवार को खारिज करते हुए उन्हें ''झूठा और मनगढ़ंत'' करार दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि खरीद के विभिन्न मामलों में मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार आगे बढ़ाया जा रहा है। एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया प्रतिष्ठान ने अपनी खबर में दावा किया था कि भारत ने संभवतः नयी रक्षा-संबंधी खरीद की अपनी योजनाओं को स्थगित कर दिया है।

## भागीरथ फॉर गुड कॉसेस फाउंडेशन ने किया वृक्षारोपण

**जयपुर :** भागीरथ गुड कॉसेस फाउंडेशन द्वारा वर्षा ऋतु 2025 में अगस्त को जयपुर शहर के विभिन्न विकासशील पार्कों में विभिन्न तरह के फल एवं छायादार पौधों का रोपण



किया गया। इस अवसर पर विभिन्न गण मान्य नागरिकों के साथ संस्था के निदेशक डॉक्टर सुरेश सैनी भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एक पेड़ मां के नाम पर भी इस अभियान को समर्पित किया गया। यह ऐसा अवसर था जिसमें लोगों ने स्वयं अपनी इच्छा के अनुसार फलदायक एवं छायादार पौधे रोपण किये और उसे पानी देने का भी संकल्प किया, ताकि वह जीवित रह सके।

# उत्तरकाशी में 650 लोगों को बाहर निकाला गया, सेना ने नदी पर पुल बनाया

**उत्तरकाशी :** आपदाग्रस्त धराली में मलबे के ऊंचे ढेरों के बीच शुक्रवार को खोजी कुत्तों, ड्रोन और बचावकर्मियों की सहायता से लापता लोगों की तलाश जारी रही जबकि फंसे हुए 250 श्रद्धालुओं तथा स्थानीय व्यक्तियों को बाहर निकाल लिया गया। चार दिन पहले बादल फटने के कारण खीरगाड़ बरसाती नाले में आयी भीषण बाढ़ में आधा धराली गांव तबाह हो गया था तथा कई लोग लापता हो गए थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मंगलवार से अब तक 650 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है जिनमें से 400 बृहस्पतिवार को और 250 अन्य लोग शुक्रवार को निकाले गए। उन्होंने कहा कि शेष लोगों को भी जल्द ही निकाल लिया जाएगा। उत्तरकाशी के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तीन दिन तक बाधित रही संचार सेवाएं शुक्रवार को बहाल हो गयी। अधिकारियों ने



उम्मीद जताई कि इससे बचाव कार्यों में तेजी लाने में मदद मिलेगी। धराली से लौटने के बाद धामी ने संवाददाताओं से कहा, इंटरनेट कनेक्टिविटी बहाल हो गयी है। प्रभावित क्षेत्र में एयरटेल ने काम करना शुरू कर दिया है। इससे बचाव अभियान में तेजी आएगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि धराली, हर्षिल और उत्तरकाशी के बीच सड़के अवरूद्ध हैं या टूट हुई हैं और बिजली आपूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित है। उन्होंने कहा कि एक जनरेटर सेट उत्तरकाशी लाया गया है जिसे प्रभावित क्षेत्र में पहुंचाया जाएगा। बचाव और राहत कार्यों पर करीब से निगाह रखने के लिए तीन दिन तक यहां डेरा डाले रहे मुख्यमंत्री ने कहा, 'स्थिति निश्चित रूप से कठिन है लेकिन हम जल्दी से जल्दी चीजों को पटरी पर वापस लाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गंगनानी के पास लिंचागाड़ पर बैली पुल बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है।


## सियालदह एवं रानाघाट स्टेशनों के बीच एसी ईएमयू लोकल का शुभारम्भ

देश के पूर्वी क्षेत्र में पहली बार एसी ईएमयू ट्रेन का शुभारम्भ किया जाएगा, जो सियालदह-रानाघाट अनुभाग में चलेगी। इस संबंध में एक उद्घाटनी स्पेशल ट्रेन अर्थात् **01637 सियालदह-रानाघाट एसी ईएमयू स्पेशल दिनांक 10.08.2025 (रविवार)** को लगभग **दोपहर 12.00 बजे** सियालदह से रवाना होगी एवं मार्ग में बिधाननगर रोड, दमदम जंक्शन, सोदपुर, खड़दह, बैरकपुर, नैहाटी, कांचरापाड़ा, कल्याणी एवं चाकदह स्टेशनों पर ठहरेगी।

एसी ईएमयू ट्रेन अर्थात् **31638/31637 रानाघाट-सियालदह-रानाघाट एसी ईएमयू लोकल** की नियमित यात्रा **दिनांक 11.08.2025 से** आरम्भ होगी एवं नीचे उल्लेखित संभावित अनुसूची के अनुसार चलेगी :-

| स्टेशन | 31638 रानाघाट-सियालदह | | 31637 सियालदह-रानाघाट | |
|---|---|---|---|---|
| | ↓ आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| रानाघाट | - | 08.29 | 20.32 | - |
| चाकदह | ठहरेगी | 08.39 | 20.17 | 20.18 |
| कल्याणी | ठहरेगी | 08.52 | 20.03 | 20.04 |
| कांचरापाड़ा | ठहरेगी | 08.56 | 19.57½ | 19.58½ |
| नैहाटी | 09.07 | 09.08 | 19.49 | 19.50 |
| बैरकपुर | 09.27 | 09.28 | 19.25 | 19.26 |
| खड़दह | ठहरेगी | 09.34 | 19.18 | 19.19 |
| सोदपुर | ठहरेगी | 09.38 | 19.13 | 19.14 |
| दमदम जंक्शन | 09.51 | 09.52 | 19.03 | 19.04 |
| बिधाननगर रोड | ठहरेगी | 09.56 | ठहरेगी | 18.58½ |
| सियालदह | 10.10 | - | - | 18.50 ↑ |

एसी ईएमयू लोकल की किराया तालिका

| दूरी (किमी) | यात्रा टिकट किराया (रु.) | सीजन टिकट किराया (रु.) |
|---|---|---|
| 1-5 | 35 | 620 |
| 6-10 | 35 | 620 |
| 11-15 | 40 | 820 |
| 16-20 | 60 | 1260 |
| 21-25 | 60 | 1275 |
| 26-30 | 85 | 1705 |
| 31-35 | 85 | 1715 |
| 36-40 | 90 | 1810 |
| 41-45 | 90 | 1820 |
| 46-50 | 95 | 1985 |
| 51-55 | 100 | 2040 |
| 56-60 | 105 | 2115 |
| 61-65 | 105 | 2125 |
| 66-70 | 110 | 2290 |
| 71-75 | 120 | 2430 |
| 76-80 | 120 | 2440 |
| 81-85 | 130 | 2615 |
| 86-90 | 130 | 2640 |
| 91-95 | 130 | 2660 |
| 96-100 | 140 | 2815 |

मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह

पूर्व रेलवे



## स्थानीय/स्वदेशी उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए हावड़ा मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्टॉल/कियोस्क

'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा द्वारा स्वदेशी उत्पादों से संबंधित व्यक्तियों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्गों आदि से हावड़ा मंडल के 109 स्टेशनों पर 116 स्टॉलों के लिए **"एक स्टेशन एक उत्पाद"** योजना में भागीदारी के लिए आवेदन आमंत्रित करते हैं। **योजना की मुख्य विशेषताएँ:- (1) परियोजना की अवधि:** केवल हावड़ा स्टेशन पर स्टॉलों के लिए 15 दिन तथा बाकि स्टेशनों (हावड़ा स्टेशनों के स्टॉलों को छोड़कर) पर स्टॉलों के लिए 15 दिन से 90 दिन तक की अवधि। **(2) स्टालों की संख्या:** हावड़ा स्टेशन पर **03 (तीन)**; बोलपुर शांतिनिकेतन स्टेशन पर **03 (तीन)**; मेमारी स्टेशन पर **02 (दो)**; रामपुरहाट स्टेशन पर **02 (दो)**; बर्धमान स्टेशन पर **02 (दो)** और हावड़ा मंडल के बाकि **104 स्टेशनों** पर **01 (एक)**। **हावड़ा मंडल, पूर्व रेलवे के विभिन्न चिन्हित स्टेशनों पर ओएसओपी स्टॉलों की सूची:** ● आदिसप्तग्राम, अग्रद्वीप, अहमदपुर जं., अंबिका कालना, आरामबाग, अजीमगंज जं., अजीमगंज सिटी, बागिला, बाघनापारा, बाहिरखंड, बैद्यबटी, बैंची, बैंचीग्राम, बालागढ़, बालारामबती, बालगोना, बल्ली, बैण्डेल जं., बांशबेरिया, बारुईपारा, बाजार साव, बेगमपुर, बेहुला, बेलानगर, बेलेर हाट, बेलमुरी, बेलूर, भद्रेश्वर, भांडारटिकुरी, भेदिया, बिष्णुप्रिया हॉल्ट, चंदननगर, चंदनपुर, चुंचुड़ा, दाईहाट, डानकुनि जं., देबीपुर, दियारा, गंगाटिकुरी, गंगपुर, गरीफा, गोबरा, गुप्तिपारा, गुराप, गुस्करा, हरिपाल, हाजीगढ़, हिंदमोटर, हुगली, हुगली घाट, जनाई रोड, जौग्राम, झपांडंगा, जिरात, झापानडांगा, जिराट, कैकला, कामारकुण्डू, खागराघाट रोड, खामरगाछी, खाना जं., खानियान, कोन्नगर, कुंतीघाट, लक्ष्मीपुर, लिलुआ, लोकनाथ, मधुसूदनपुर, मल्लारपुर, मानकुंण्डू, मसाग्राम, मायापुर, मिर्ज़ापुर बांकीपुर, मगरा, नबद्वीप धाम, नबग्राम, नलहटी जं., नालिकुल, नसीबपुर, पाकुड़, पल्लारोड, पलसित, पुंडूआ, पाटुली, पोराबाजार, प्रांतिक, पुरबस्थली, राजग्राम, रसूलपुर, रिशरा, सैंथिया जं., शक्तिगढ़, सालार, समुद्रगढ़, सेवड़ाफुली जं., सिबाईचंडी, सिमलागढ़, सिंगुर, सोमरा बाजार, श्रीरामपुर, तलांदु, तलित, तारकेश्वर, ट्रिबेनी, उत्तरपारा स्टेशन प्रत्येक पर एक स्टॉल। ● मेमारी, रामपुरहाट और बर्द्धमान जं. स्टेशनों में प्रत्येक पर दो स्टॉल ● हावड़ा और बोलपुर (शांतिनिकेतन) स्टेशनों में प्रत्येक पर तीन स्टॉल। **(3) पंजीकरण शुल्क: ● रु.500/-** (जीएसटी सहित) 15 दिनों तक **गुश्कारा, अहमदपुर, भेदिया, खाना, तलित, प्रांतिक, पाकुड़, मल्लारपुर, नलहटी, राजग्राम, सैंथिया, अजीमगंज सिटी, अजीमगंज जंक्शन, बाजार सौ, गंगाटिकुरी, खगराघाट रोड और सालार स्टेशन** पर स्टॉल के लिए विन्यास लागू होगा। ● **रु.1000/-** (जीएसटी सहित) 15 दिनों तक बाकी स्टेशनों के लिए यह विन्यास जारी रहेगी। **(4) आधारभूत संरचना:** ● स्टॉल रेलवे द्वारा प्रदान किए जाएंगे। ● **15 दिनों की** अवधि के लिए प्रति ओएसओपी स्टॉल **20 यूनिट** बिजली शुल्क की अनुमति है, जो पंजीकरण शुल्क में शामिल बुनियादी सुविधा के रूप में होगा। 15 दिनों से अधिक की अवधि के लिए आनुपातिक आधार पर बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। बुनियादी सुविधा यूनिट के अतिरिक्त, वास्तविक आधार पर प्रयोज्य शुल्क लागू रहेगा। **(5) पात्रता मानदंड:** ● डेवलपमेंट कमिश्नर हैंडिक्राफ्ट्स, डेवलपमेंट कमिश्नर हैंडलूम, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी आर्टिजन/वीवर आईडी कार्ड धारक। ● ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ट्राइफेड)/नेशनल हेडलूम डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनएचडीसी)/खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) आदि से नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार। ●पीएमईजीपी (प्राइम मिनिस्टर्स एम्प्लॉयमेंट जेनरेशन प्रोग्राम) से पंजीकृत स्वयं सहायता समूह। ● समाज के हाशिए पर रहनेवाले या कमजोर वर्ग। ● एमएसएमई मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यम से जुड़े व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार आदि एवं एनजीओ। ● सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार निकायों आदि से जुड़े व्यक्ति/ कारीगर/ बुनकर/ शिल्पकार आदि (हालांकि, किसी अलग लोगो की अनुमति नहीं होगी)। **(6) एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में:** चयन/प्राथमिकता हेतु खुली लॉटरी/सार्वजनिक ड्रॉ निकाला जाएगा। संगठन के लेटरहेड/सादे सफेद कागज़ पर आवेदन, साथ में दस्तावेज़ की फोटोकॉपी (पात्रता मानदंड में उल्लिखित) के साथ, **वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पूर्व रेलवे/हावड़ा, नए मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय (चौथी मंजिल), रेलवे संग्रहालय के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101** को संबोधित, सीलबंद लिफाफे में जमा करना होगा। ● हावड़ा स्टेशन के अलावा अन्य स्टॉलों के लिए (i) ऊपर वर्णित स्टेशनों (हावड़ा स्टेशन को छोड़कर) पर ओएसओपी स्टॉल के लिए दस्तावेजों के साथ विस्तृत आवेदन संबंधित स्टेशन के स्टेशन मास्टर/स्टेशन प्रबंधक के कार्यालय के बाहर निर्दिष्ट स्थान पर एक सीलबंद लिफाफे में जमा किया जाना चाहिए। (ii) एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में स्टेशनों पर ओएसओपी स्टॉल के लिए संबंधित स्टेशनों पर खुली लॉटरी/सार्वजनिक ड्रॉ निकाला जाएगा। ● **हावड़ा स्टेशन पर स्टॉल के लिए: (i)** ओएसओपी स्टॉल के लिए दस्तावेजों सहित विस्तृत आवेदन पत्र सीलबंद लिफाफे में **दिनांक 22.08.2025 को 14:00 बजे के भीतर वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पूर्व रेलवे/हावड़ा, नवीन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय (चतुर्थ तल), रेलवे संग्रहालय के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101 के कार्यालय में जमा किया जाना चाहिए। (ii) हावड़ा स्टेशन पर स्टॉल के लिए एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में दिनांक 22.08.2025 को 15:00 बजे वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पूर्व रेलवे/हावड़ा** के कार्यालय में खुली लॉटरी/सार्वजनिक ड्रॉ निकाला जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, हावड़ा**

पूर्व रेलवे

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# अमेरिका समेत कई देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा भारत: गोयल



**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत अमेरिका सहित कई देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है और व्यापार के मोर्चे पर कई भारत के साथ जुड़ने को इच्छुक हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का निर्यात पिछले वर्ष के आंकड़ों से अधिक होगा। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का वस्तु और सेवा निर्यात 82.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर रहा। उन्होंने कहा, हम ओमान, यूरोपीय संघ, अमेरिका, चिली, पेरू, न्यूजीलैंड समेत कई देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं। कई अन्य देश भारत के साथ बातचीत शुरू करना चाहते हैं। गोयल ने एक कार्यक्रम में कहा, आज पूरी दुनिया भारत की ताकत और हमारी विशाल आबादी को पहचानती है। 140 करोड़ लोग मिलकर एक बहुत बड़ी मांग और एक विशाल घरेलू बाजार बनाते हैं। अगर ऐसा नहीं होता, तो आप ही सोचिए कि हर कोई भारत के साथ व्यापार करने या यहां के बाजार तक बेहतर पहुंच बनाने के लिए इतना उत्सुक क्यों होता। भारत और अमेरिका मार्च से द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अगले दौर की वार्ता के लिए, एक अमेरिकी दल 25 अगस्त से भारत आने वाला है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत ने हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया, ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र) और ब्रिटेन सहित कई देशों के साथ व्यापार समझौते किए हैं। गोयल से जब पूछा गया कि भारत मौजूदा वैश्विक व्यापार व्यवस्था और अमेरिका द्वारा लगाए गए अतिरिक्त शुल्क से कैसे निपटेगा, तो उन्होंने कहा, मुझे वैश्वीकरण में कोई कमी नहीं दिखती। मैं देख रहा हूं कि देश अपने व्यापार मार्गों और साझेदारों को नए सिरे से तैयार कर रहे हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि इस साल भारत का निर्यात पिछले साल से ज्यादा होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और विश्व भारत की ओर देख रहा है। गोयल ने कहा, पूरी दुनिया हमें सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में पहचानती है। हम वैश्विक वृद्धि में 16 प्रतिशत का योगदान दे रहे हैं, हमारी मुद्रास्फीति अन्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में दुनिया में सबसे कम है...। हमारी वृहद आर्थिक बुनियाद सबसे अच्छी है।

# रूसी तेल की खरीद को लेकर सरकार से नहीं मिला कोई निर्देश: एचपीसीएल चेयरमैन




**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी एचपीसीएल के चेयरमैन विकास कौशल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने रूसी तेल की खरीद को रोकने या जारी रखने को लेकर कोई निर्देश नहीं दिया है और पेट्रोलियम कंपनियां केवल आर्थिक आधार पर इस बारे में फैसला कर रही हैं। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के तिमाही नतीजों पर निवेशकों के साथ चर्चा के दौरान कौशल ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में एचपीसीएल द्वारा रिफाइन किए गए कुल कच्चे तेल में रूसी तेल की हिस्सेदारी 13.2 प्रतिशत रही और इसकी आपूर्ति पूरी तरह बंद होने पर भी कोई 'महत्वपूर्ण' असर नहीं पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो दिन पहले ही रूसी तेल आयात जारी रखने की वजह से भारतीय उत्पादों के आयात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। इसके साथ ही अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर अब कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा। ट्रंप की इस घोषणा के बाद सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों पर रूसी तेल की खरीद को लेकर सरकार से निर्देश आने की संभावना जताई जा रही थी। हालांकि कौशल ने कहा, सरकार की ओर से रूसी तेल का आयात बंद करने या (जारी रखने) के लिए कोई भी दिशानिर्देश या निर्देश नहीं आया है। हम विशुद्ध रूप से व्यावसायिक गुणदोष के आधार पर आयात करने के लिए स्वतंत्र हैं।

# शुल्क चिंता में सेंसेक्स ने 765 अंक का गोता लगाया, निफ्टी भी 233 अंक फिसला



**मुंबई :** विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने और अमेरिकी शुल्क से जुड़ी चिंताओं के बीच शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार में भारी गिरावट आई और सेंसेक्स 765 अंक लुढ़क गया। निफ्टी में भी 233 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल जैसी प्रमुख कंपनियों में भारी बिकवाली से भी बाजार पर दबाव पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 765.47 अंक यानी 0.95 प्रतिशत गिरकर 80,000 के स्तर से नीचे 79,857.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 847.42 अंक टूटकर 79,775.84 अंक पर आ गया था। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,507 शेयर गिरावट में रहे जबकि 1,521 शेयरों में तेजी रही और 145 अन्य अपरिवर्तित रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी 232.85 अंक यानी 0.95 प्रतिशत गिरकर 24,363.30 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार छठा कारोबारी सप्ताह है जब बाजार नुकसान में रहा है। बीएसई सेंसेक्स में इस हफ्ते कुल 742.12 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि एनएसई निफ्टी 202.05 अंक यानी 0.82 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शुक्रवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

|| स्मृति : आपको कभी भूला न पायेंगे ||



हम सभी के प्रिय **पूनम कुमार**
(सुपुत्र : स्व. सांवरमल जी सुनालिया, नवलगढ़ निवासी)
का आकस्मिक स्वर्गवास हो गया है।

**स्मृति सभा** 'श्री मैढ़ क्षत्रिय सभा' 'स्वर्णकार भवन' कलाकार स्ट्रीट, कोलकाता में रविवार, दिनांक 10 अगस्त 2025 को दोपहर 2 बजे से सायं 4 बजे तक होगी।

-:: शोकाकुल ::-
**प्रेमलता** (चाचीजी) **अमृता** (धर्मपत्नी) **राजेन्द्र, जितेन्द्र** (भाई)
**सुलोचना-रमेश जी सुल्तानिया** (बहन-बहनोई)
**आकाश, कर्ण, शुभम, युवराज** (भतीजा)
**चिराग (पुत्र)** एवम् समस्त **सुनालिया (सोनी)** परिवार
**ननिहाल पक्ष : उमाशंकर आसट**
(लक्ष्मणगढ़, जयपुर, कोलकाता) एवम् **आसट** परिवार
**ससुराल पक्ष : मनीष सोनी (पुत्र : स्व. गोविन्द जी कुल्थिया)**
एवम् समस्त **कुल्थिया** परिवार **(रांची, रिसड़ा)**
**निवास :** 'मातेश्वरी सदन' 49/19, रविन्द्र सरणी, रिसड़ा, हुगली
**सम्पर्क :** 8777627650, 9874155577

## न्यूज ब्रीफ

### विदेशी मुद्रा भंडार 9.32 अरब डॉलर घटकर 688.87 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार एक अगस्त को समाप्त सप्ताह में 9.32 अरब डॉलर घटकर 688.87 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.70 अरब डॉलर बढ़कर 698.19 अरब डॉलर हो गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, एक अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 7.32 अरब डॉलर घटकर 581.61 अरब डॉलर रहा। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.71 अरब डॉलर घटकर 83.99 अरब डॉलर रहा।

### दुर्लभ खनिज की आपूर्ति समस्या का उत्पादन पर कोई प्रभाव नहीं: टाटा मोटर्स समूह सीएफओ

**नयी दिल्ली :** इलेक्ट्रिक कारों में इस्तेमाल होने वाली दुर्लभ खनिज चुम्बकों की कमी का टाटा मोटर्स और जैगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) के वाहनों के उत्पादन पर कोई असर नहीं पड़ा है और निकट भविष्य में भी इसका असर होने की आशंका नहीं है। टाटा मोटर्स समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) पी बी बालाजी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पी बी बालाजी ने कहा कि हालांकि आने वाले कुछ दिनों में कुछ चुनौतियां आ सकती हैं, लेकिन कंपनी की टीम उन समस्याओं को सुलझाने में लगी है और वे पूरी तरह से जोखिम से मुक्त होने के आश्वासन देते हैं।

### भारती एयरटेल की प्रवर्तक इकाई ने 11,227 करोड़ रुपये में लगभग एक प्रतिशत हिस्सेदारी बेची

**नयी दिल्ली :** सुनील भारती मित्तल प्रवर्तित इकाई इंडियन कॉन्टिनेंट इन्वेस्टमेंट लि. ने शुक्रवार को खुले बाजार लेनदेन के माध्यम से दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल में लगभग एक प्रतिशत हिस्सेदारी 11,227 करोड़ रुपये में बेची। इंडियन कॉन्टिनेंट इन्वेस्टमेंट लि. (आईसीआईएल) गुरुग्राम स्थित भारती एयरटेल के प्रवर्तकों में से एक है। एनएसई पर उपलब्ध थोक सौदे के आंकड़ों के अनुसार, इंडियन कॉन्टिनेंट इन्वेस्टमेंट ने दो किस्तों में कुल छह करोड़ इक्विटी शेयर या भारती एयरटेल में 0.98 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची। शेयरों का निपटान 1,870.40-1,871.95 रुपये प्रति शेयर के मूल्य दायरे में किया गया।

# सरकार डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम में बदलाव के लिए तैयार नहीं

**नयी दिल्ली :** सरकार को डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम, 2023 में अब किसी बदलाव की गुंजाइश नहीं दिख रही है और पत्रकारों एवं नागरिक अधिकार संगठनों की तरफ से उठाए गए मुद्दों पर जल्द ही विस्तृत जवाब दिया जाएगा। एक आधिकारिक सूत्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पत्रकार संगठनों और नागरिक अधिकार समूहों ने बुधवार को आशंका जताई थी कि इस कानून के प्रावधान सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून को कमजोर कर सकते हैं और प्रेस की स्वतंत्रता भी खतरे में पड़ सकती है। आधिकारिक सूत्र ने कहा, डीपीडीपी अधिनियम संसद से पारित हो चुका है लिहाजा अब इसमें संशोधन संभव नहीं है। नियम निर्धारित किए जा रहे हैं जो केवल अधिनियम के दायरे में ही बनाए जा सकते हैं। सूत्र ने कहा कि डीपीडीपी अधिनियम और मसौदा नियमों को विभिन्न संस्थानों से मिले हजारों सुझावों के आधार पर तैयार किया गया है। डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम से संबंधित अक्सर पूछे जाने वाले सवालों (एफएक्यू) की सूची के बारे में सूत्र ने कहा कि सरकारी आश्वासन के अनुरूप इसे जल्द ही जारी किया जाएगा। कांग्रेस नेता जयराम रमेश, वकील प्रशांत भूषण, पूर्व न्यायाधीश ए.पी. शाह और नागरिक अधिकार कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज सहित कई लोगों ने डीपीडीपी अधिनियम को लेकर संदेह जताया है। उनका कहना है कि इस कानून के जरिये व्यक्तिगत जानकारी साझा करने पर रोक लगने से आरटीआई के तहत भ्रष्टाचार उजागर करने, योजनाओं की निगरानी और फाइलों की स्थिति जानने में बाधा आएगी।

# एसबीआई का पहली तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 19,160 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली :** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 19,160 करोड़ हो गया। बैंक का गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 17,035 करोड़ रुपये रहा था। भारतीय स्टेट बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 1,35,342 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले 1,22,688 करोड़ रुपये थी। बैंक द्वारा अर्जित ब्याज आय बढ़कर 1,17,996 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह 1,11,526 करोड़ रुपये थी। परिचालन लाभ भी सालाना आधार पर 26,449 करोड़ रुपये से बढ़कर 30,544 करोड़ रुपये हो गया। परिसंपत्ति गुणवत्ता की बात करें तो बैंक की जून तिमाही के अंत में सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) घटकर सकल अग्रिमों का 1.83 प्रतिशत रह जाने के साथ इसमें सुधार हुआ जो एक साल पहले 2.21 प्रतिशत थी। इसी प्रकार, शुद्ध एनपीए या खराब ऋण भी सालाना आधार पर 0.57 प्रतिशत से घटकर 0.47 प्रतिशत हो गया।

# सोना 800 रुपये चढ़कर 1,03,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर

**नयी दिल्ली :** स्टॉकिस्टों की लगातार खरीदारी के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 800 रुपये बढ़कर 1,03,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,600 रुपये बढ़कर 1,02,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए बंद स्तर पर रही थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 800 रुपये बढ़कर 1,03,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके साथ यह बृहस्पतिवार के 1,02,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने पिछले सर्वकालिक उच्च स्तर को पार कर गया। पिछले पांच सत्रों में सोने की कीमतों में 5,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की वृद्धि हुई है।

# कंपनियों के स्वतंत्र निदेशक को जवाबदेही का संरक्षक माना जाए: सेबी प्रमुख

**नयी दिल्ली :** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को स्वतंत्र निदेशकों की भूमिका को नए सिरे से परिभाषित करने का समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें 'जवाबदेही का संरक्षक' माना जाना चाहिए। पांडेय ने 'वार्षिक निदेशक सम्मेलन 2025' को संबोधित करते हुए कहा, 'हम उन्हें केवल मानद नियुक्ति या मित्रवत आलोचक के रूप में देखना जारी नहीं रख सकते। उन्हें 'जवाबदेही के संरक्षक' के रूप में देखा और माना जाना चाहिए।' उन्होंने कहा कि धारणा को बदलने के लिए कई क्षेत्रों में बदलाव करने होंगे। स्वतंत्र निदेशकों को असहमति जताने में स्वतंत्र होना चाहिए और कृत्रिम मेधा (एआई) संचालन, साइबर खतरों एवं ईएसजी खुलासों जैसे उभरते जोखिमों की समझ होनी चाहिए।

### जीईएम पोर्टल के जरिये विदेशों से भी वस्तुएं खरीदने की होगी सुविधा

**नयी दिल्ली :** सरकार के सार्वजनिक खरीद पोर्टल गवर्नमेंट ई-मार्केट (जीईएम) में इस साल एक नई सुविधा जोड़ी जाएगी। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्पादों की खरीद के लिए निविदा जारी किए जा सकेंगे। इस सुविधा... वैश्विक निविदा पूछताछ... से बोली लगाने की प्रक्रिया ज्यादा प्रतिस्पर्धी होगी। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत धीरे-धीरे मुक्त व्यापार समझौतों के तहत अपनी सरकारी खरीद का बाजार विदेशी कंपनियों के लिए खोल रहा है। भारत ने संयुक्त अरब अमीरात और ब्रिटेन के साथ हुए व्यापार समझौतों में इसकी अनुमति दी है। यह कदम अंतरराष्ट्रीय विक्रेताओं से खरीदारी को सुगम बनाएगा, जिससे मंत्रालयों और विभागों को वस्तुओं तथा सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच प्राप्त होगी।

नैनं छिन्दंति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥

|| शोक संवाद ||



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी प्रिय
**श्रीमती सत्यभामा सोती**
(धर्मपत्नी : श्री बनवारीलाल शर्मा 'सोती')
का देहावसान श्रावण शुक्ल चतुर्दशी, संवत 2081
शुक्रवार, दि. 08/08/2025 को हो गया है।

**बैठक :**
रविवार, दि. 10/08/2025 से शुक्रवार दि. 15/08/2025
दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक हमारे निवास स्थान पर होगी।

**निवास स्थान :** 2ए, प्रिटोरिया स्ट्रीट, कोलकाता-700071

शोक संतप्त :
रामकुमार, छबील दास (जेठ), महेन्द्र कुमार (देवर)
शंकर-मीनाक्षी, त्रिलोचन-विशाखा, गिरीश-सलोनी (पुत्र-पुत्रवधू)
जितेन्द्र-उमा (जवांई-पुत्री), केशव, प्रणय, लक्ष्य (पौत्र)
साक्षी-नवीन,दिव्या-आर्यमन (पौत्री-जवांई)
परिधि, हिमानी, काश्वी, सोनाक्षी, परिणीति (पौत्री)
एवं समस्त शर्मा-गोयल परिवार (कोलकाता-चूरू)

**एसोसिएटेड रोड कैरियर्स लि.**
सश्रद्ध : सोती चैरिटेबल ट्रस्ट
के समस्त कर्मचारीवृंद

# रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर चार साल में 28,483 करोड़ रुपये से अधिक का बिजली बकाया वसूलेगी

**नयी दिल्ली :** रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने शुक्रवार को कहा कि उसकी दो अनुषंगी कंपनियां बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड और बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड उच्चतम न्यायालय के एक फैसले के बाद 28,483 करोड़ रुपये का बिजली बकाया वसूल करेंगी। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के अनुसार, 31 जुलाई 2025 तक बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड और बीएसईएस राजधानी पावर का कुल बकाया 28,483 करोड़ रुपये है। बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड और बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर (आरइन्फ्रा) की बिजली वितरण कंपनियां (डिस्कॉम) हैं जो दिल्ली में 53 लाख मकानों को बिजली की आपूर्ति करती हैं। इनमें रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर की 51 प्रतिशत और दिल्ली सरकार की शेष 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। शेयर बाजार को दी सूचना में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनियां 'एक अप्रैल 2024 से पूर्वव्यापी रूप से शुरू होने वाले चार वर्ष में 28,483 करोड़ रुपये की नियामक परिसंपत्तियों की वसूली करेंगी।' उच्चतम न्यायालय के एक आदेश के बाद ऐसा किया जा रहा है जिसने नियामक परिसंपत्तियों की वसूली के लिए दिशानिर्देश निर्धारित किए हैं। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए निर्देश दिया था कि दिल्ली की तीन निजी बिजली वितरण कंपनियों को 27,200.37 करोड़ रुपये की वहन लागत समेत नियामक परिसंपत्तियों का भुगतान तीन साल के भीतर किया जाए।

**वर्ष 10, पूर्णांक 3322 अंक 132, RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in